e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 164
शनिवार
17.06.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

सफ़ल व्यक्ति अपने लिए हुए फ़ैसले से दुनिया बदलने की ताकत रखते हैं और असफ़ल व्यक्ति दुनिया के दर से अपने ही फ़ैसले बदल देते हैं।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 37°
न्युनतम 23°

### मुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव व सचिवों की उपस्थिति में जिलों के उपायुक्तों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

# श्रमिकों का पलायन हर हाल में रोकें : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्य में विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत क्या है ? सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट्स की प्रगति की क्या गति है ? गरीबों और जरूरतमंदों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में कितना आगे बढ़े हैं? जन समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारी कितने गंभीर हैं? इन्ही विषयों को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव व सचिव की उपस्थिति में जिलों के उपायुक्तों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। शुरुआत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा से हुई। मुख्यमंत्री ने इस सिलसिले में विभिन्न जिलों में मनरेगा की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण इलाकों से रोजगार की तलाश में मजदूरों का पलायन होने की बात लगातार सामने आ रही है। यह चिंताजनक है। सरकार ने रोजगार सृजन के लिए मनरेगा के तहत कई योजनाएं चला रही है। हर पंचायत में कम से कम पांच योजनाओं का संचालन होना है। इसे आप प्राथमिकता के साथ लागू करें। ताकि मजदूरों को अपने गांव -घर में रोजगार मिल सके।




**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया निर्देश**

* राशन कार्ड धारियों और लाभुकों को फलदार पौधा उपलब्ध कराएं

* विद्यालयों में महीने में एक दिन स्पोर्ट्स डे के रूप में मनाया जाए

* योजनाएं कागज पर नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए

* गांवों को ग्रीन करने में बिरसा हरित ग्राम योजना काफी कारगर साबित होगी



### अहम तथ्य

- राज्य के 4153 पंचायत में मनरेगा की योजनाएं हो रही है संचालित।
- चालू वित्त वर्ष में जून तक 297 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें अभी तक 240 लाख से ज्यादा मानव दिवस का सृजन हो चुका है जो लगभग 80 प्रतिशत है।
- राज्य के 9538 गांवों में बिरसा हरित ग्राम योजना का हो रहा है संचालन।
- चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 110 खेल मैदान किए जा चुके हैं विकसित।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल एवं मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे के अलावा विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव,सचिव और जिलों के उपायुक्त मौजूद हैं।

### राशन कार्ड धारियों और लाभुकों को फलदार पौधा उपलब्ध कराएं

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को कहा कि वे सभी राशन कार्ड धारियों और विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को कम से कम दो- दो फलदार पेड़ देना सुनिश्चित करें ।इससे ना सिर्फ ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी, वहीं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बेहतर कदम होगा।

### गांवों में भी खेल मैदान विकसित किए जाएं

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पंचायतों के बाद अब वैसे गांवों को चिन्हित करें, जहां ज्यादा आबादी है और वहां वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान विकसित किए जाएं, ताकि सरकार ने खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की जो योजना बनाई है, उसका बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो सके। शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं जो खेल में रुचि रखते हैं वैसे खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट्स उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इससे ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विद्यालयों में महीनें में एक दिन स्पोर्ट्स डे के रूप में मनाया जाय और इस दिन विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन हो। इसके अलावा विभिन्न माध्यमों से बच्चों और उनके अभिभावकों की इसकी सूचना दी जाए ताकि वे स्पोर्ट्स डे शामिल हो सकें। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग बच्चों के लिए भी इस तरह की खेल योजना बनाने का निर्देश दिया।



### जम्मू-कश्मीर एनकाउंटर में 5 आतंकी ढेर

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर में एलओसी से सटे कुपवाड़ा जिले के पास हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने पांच आतंकियों को ढेर कर दिया है। फिलाहाल सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेरा हुआ है और सर्च ऑप्रेशन जारी है। खबर है कि आतंकी घुसपैठ कर रहे थे। इससे पहले भी सेना ने 15 जून को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में आतंकी घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए नियंत्रण रेखा के पास से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए थे। अधिकारियों ने बताया कि कृष्णा घाटी सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान यह बरामदगी हुई है जिसमें स्टील कोर कारतूस और पाकिस्तान में बनी दवाइयां भी शामिल हैं।जम्मू में सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा कि भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक संयुक्त अभियान में सतर्क जवानों ने 14 और 15 जून की मध्यरात्रि को कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया था। सेना के अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने पुख्ता सूचना के आधार पर तलाशी अभियान शुरू किया और इस दौरान दो बैग मिले जिसमें एक एके-47 राइफल, नौ मैगजीन, 438 कारतूस, चार मैगजीन के साथ दो पिस्तौल और छह ग्रेनेड के अलावा कुछ कपड़े और दवाइयां थे।

## क्विक न्यूज

### गुजरात : 5120 बिजली के खंभे टूटे,4600 गांवों की बिजली गुल

**अहमदाबाद :** गुजरात के कच्छ और सौराष्ट्र में चक्रवात से 5,120 बिजली के खंभे टूटे हैं. जिसके चलते 4,600 गांवों की बत्ती गुल हो गई. हालांकि यहां किसी भी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है. वहीं अधिकारियों ने बताया कि 3,580 गांवों में बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गई है, जबकि 1,000 से अधिक गांवों में अभी भी बिजली नहीं है. इसके अलावा करीब 600 पेड़ इस तूफान में उखड़े हैं. इसके चलते तीन स्टेट हाइवे पर ट्रैफिक का संचालन ठप हो गया. वहीं सैकड़ों कच्चे मकान भी तूफान की भेंट चढ़ गए. दर्जनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए हैं.


### आंध्र प्रदेश : ट्यूशन से लौट रहे 10वीं के छात्र को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाया

**नई दिल्ली :** आंध्र प्रदेश में एक शख्स ने 10वीं के छात्र पर पेट्रोल छींटकर उसे आग के हवाले कर दिया. इस घटना में पीड़ित छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बाद में पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस से मिल रही जानकारी के अनुसार ये घटना आंध्र प्रदेश के बापटला जिले की बताई जा रही है. पुलिस के अनुसार आरोपी ने छात्र को उस पेट्रोल छींट कर आग के हवाले कर दिया जब वह ट्यूशन जा रहा था. इस घटना में पीड़ित बच्चे की मौत हो गई है.

### उधमपुर के मजदूर दीपक की हत्या में शामिल पांच आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 18 दिन पहले दक्षिण कश्मीर के जंगलातमंडी अनंतनाग में उधमपुर के मजदूर दीपक कुमार की हत्या में शामिल जैश-ए-मोहम्मद के पांच आतंकियों को गिरफ्तार किया। डीआईजी दक्षिण कश्मीर रईस मोहम्मद भट ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 29 मई की शाम 9:14 बजे स्कूटी पर सवार अज्ञात बंदूकधारी जीएमसी अनंतनाग के पास मनोरंजन पार्क तक पहुंचे और अवैध रूप से खरीदे गए हथियार और गोला-बारूद की मदद से फायरिंग की। इस दौरान उन्होंने थायल-पंचायत दियोट बिलासपुर उधमपुर निवासी दीपक कुमार उर्फ दीपू नाम के मजदूर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मनोरंजन पार्क के मजदूरों ने दीपू को जीएमसी अनंतनाग अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए थे।

## गुजरात में लैंडफॉल के बाद चक्रवात बिपरजॉय के कारण कोई मौत नहीं हुई : एनडीआरएफ



एजेंसी

**नई दिल्ली** : गुजरात में लैंडफॉल के बाद चक्रवात बिपरजॉय के कारण कोई मौत नहीं हुई है. एनडीआरएफ ने इसकी जानकारी दी है. एनडीआरएफ के डीजी अतुल करवाल ने कहा कि लैंडफॉल से पहले 2 लोगों की मृत्यु हुई थी. लैंडफॉल के बाद कोई जनहानि नहीं हुई.

24 जानवरों की मृत्यु हुई है और 23 लोग घायल हुए हैं. करीब हजार गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित हुई है. 800 पेड़ गिरे हैं. राजकोट के अलावा कहीं और भारी बारिश नहीं हो रही है.

डीजी ने कहा कि चक्रवात थोड़ा कमजोर पड़ा है. बिपरजॉय के लैंडफॉल से पहले दुर्भाग्य से दो लोगों की मौत हुई है.

1000 गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित हुई है. हमारा फोकस जीवन को जल्द से जल्द सामान्य करने की ओर है. उन्होंने कहा कि तूफान जैसे-जैसे कमजोर और गहरे दबाव में परिवर्तित हो रहा है, तो इससे दक्षिण राजस्थान में बारिश होने की संभावना है. राजस्थान सरकार के अनुरोध पर हमने एक टीम जालौर में पहुंचा दी है. इसके अलावा हमारी कर्नाटक में 4, महाराष्ट्र में भी 5 टीमें तैनात हैं.तूफान बिपरजॉय जब गुजरात के तट से टकराया तब वहां करीब 135 किमी की रफ्तार से हवाएं चल रही थी और समंदर में काफी ऊंची लहरें उठ रही थीं. अब वहां करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है.

तूफान के कारण गुजरात के भावनगर में दो लोगों की मौत की खबर है. मरने वाले पिता-पुत्र हैं, जो अपने मवेशियों को बचाने के दौरान एक नाले में बह गए. राज्य में करीब 23 लोगों के घायल होने की खबर है. 24 मवेशियों की भी मौत हुई है. कई जगहों पर बड़ी संख्या में पेड़ उखड़ने की भी खबर है. बिजली के खंभे उखड़ने की वजह से 940 गांवों में बिजली भी गुल है.

## नेहरू मेमोरियल म्यूजियम का नाम बदलकर हुआ पीएम म्यूजियम, भड़की कांग्रेस



एजेंसी

**नई दिल्ली** : देश की राजधानी में स्थित नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी का नाम बदल दिया गया है. अब इसे प्राइम मिनिस्टर म्यूजियम एंड लाइब्रेरी के नाम से जाना जाएगा. नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि संकीर्णता और प्रतिशोध का दूसरा नाम मोदी है.नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी सोसाइटी की एक विशेष बैठक में इसका नाम बदलकर प्राइम मिनिस्टर्स म्यूजियम एंड लाइब्रेरी सोसाइटी करने का फैसला किया गया.

इस विशेष बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, वे सोसाइटी के उपाध्यक्ष हैं.दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में तीन मूर्ति परिसर में भारत के सभी प्रधानमंत्रियों को समर्पित एक संग्रहालय स्थापित करने का विचार रखा था. एनएमएमएल की कार्यकारी परिषद ने 25 नवंबर 2016 को अपनी 162वीं बैठक में इसे मंजूरी दी थी. अब ये परियोजना पूरी हो गई और प्रधानमंत्री संग्रहालय 21 अप्रैल 2022 को जनता के लिए खोल दिया गया.

### क्यों बदला गया नाम?

दरअसल, कार्यकारी परिषद ने महसूस किया कि संस्थान का नाम वर्तमान गतिविधियों को प्रतिबिंबित करने वाला होना चाहिए, जिसमें एक नया संग्रहालय भी शामिल है, जो स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र की सामूहिक यात्रा को दर्शाता है और राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक प्रधान मंत्री के योगदान को दिखाता है. संग्रहालय को अपडेट किया गया है, यह संग्रहालय पुनर्निर्मित और नवीनीकृत नेहरू संग्रहालय भवन से शुरू होता है, जो जवाहरलाल नेहरू के जीवन और योगदान पर तकनीकी रूप से उन्नत प्रदर्शन के साथ पूरी तरह से अपडेट किया गया है.

### कांग्रेस ने साधा निशाना

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट किया, संकीर्णता और प्रतिशोध का दूसरा नाम मोदी है. 59 वर्षों से अधिक समय से नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय एक वैश्विक बौद्धिक ऐतिहासिक स्थल और पुस्तकों एवं अभिलेखों का खजाना घर रहा है. अब से इसे प्रधानमंत्री म्यूजियम और सोसायटी कहा जाएगा.

पीएम मोदी भारतीय राष्ट्र-राज्य के शिल्पकार के नाम और विरासत को विकृत करने, नीचा दिखाने और नष्ट करने के लिए क्या नहीं करेंगे. अपनी असुरक्षाओं के बोझ तले दबा एक छोटे कद का व्यक्ति स्वघोषित विश्वगुरु बना फिर रहा है.

### हैदराबाद में जी20 कृषि मंत्रियों की तीन दिवसीय बैठक

## कई चुनौतियों का सामना कर रहा है कृषि क्षेत्र : पीएम मोदी

एजेंसी

**हैदराबाद :** जलवायु परिवर्तन के कारण असामान्य मौसम की घटनाएं तेजी से हो रही हैं और ये चुनौतियां वैश्विक दक्षिण में सबसे अधिक महसूस की गई हैं.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हैदराबाद में चल रही जी20 कृषि मंत्रियों की तीन दिवसीय बैठक के लिए एक वीडियो संदेश में यह बात कही. उन्होंने साथ ही जोड़ा कि कृषि क्षेत्र वैश्विक स्तर पर कई चुनौतियों का सामना कर रहा है. प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक स्तर पर, कृषि 2.5 अरब से अधिक लोगों को आजीविका देती है. वैश्विक दक्षिण के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा कृषि का है और यह क्षेत्र 60 प्रतिशत से अधिक नौकरियां देता है. आज यह क्षेत्र कई चुनौतियों का सामना कर रहा है. महामारी के कारण पैदा हुई आपूर्ति श्रृंखला की बाधा भू-राजनीतिक तनावों के चलते और अधिक बिगड़ गई है.मोदी ने कहा, जलवायु परिवर्तन के कारण असामान्य मौसम की घटनाएं तेजी से हो रही हैं और ये चुनौतियां वैश्विक दक्षिण में सबसे अधिक महसूस की जा रही हैं.



उन्होंने कहा कि भारत की नीति बुनियाद की ओर लौटो, और भविष्य की यात्रा करो से मिलकर बनी है। देश प्राकृतिक खेती के साथ ही प्रौद्योगिकी आधारित कृषि को भी बढ़ावा दे रहा है. मोदी ने कहा कि पूरे देश में किसान धरती माता के कायाकल्प पर ध्यान देने के साथ रासायनिक उर्वरकों या कीटनाशकों का इस्तेमाल बंद कर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि भारत की नीति बैक टू बेसिक्स एंड मार्च टू फ्यूचर का मिश्रण है, यहां तक कि देश प्राकृतिक खेती के साथ-साथ प्रौद्योगिकी-सक्षम कृषि को भी बढ़ावा दे रहा है.

मोदी ने कहा कि देश भर के किसान धरती माता के कायाकल्प पर ध्यान देने के साथ सिंथेटिक उर्वरकों या कीटनाशकों का उपयोग न करके प्राकृतिक खेती कर रहे हैं.

## मणिपुर में उपद्रवियों ने केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री के घर पर फेंका पेट्रोल बम

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में हिंसा की घटनाएं थम नहीं रही हैं। उपद्रवियों ने देर रात विदेश राज्यमंत्री आरके रंजन सिंह के इंम्फाल स्थित घर पर पेट्रोल बम फेंका जिससे वहां आग लग गई। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना में कोई हताहत नहीं विदेश राज्यमंत्री आरके रंजन सिंह इस समय आधिकारिक दौरे पर केरल में हैं। उन्होंने कहा कि शुक्र है कि कल रात मेरे इंफाल स्थित घर में कोई घायल नहीं हुआ। बदमाश पेट्रोल बम लेकर आए थे और मेरे घर के ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर को नुकसान पहुंचाया गया है। मेरे गृह राज्य में जो कुछ भी हो रहा है उसे देखकर बहुत दुख होता है। मैं अब भी लोगों से शांति की अपील कर रहा हूं। हिंसा की घटनाएं जो लोग भी कर रहे हैं वह ठीक नहीं है, वे लोग बिल्कुल अमानवीय काम कर रहे हैं। बता दें कि यह घटना ऐसे समय हुई जब सेना और असम राइफल्स के जवानों ने राज्य में हिंसा बढ़ने के बाद अपना अभियान



तेज कर दिया है। सेना की टुकड़ियों ने गश्त बढ़ा दी हैं और जहां भी अवरोध लगाए गए थे, उन्हें हटा दिया गया है। सेना ने एक ट्वीट में कहा कि हाल में हिंसा में वृद्धि के बाद सेना और असम राइफल्स के अभियान में तेजी लाई जा रही है। दो दिन दिन पहले ही राज्य के खमेनलोक इलाके के एक गांव में उपद्रवियों के हमले में नौ लोगों की मौत हो गई थी और 10 घायल हो गए थे। खमेनलोक इलाके में एक कुकी गांव में बुधवार तड़के हुए हमले के बाद सुरक्षा बलों ने अपने अभियान को फिर से तेज कर दिया है।

# 11 वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए अनिल चौरसिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर (पलामू) :** डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर नेता रहे अनिल चौरसिया की 11वीं पुण्यतिथि शुकवार को विधान सभा के कई क्षेत्रों में मनाई गई। लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस कड़ी में शाहपुर-गढ़वा मार्ग के किन्नी गांव स्थित स्व.अनिल चौरसिया की प्रतिमा स्थल पर संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम व स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया समेत अन्य लोगों ने स्व.अनिल चौरसिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा उनके पिता स्व.अनिल चौरसिया जमीन से जुड़े थे। उन्होंने जीवन पर्यंत गरीब गुरबा के हक-अधिकार की लड़ाई लड़ी। वे अपने पिता के सपनों को साकार करते हुए विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में जुटे हैं। ग्रामीणों हजारो की संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाये श्री विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मेरे पूज्य पिता स्वर्गीय अनिल चौरसिया जी अपने सामाजिक राजनीतिक जीवन में झारखंड बिहार में अपनी पहचान बनाएं अनवरत क्षेत्र के शोषित दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक आदिवासियों पर हो रहे शोषण जुल्म अत्याचार के खिलाफ संघर्षसिल रहते थे सामंतवाद के खिलाफ सामाजिक न्याय की लड़ाई तेज करने के कारण सामंती राजनीतिक गठजोड़ से उन्हें गुंडा अपराधी पुलिसिया अत्याचार से दबाने का प्रयास किया गया लेकिन वे कभी झुके नहीं चिलचिलाती धूप में 14 जून 2012 को भंडरिया प्रखंड के ग्राम वोडरी में अंतिम सभा की 16 जून 2012 को क्षेत्र के आम आवाम जनमानस को रोते बिलखते छोड़ दोपहर का सूर्य अस्त हो गया उन्हीं के प्रताप से क्षेत्र की जनता अपार स्नेह प्यार देकर मुझे दो बार क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका देकर उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का मौका दिया। इसी क्रम में वे बीमार पड़े और 16 जून 2012 को अंतिम सांस ली। आज मैं उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए सबका साथ सबका विकास के दृढ़ संकल्पित के साथ क्षेत्र का चौमुखी विकास कराने का संकल्पित हूं। इस मौके पर कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,छतरपुर विधायक पुष्पा देवी,भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता ने माल्यार्पण किया। वही पुण्यतिथि की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर और सभी समानीत लोगो को बुके देकर समानित करते हुए शुरुआत की गई। और स्वर्गीय अनिल चौरसिया की याद में एक मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर भाजपा पार्टी के विनोद सिंह, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अविनाश देव, भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, जिप सदस्य प्रमोद सिंह, विकास कुमार चौरसिया, लवली गुप्ता, अभिभावक संघ के अध्यक्ष किशोर पांडेय, पूर्व जिप सदस्य रामलव चौरसिया,पलामू चैंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष दुर्गा जौहरी, रूपा सिंह, जिला पार्षद प्रमोद कुमार प्रमोद कुमार सिंह व राम लव प्रसाद, भाजपा के जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश समनव्यक भीष्म चौरसिया, व्यास राम सिंह,पूर्व मुखिया अशोष चौरसिया, मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी, मुकेश कुमार मुकेश कुमार गुप्ता समेत कई ग्रामीणों और गन्नेवान लोग भी उपस्थित थे। इस मौके पर कई ग्रामीण क्षेत्रों के कई गावों में अनिल चौरसिया की पुण्यतिथि मनाई गई।

# पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के पहल पर शहर में 55 टैंकर अधिक मिलेगा पानी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने आज नगर निगम के आयुक्त सह डीडीसी रवि आनंद से मिलकर मेदिनीनगर के निगम क्षेत्र के 16 वार्डों में पेयजल की घोर समस्या को लेकर मुलाकात कर आवेदन देकर कहा कि नगर निगम क्षेत्र से प्रतिदिन कई वार्डो से महिलाओं एवं पुरुषों का पानी के के लिए फोन आ रहा है।इनकी शिकायत के बाद पूर्व वार्ड पार्षदों के साथ एक बैठक करने के बाद मालूम हुआ कि विभिन्न जगहों पर पानी के टैंकरों की संख्या बढ़ने की जरूरत है। फिलहाल जितना टैंकर पानी सप्लाई हो रहा है वह पानी की किल्लत को देखते हुए कम पड़ रहा है । श्री त्रिपाठी ने कहा कि तत्काल 97 टैंकर बढ़ाने पर पानी की समस्या दूर होने की संभावना है।नगर निगम आयुक्त ने तत्काल इस पर संज्ञान लेते हुए पूर्व मंत्री को आश्वस्त किया कि आज से ही में 55 टैंकर और पानी की व्यवस्था करवा दे रहा हूं। जिससे कि कुछ हद तक पानी की समस्या का समाधान हो सके। नगर निगम आयुक्त ने खुद स्वीकार किया कि मुझे भी कई लोगों द्वारा जानकारी मिली है कि पानी की घोर समस्या है।

# केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य सहित तमाम योजनाओं का लोगों को मिल रहा है लाभ है : मनोज कुमार




**छतरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर के जपला रोड स्थित विष्णुदेव मिश्रा मैरेज हॉल में गुरुवार को भाजपा के संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई। मौके पर छतरपुर विधायक पुष्पा देवी पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार उपस्थित हुए। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों का कार्यकाल की उपलब्धियों को लोगों तक बताना साथ-साथ संगठन को मजबूत बनाने को लेकर विचार किया गया। पलामू के पूर्व सांसद सह भजपा नेता मनोज कुमार ने संबोधन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य सहित तमाम योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। आगामी चुनाव को लेकर संगठन के लोग अभी से जुट जाएं और केंद्र सरकार के कार्यकाल में को लोगों तक बताएं साथी अपने बूथ को मजबूत बनाये। इस मैके पर पूर्व सांसद बृज मोहन राम, अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइयाँ, जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, श्याम बाबू, उदय शुक्ला, अरविंद सिंह, भोला सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, कमलेश गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनातू थाना की पुलिस ने पत्नी और बेटी की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने अपनी पत्नी और बेटी की हत्या कर शव को जंगल में दफना दिया था।वहीं पुलिस जब हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची तो उसके माथे पर शिकन तक नहीं थी. पुलिस ने जब आरोपी को हथकड़ी लगाया तो आरोपी ने भोजपुरी गाना हमरा राशि में बदमाशी लिखल बा.. गाने लगा. इस पर मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने जब पूछा कि गाना क्यों गा रहे हो तो आरोपी का जवाब था हत्या के बाद उसे काफी सुकून मिला है. पुलिस कर्मियों को जवाब देने के बाद वह अपने लगा. मूछ को सहलाता हुआ दुबारा वही गाना गाने लगा।दरअसल, पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के गौरवा जंगल से पुलिस ने एक सप्ताह पहले उर्मिला देवी और उसकी एक बेटी का शव बरामद किया था. हत्या का आरोप उर्मिला के पति विकेश यादव पर लगा था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी विकेश यादव को गिरफ्तार कर लिया था।विकेश यादव ने पुलिस को हत्या के कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विकेश ने पुलिस को बताया कि पत्नी के भाई ने उसे पीटा था और ससुराल वालों की उसके घर में काफी दखलअंदाजी थी। शादी के बाद छोटी-छोटी बातों को लेकर पत्नी के साथ झगड़ा होता था. झगड़ा की जानकारी ससुराल वालों को होती थी। बाद में ससुराल वाले काफी दबाव बनाते थे. जिस कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। विकेश ने पुलिस को बताया कि वह बेटी की हत्या नहीं करना चाहता था. घटना के दिन उसने पत्नी से कहा था कि बेटी को रिश्तेदार के यहां छोड़ देते हैं, लेकिन पत्नी राजी नहीं हुई. जंगल में ले जाने के पहले पत्नी की हत्या की उसके बाद बेटी की हत्या कर दी। उसने बताया कि वह बेटी की हत्या नहीं करना चाहता था।

# अज्ञात अपराधियों ने ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल में लगाई आग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के खुटिसोत नदी तट पर पूल निर्माण कार्य में लगे एक ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने आग लगा दी। साथ हीं हथियार बंद अपराधियों ने ने साइड पर अपने को टीएसपीसी संगठन का बताते हुए रंगदारी की मांग की। इतना हीं नहीं कार्य स्थल पर मौजूद मुंशी व लेबर को रूम में बंद कर फायरिंग भी किया। इस संबंध में अपराधियों ने घटना स्थल पर लिखित पर्चा भी छोड़ा है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना क्षेत्र के खूंटिसोत नदी में पुल का निर्माण कार्य मां छिन्मस्तिका कंपनी के द्वारा किया जा रहा है। रविवार की देर रात लगभग 12 बजे आधा दर्जन से अधिक संदिग्ध लोग मौके पर पंहुचे। संदिग्ध लोगों ने मौके पर मजदूरों से मोबाइल छीन लिया गया। साथ हीं उनके साथ धक्का मुक्की भी किया है। मोबाइल छीनने के बाद संदिग्ध लोगों ने आगजनी की घटना अंजाम दे दिया। साथ हीं टीपीसी संगठन के नाम पर लेवी की मांग करते हुए दो-तीन फायरिंग किया गया। वहां मौजूद मुंशी मदन प्रजापति व लेबर को रूम में बंद कर दिया। साइड पर खड़ी एक ट्रैक्टर व एक मोटरसाइकिल में आग लगा दिया। जाते-जाते अपराधियों ने एक पर्चा भी घटना स्थल पर फेक दिया है। जिसमे रंगदारी की मांग रखी गई है। मुंशी मदन प्रजापति ने इसकी जानकारी विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन को दी। इधर घटना की सूचना मिलते हीं विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार व थाना प्रभारी शशि रंजन घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। पुलिस वहां पर मौजूद पर्चा, जला हुआ ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल को कब्जे में कर थाना ले आई है। विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा घटना का अंजाम अपराधी या उग्रवादी किनके द्वारा दिया गया। इस विंदुओ पर अनुसंधान की जा रही है। घटना को अंजाम देने वाले बच नहीं सकते। मामला दर्ज कर जांच पड़ताल अभियान शुरू कर दिया गया है। जल्द हीं आरोपी पुलिस के कब्जे में होंगें।

# एक वर्ष से बेकार पड़ा है जल मीनार, नहीं मिल रहा पानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**डंडई, गढ़वा :** डंडई प्रखंड अंतर्गत पचौर पंचायत के ग्राम बालेखाड़ टोला भुइयां टोला में एक वर्षो से सोलर जलमीनार खराब है। इसकी वजह से ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। ग्रामीण किसी तरह से हैंडपंप के सहारे पानी पीने के लिए मजबूर हैं। इसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने पंचायत के प्रतिनिधियों को जिम्मेदार ठहराया है।ग्रामीण गौतम कुमार भुइयां, सीता राम सिंह,विश्वनाथ भुइयां, बुटाई भुइयां, रामजी भुइयां, सुकन भुइयां, सिला देवी, बसंती देवी, सुरती देवी, प्रतिमा देवी, कलावती देवी,संगीता देवी, कलावती देवी, सहित अन्य ग्रामीण आदि का कहना है कि एक वर्ष पूर्व ही सोलर जलमीनार का निर्माण स्थानीय मुखिया एवं पंचायत सचिव द्वारा कराया गया था। दो से तीन महीने सुचारू रूप से चलने के बाद अचानक सोलर जलमीनार में खराबी आ गई, जिसके चलते यहां के लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। कुछ दिनों से गर्मी भी दस्तक दे दी है। और ग्रामीणों ने कहा कि गर्मी दस्तक देने के बाद तो काफी परेशानी बढ़ गई है। हमलोगों ने जलमीनार की मरम्मत कराने के लिए कई बार शिकायत की गई है,लेकिन आज तक खराब पड़े सोलर जलमीनार की मरमत कराने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि लाखों रुपए की लागत से बनी सोलर जलमीनार दो तीन महीने के बाद ही खराब हो गई है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जलमीनार निर्माण कार्य में लगाई गई राशि का दुरूपयोग किया गया है। जबसे जलमीनार खराब हुई है, लोगों को पानी पीने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक एवं जिला प्रशासन से सोलर जलमीनार मरम्मत की मांग की है।

# मोदी सरकार के 9 साल कार्यकाल में देश की जनता बेहाल है : बिट्टू पाठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भाजपा के आयोजित जनसभा पर जिला अध्यक्ष ने उठाया सवाल पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि जनता को दिग्भ्रमित और गुमराह करने वाली सभा बताएं और जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायकों से सवाल किया कि केंद्र में जो सरकार स्थापित है क्या 9 सालों में बेरोजगारी को नौकरी मिला देश में महंगाई कम हुई क्या किसानों की आई दुगनी हुई देश में भ्रष्टाचार कम हुआ महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लापरवाही के चलते पुलवामा में शहीदों अपने प्राणों की आहुति दी इसका जवाब कौन देगा केंद्र सरकार के चलते आज हर वर्ग अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है आगे जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू के सांसद महोदय एवं पलामू के भारतीय जनता पार्टी के विधायकों इन सभाओं में 9 साल की नाकामियों गिराने का काम करते तो अच्छा होता अपने मुंह मियां मिट्ठू ना बने जनता इनकी करनी और कथनी जान चुकी है आने वाला 2024 के लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मुंहतोड़ जवाब देने का काम इस देश की जनता देगी

# आखिर कब तक नगर उंटारी व सगमा बीडीओ को पदाधिकारी बचाते रहेंगे : रामचन्द्र केशरी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी व सगमा प्रखंड के बीडीओ द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की जांच नही कराना भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ाने में सहायक है.मनरेगा में जिला व राज्य स्तर से आवंटित राशि के विरुद्ध प्रखंडों द्वारा अत्यधिक सामग्री की राशि का भुगतान किया गया है। दोनों प्रखंडों में 60 अनुपात 40 से अधिक का एफटीओ बनाकर चहेते आपूर्तिकर्ताओं के खाते में अधिक राशि डाला गया है.उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने शुक्रवार को चेचरिया स्थित आवास पर प्रेसवार्ता में कही.उन्होंने कहा कि उपायुक्त गढ़वा द्वारा अलग अलग तीन जांच टीम बनाई गई थी, लेकिन दो जांच टीम द्वारा आज तक जांच नही किया गया जबकि एक जांच टीम ने विधिवत जांच तो किया है,लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट जिला को समर्पित नही किया है। उन्होंने कहा कि हमे जिला प्रशासन पर पूरा विश्वास है कि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर मामले की जांच कराकर दोषी अधिकारियों को दंडित करने तथा दोनों प्रखंड की जनता को न्याय दिलाया जायेगा. उन्होंने कहा है कि उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में पुनः जांच टीम गठित किया जाय तथा जांच के पूर्व आवेदनकर्ताओं को जांच की तिथि व जांच स्थल की सूचना पत्र के माध्यम से दिलाया जाय. उन्होंने कहा कि पशु शेड व अन्य योजनाओं की राशि हड़पने वाले नगर उंटारी व सगमा बीडीओ को अधिकारी कब तक बचाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी बीडीओ द्वारा एक ही भेंडर के खाते में 80 लाख का मटेरियल भुगतान किया गया है।उन्होंने कहा कि नगर उंटारी व सगमा बीडीओ द्वारा मनरेगा योजना में की गई गड़बड़ी की जांच के लिये उप विकास आयुक्त द्वारा छः सदस्यीय जांच टीम गठित किया गया था,जिसे 25 अप्रैल तक स्थल जांच करना था वहीं सगमा प्रखंड अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की जांच यथा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, 15 वें वित्त की जांच के लिये14 व 15 जून की तिथि निर्धारित की गई थी,तथा पांच सदस्यीय जांच टीम बनाया गया था,लेकिन जांच आजतक नही किया गया.उन्होंने कहा कि जांच नही होने पर वे 14 जून को एसडीओ से मिले तो उन्हें जानकारी मिली कि अभी तक निदेशक डीआरडीए गढ़वा से जांच के लिये कोई सूचना प्राप्त नही है। जब वे अपने आवास पर लौटे तो उन्हें जानकारी दी गई कि डीआरडीए निदेशक आये हैं. तब मैंने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों व आवेदकों को सूचना देकर जांच किया जा सकता है.उन्होंने कहा कि बाद में हमे पता चला कि जांच टीम सगमा प्रखंड कार्यालय गई और बीडीओ से मिलकर वापस आ गई। प्रेसवार्ता में मथुरा पासवान, सलीम अंसारी, सीताराम जायसवाल, रमेश प्रसाद, बसंत जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# एसपी की पहल पर मरीज को मिला दो यूनिट खून



**मेदनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी निवासी शंकर महतो को शुक्रवार को खून की अति आवश्यकता थी।वह प्लास्टिक अमोनिया नामक बीमारी से जूझ रहा है,जिसके वजह से हर माह उसे खून की जरूरत पड़ती है।शंकर महतो शुक्रवार को अपना खून चढ़वाने सदर अस्पताल पहुंचा था। खून के इंतजाम में शंकर महतो इधर-उधर काफी भटका परंतु खून का इंतजाम नहीं हो पाया। इसके बाद किसी व्यक्ति के माध्यम से शंकर महतो को पलामू एसपी चंदन सिन्हा का मोबाइल नंबर मिला। शंकर महतो एसपी चंदन सिन्हा के पास फोन कर अपना बीमारी बताते हुए रोने लगा।बीमार व्यक्ति को रोते हुए सुनकर एसपी चंदन सिन्हा ने उसे आश्वासन दिया कि ब्लड की व्यवस्था हो जाएगी। इसके बाद एसपी ने सार्जेंट मेजर अनीश मोहित कुजुर को दो यूनिट ब्लड उपलब्ध कराने का आदेश दिया। सार्जेंट मेजर ने पुलिस लाइन से अपने दो जवान संजय चौधरी आरक्षी 617, जवान अनुज कुमार आरक्षी 554 को मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजकर बीमार मरीज शंकर महतो को दो यूनिट खून दिया। खून मिलने के बाद मरीज व मरीज के परिजनों ने पलामू एसपी चंदन सिन्हा को धन्यवाद दिया। रक्तदान के संबंध में एसपी चंदन सिन्हा ने कहा कि जिले में खून की कमी से एक भी व्यक्ति की मौत ना हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने जिले वासियों से रक्तदान से संबंधित भ्रांतियां से दूर रहने व ऐसे सभी अफवाहों से बचने के साथ पीड़ित मानवता की जीवन रक्षा हेतु रक्तदान करने की अपील की।

# विशुनपुरा के विभिन्न घाटों से बालू का हो रहा अवैध उत्खनन व भंडारण, सीओ ने कहा होगी कार्रवाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** सरकार द्वारा बालू घाट बंद करने के बाद भी विशुनपुरा प्रखंड के दर व जोगिराल नदी से अवैध बालू का उठाव व भंडारण प्रतिदिन धड़ल्ले से किया जारहा है। गढ़वा जिले के उपायुक्त द्वारा अवैध बालू के उठाव व भंडारण रोकने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसके बाद भी यह धंधा बेखौफ और धड़ल्ले से चल रहा है। बालू माफिया रातो रात बालू बेच कर मालामाल हो रहे है। साथ ही राजस्व की भी चोरी की जा रही है।नियम कानून को ताक पर रख कर बालू माफियाओ द्वारा अवैध बालू उठाव करने से बाकी नदी, नाला में तब्दील हो रहा है। नदी में सभी जगह भयावह कुआ का रूप ले लिया है। जो आये दिन बड़ी घटना को आमंत्रित कर रही है। बालू माफियाओ द्वारा नदी से बालू उत्खन्न कर जगह जगह भारी मात्रा में बालू का भंडारण किया गया है। भंडारण बालू को खपाने में माफिया लगे हुए है।बताया जाता है कि प्रत्येक दिन अवैध रूप से बालू का उठाव बाकी नदी के पतिहारी, दर व जोगिराल खुर्द नदी घाटो से किया जा रहा है। बाकी नदी से अवैध बालू का उठाव कर बंशीधर नगर व रमना में बड़े पैमाने पर सप्लाई किया जारहा है। बालू माफियाओ द्वारा दूसरे थाना क्षेत्रों में बालू बिक्री किये जाने पर प्रति ट्रैक्टर 5-6हजार रु की मोटी कमाई होती है। इस कारण स्थानीय आवास लाभुकों को बालू नही मिलने के कारण आवास अधूरा पड़ा हुआ है। बावजूद इसके संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण बालू माफियाओ का मनोबल काफी बढ़ गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि दिन में नदी में बालू का ढेरी कराया जाता है। साथ ही जैसे ही अंधेरा होता है नदियों में बालू उठाव के लिए ट्रेक्टर लग जाते हैं। सुबह तक अवैध बालू का उठाव करते रहते है।वही बालू माफियाओ का काली कमाई करने में मनोबल इतना बढ़ गया है कि दर व जोगिराल बाकी नदी के छठ व श्मशान घाटो से बालू का अवैध उत्खन्न बड़े पैमाने पर कर लिया गया है। वही बालू माफियाओ द्वारा अवैध बालू से काली कमाई करने के चक्कर मे एक नाबालिग लड़के से नदी में बालू का भंडारण करवाते देखा गया है। पढ़ने वाले बच्चे का भविष्य खराब हो रहा है।पैसे कमाने के चक्कर मे बच्चों को भी इसमें शामिल किया जा रहा है।मालूम हो कि अवैध रूप से बालू उत्खन्न पर रोक लगाने को लेकर जिले के उपायुक्त द्वारा एक टास्क फोर्स टीम का गठन किया गया है। इस टीम में एसडीओ, सीओ व थाना प्रभारी को रखा गया है। अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी कर नदी से हो रही उत्खन्न पर रोक लगाने का पदाधिकारियों द्वारा दिखावा मात्र किया जा रहा है। दूसरी तरफ धड़ल्ले से अवैध उत्खन्न व उठाव जारी है। मालूम हो कि पूर्व में बालू उठाव को लेकर उतपन्न विवाद में जतपुरा बालू घाट पर चार लोगो की बेरहमी से हत्या कर दिया गयी थी। जिसके बाद से इन सभी घाटो को जिला प्रशासन द्वारा पूर्णतः बंद करा दिया गया था।वही दर बालू घाट पर पूर्व में एक नाबालिग लड़का पीर मोहमद अंसारी का नदी में डूबने से मौत हो गयी थी।जिसके बाद वहा के ग्रामीणों ने काफी विरोध प्रदर्शन किया था। उस बच्चे का मौत नदी में बालू उठाव से बने गढ्ढे में गिर जाने से हो गयी थी। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी निधी रजवार ने बताया कि जानकारी मिली है। जानकारी मिलने पर बालु घाटों पर गयी थी। उच्चाधिकारियों को इसकी सूचना दी गयी है। विधि सम्मत कार्यवाई होगी।

# जैसी संगति करते हैं वैसा आचरण होता है : जियार स्वामी जी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** मानव जीवन पर अन्न और संग का गहरा प्रभाव होता है। हम जैसा अन्न ग्रहण करते हैं वैसा मन बनता है। जैसी संगति करते हैं वैसा आचरण होता है। इसलिए दुष्टों का अन्न और संग दोनों विनाशकारी होता है। श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि अधर्म, अनीति और अन्याय के सहारे कुछ समय के लिए समाज में वर्चस्व कायम किया जा सकता है। लेकिन वह स्थाई नहीं हो सकता। नीति, न्याय और सत्य ही स्थायित्व देता है। 58 दिनों से वाण सैया पर लेटे भीष्म पितामह को याद कर कृष्ण की आंखों में आंसू आ गए। युधिष्ठिर ने आंसू का कारण पूछा। विष्णु ने कहा कि कुरु वंश का सूर्य अस्ताचलगामी है। उनका दर्शन किया जाए। द्रोपदी सहित पांचो पांडव वहां पहुंचे। श्री कृष्ण के आग्रह पर भीष्म राज धर्म और राजनीति का उपदेश देने लगे। द्रोपदी मुस्कुरा दी। भीष्म ने मुस्कुराने का राज पूछा। द्रोपदी ने कहा कि आज आप उपदेश दे रहे हैं कि अन्याय नहीं करना चाहिए, अन्याय का साथ नहीं देना चाहिए और अन्याय होते देखना नहीं चाहिए। चीरहरण के वक्त आपकी यह नीति और धर्म कहां थे। भिष्म ने कहा कि उस वक्त अन्न और संग के दोष का मुझ पर प्रभाव था। मनुष्य अर्थ का दास होता है। अर्थ किसी का दास नहीं होता। उन दिनों में दुर्योधन के अर्थ से पल रहा था। गलत लोगों का अन्न संग ग्रहण नहीं करना चाहिए। धीर और वीर पुरुष को भाग्यवादी नहीं कर्मवादी होना चाहिए। गलत तरीके से आई लक्ष्मी उपद्रवकारी होती हैं। इन्हें संभालना मुश्किल होता है। लक्ष्मी का सदैव सदुपयोग होना चाहिए। जिस परिवार और समाज में लक्ष्मी का उपभोग होने लगता है, वहां एक साथ कई विकार उत्पन्न हो जाते हैं। अंततः पतन का कारण बनता है। स्वामी जी ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा को व्यास जी का अवतरण हुआ था। इसलिए इस तिथि को गुरु पूर्णिमा मनाने की परंपरा है। ्यास जी को नहीं मानने वाले भी गुरु पूर्णिमा मनाते हैं। स्वामी जी ने कहा कि गुरु सिद्ध होना चाहिए, चमत्कारी नहीं। जो परमात्मा की उपासना और भक्ति की सिद्धि किया हो वही गुरु है। गुरु का मन स्थिर होना चाहिए, चंचल नहीं। वाणी संयम भी होनी चाहिए। गुरु समाज का कल्याण करने वाला हो और दिनचर्या में समझौता नहीं करता हो। गुरु भोगी विलासी नहीं हो। गुरु और संत का आचरण आदर्श होना चाहिए। जिनके दर्शन के बाद परमात्मा के प्रति आसक्ति और मन में शांति का एहसास हो वही गुरु और संत की श्रेणी में है। गुरु दंभी और इंद्रियों में भटकाव वाला नहीं होना चाहिए।

## पिपरवार के सचिन का हुआ झारखण्ड स्टेट कैम्प क्रिकेट अंडर-16 में चयन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार कालोनी निवासी बिरेन्द्र यादव का पुत्र सचिन कुमार का झारखण्ड स्टेट कैम्प क्रिकेट अंडर-16 के लिए चयन किया गया है।सचिन कुमार बचरा मे संचालित राईजिंग क्रिकेट अकादमी बचरा मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।उनकी कड़ी मेहनत और बेहतर प्रदर्शन पर उनका चयन हुआ है।सचिन कुमार के कोच और राइजिंग क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक दिलनवाज अंसारी ने बताया कि सचिन क्रिकेट के प्रति काफी मेहनतशील है।उन्होंने कड़ी मेहनत और परिश्रम से कई प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया है।उनके बेहतर प्रदर्शन और कड़ी मेहनत के कारण ही आज उन्हें अंडर- 16 में शामिल होने का अवसर मिला है।उन्होंने सचिन को बधाई देते हुए खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र राज्य और देश का नाम रोशन करने की अपील की।इधर सचिन के अंडर-16 में चयन होने पर पिपरवार कोयलांचल के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में दिलनवाज अंसारी,रोशन कुमार,रतन लाल,राशिद अंसारी,दीपक कुमार,हरेंद्र कुमार,कुदूस खान,राजीव रंजन,अब्दुल कुदूस,मन्जुर संतोष कुमार महतो सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## एसपीएल का अगाज 22 जून से शुभारंभ

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली स्टेडियम परिसर में एस पी एल 2023 के आयोजन को लेकर शुक्रवार को आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो जी अध्यक्षता में बैठक की गई। सर्वस्मिति से निर्णय लिया गया की ऑक्शन 18 जून को तथा उद्घाटन समारोह 22 जुन को किया जाएगा। लीग मैच 2 ग्रुप में खेला जायगा। उदघाटन समारोह को लेकर हिंडालको मुरी मैदान में जोर शोर से तैयारी किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रुप में श्री सुदेश कुमार महतो जी उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में जितेंद्र बड़ाईक, वीणा चौधरी, ब्रजेश प्रसाद, पबित्र मित्रा, डॉक्टर रमनेश प्रसाद उपस्थित थे।

## रांची पुरुलिया मार्ग को चौड़ीकरण करने को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने रांची- पुरुलिया मुख्य सड़क का जल्द चौड़ीकरण कर फोरलेन बनाने की मांग को लेकर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। डॉ. महतो ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री को अवगत करवाया है कि रांची- पुरुलिया रोड का चौड़ीकरण नहीं होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है एवं आये दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। जबकि पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, झालदा, तुलीन तथा रांची जिला के मुरी, सिल्ली, जोन्हा, अनगड़ा, टाटीसिलवे एवं नामकुम को राजधानी से जोड़ने वाली इस सड़क पर वाहनों के आवागमन में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है।

## आसान तरीके से ऋण लेकर सखी मंडल की महिलाए बन रही हैं आत्मनिर्भर

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कर्रा प्रखण्ड के अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत के गोविंदपुर गांव की रहने वाली मैमून निशा दीदी सखी मंडल से जुड़ कर अपने नए भविष्य की कहानी लिख रही हैं। दीदी साप्ताहिक बचत करने लगी हैं, दीदी के पति सिलाई का काम करते थे,जिस कारण उन्हें आर्थिक रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, उनके जीवन में उम्मीद की किरण जागृत हुई और सखी मंडल की साप्ताहिक बैठक में दीदी को मुद्रा ऋण के संबंध में जानकारी मिली। दीदी ने मुद्रा लोन के लिए अप्लाई किया और बैंक से 50000 हजार रुपए ऋण लिए, दीदी ने इन पैसों से झाड़ू का व्यापार शुरू किया। दीदी बताती हैं कि मैं प्रति दिन बाजार में झाड़ू बेचती हूं इससे मुझे 300 से 400 रुपए की आमदनी होती है। तीज त्योहार में मेरी आमदनी में और भी बढ़ोतरी होती है और मुझे अच्छा मुनाफा होता है। मैं धीरे धीरे अपना ऋण भी चुका रही हूं । मेरी आजीविका में पहले से बहुत सुधार हुआ है , मैं और मेरा परिवार अब बेहतर रूप से अपना जीवन यापन कर रहे है। उन्होंने कहा कि इन सबका श्रेय मैं सखी मंडल को देना चाहती हूं, जिसके माध्यम से हम योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं और आत्मविश्वास जागृत कर अन्य महिलाओं को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

## मुरी रेलवे कॉलोनी में पानी की सप्लाई शुरू

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधियों के द्वारा मुरी सहायक मंडल अभियंता से मिलने के बाद मुरी रेलवे कॉलोनी में पानी की नियमित सप्लाई पुनः शुरू हुई।ज्ञात रहे कि मुरी रेलवे कॉलोनी और आसपास के इलाकों में पिछले 3 दिनों से पानी की समुचित रूप से सप्लाई नहीं हो पा रही थी, जब कारण जानने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधि ने सहायक मंडल अभियंता मुरी के कार्यालय गए तो बताया गया स्वर्णरेखा नदी में पानी का जलस्तर काफी कम हो गया है जिससे पानी सप्लाई की समस्या उत्पन्न हो गई है। दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस व सहायक मंडल अभियंता मुरी के द्वारा फ़ौरी तौर पर राहत पहुंचाने के लिए लोगों को टैंकर की सहायता से पानी पहुंचाने की वैकल्पिक व्यवस्था की गई तथा आज उन टैंकरों की संख्या बढ़ाकर 5 की संख्या में कर दी गई ताकि रेलवे कर्मचारियों को पानी की किल्लत मे राहत महसूस हो साथी ही आज दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस को यह आश्वासन दिया गया है कि पहले की तरह आज शाम तक पानी सप्लाई समुचित और नियमित रूप से कर दी जाएगी क्योंकि स्वर्णरेखा नदी में पानी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है, और लोगों से जल का समुचित इस्तेमाल करने का आह्वान किया गया है हर जल की बूंद को बचाने की कोशिश करने की अपील की गई है, क्युकी जल ही जीवन है। वहीं पानी आपूर्ति की खबर सुनने पर रेलवे कॉलोनी में रहने वाले कर्मचारी राहत महसूस कर रहे हैं।इतनी भीषण गर्मी में जल का बन्द हो जाना जोकि जीवन का अटूट हिस्सा है इसके बिना जीवन संभव नहीं है वह आखिरकार पिछले 3 दिनों की कड़ी मेहनत व मशक्त के बाद समुचित रूप से संचालन हो सकेगा दक्षिण पूर्व रेलवे मेंस कांग्रेस हमेशा लोगों की भलाई के लिए आम जनमानस के मुद्दे को प्रशासन के समक्ष उठाते रहता है और आगे भी ऐसी हर समस्या का समाधान निकालने की कोशिश की जाएगी ताके रेलवे के कर्मचारियों को हर संभव सुविधा समय के साथ मिलती रहे।

## एक दिवसीय मंडा पूजा संपन्न

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनगड़ा प्रखंड के सुदूर बीसा पंचायत शिव मंदिर में एकदिवसीय मंडा पूजा का आयोजन समिति के अध्यक्ष दिलीप पाहन की अध्यक्षता में संम्पन हुआ। इस एक दिवसीय मंडा पूजा में 15 भोक्ता और 15 सोक्ताईन शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा राँची ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार और विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष उमेश बड़ाईक,बीसा पंचायत के उप मुखिया संजय भोगता मौजूद थे। बतौर मुख्य अतिथि जैलेंद्र कुमार ने कहा कि मंदिर निर्माण से पूरे क्षेत्र का विकास होगा लोग। मंदिर की सुंदरता अदभूत होगी। मंदिर को देखने दूर-दराज से लोग आएंगे। अच्छी बात यह है कि मंदिर के पुजारी पाहन और पंडित है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण से धर्म - संस्कृति का प्रचार-प्रसार बड़े स्तर पर होगा। सनातनी अपना धर्म भूलते जा रहे हैं, मंदिर निर्माण के बाद प्रत्येक दिन मंदिर में पूजा-पाठ के लिए भी लोग आगे आएंगे। इससे धर्म संस्कृति का प्रचार प्रसार तेजी से होगा। यह शुभ काम के लिए मैं पूरे कमेटी को शुभकामना देता हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि अगले बार नौ दिवसीय मंडा पूजा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें झूलन -मेला समेत कई प्रकार के कार्यक्रम मंदिर परिसर में आयोजित होंगे।कमिटी के अध्यक्ष दिलीप पाहन ने बताया मंदिर निर्माण का कार्य सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा व भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा व रामकथा का भी पाठ कराया जाएगा। निर्माण के लिए सभी लोगों से सहयोग लिया जा रहा है। ग्राम प्रधान उमेश बड़ाइक ने कहा अगले साल मुंडा पूजा के दिन झूलन कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में भोक्ता और सोक्ताइन शामिल होंगे।

## बड़ा पूजा का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्वे पंचायत अन्तर्गत अंबाढीपा ग्राम मे विजय कुमार महतो के द्वारा भब्य तरीके से बड़ा पूजा का आयोजन किया गया। यह पूजा बारह वर्षो मे एक बार कि जाती है। इसमे कुर्मी समाज के द्वारा सूर्य भगवान,ग्राम देवी, वन देवी, कुल देवता कि पूजा सुख शांति,गोतिया परिवार मे एकता, वंश वृद्धि इत्यादि के लिए कि जाती है । यह पूजा पुरखो से करते आ रहे हैं। परिवार पहले जंगल मे निवास करते थे। अभी पाँच गाँव के विभिन्न टोले मे बसे हुए है। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विजय महतो, राम कृष्ण महतो, राजेंद्र महतो, जीवा महतो, महाबीर महतो,, जलेश महतो, सावना महतो, राधा महतो, शिवचरण महतो, राजेश महतो, राम किशोर महतो, गोलका महतो इत्यादि गन मान्य लोग उपस्थित थे।

## कोयला तस्करी की रोकथाम के लिए सीआईएसएफ ने चलाया छापेमारी अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानो की सुरक्षा मे तैनात केन्द्रीय औधोगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के द्वारा कोयला तस्करी के रोकथाम को लेकर विशेष छापेमारी अभियान चलाया। सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस. के निर्देश पर सहायक कमांडेंट संजय कुमार मीणा के नेतृत्व में आरसीएम साईडिंग सहित आस पास के एरिया मे छापेमारी अभियान चलाया गया,इस दौरान सीआईएसएफ के जवानों ने करीब एक टन अवैध



कोयला को जब्त किया।इस संबंध में सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि आरसीएम साइडिंग के आस पास के इलाकों में तस्कर कोयला को जमाकर बोरा में बंद कर उसे तस्करी करने की योजना बनाया था,इसकी सूचना मिलने के बाद विशेष अभियान चलाकर अवैध कोयला को बरामद किया गया है।जब्त कोयला को स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया है।इधर सीआईएसएफ कमांडेंट संदीप कुमार एस. ने बताया कि कोयला तस्करी के रोकथाम को लेकर विभाग के द्वारा इस तरह की छापेमारी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगी।इस अभियान के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।इस अभियान मे निरीक्षक नागेंद्र कुमार,रवि रंजन,अत्तर इमाम,आसूचना के उप निरीक्षक डीके चौधरी, आरक्षक नितेश पुनिया सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष बल के जवान शामिल थे।

## डकरा में भटक रही लावारिस महिला को सुरक्षित आश्रय दिलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल से लावारिस महिला को ह्यूमन राइट्स इक्वालिटी फाउंडेशन टीम लापता हेल्प डेस्क डकरा खलारी के द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से बिजुपडा के माहेर आश्रम में संरक्षित आश्रय कराया। बताना चाहते है कि 9 जून को महिला लावारिस स्थिति में के.डी एच सरना क्लब के पास मिली थी। भटक रही महिला की सूचना स्थानिय मुखिया ललिता देवी के द्वारा खलारी पुलिस को दिया गया। थाना प्रभारी फरीद आलम के तत्काल पहल करते हुए महिला को डकरा हॉस्पिटल में रखा गया था। जो कि महिला जख्मी और कमजोर हालात में मिली थी। डकरा हॉस्पिटल में बेहतर उपचार शुरू किया गया। वही इस संदर्भ में ह्यूमन राइट्स इक्वालिटी फाउंडेशन लापता हेल्प डेस्क टीम खलारी को जानकारी दिया गया। टीम के पंकज प्रसाद ने महिला की पहचान करते हुए बताया कि यह महिला पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाक्षपुर की रहने वाली है। मानसिक स्थिति कमजोर होने के कारण यह भटक कर राँची के चान्हो थाना क्षेत्र में आ गई थी। जिसे पूर्व में ही माहेर आश्रम में आश्रित दिया गया था।

## विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर अधिकारियों ने बुंडू में किया सड़क निर्माण का सर्वे

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर हजारीबाग विशेष प्रमंडल के अधिकारियों ने कोयलांचल क्षेत्र के बुंडू पंचायत का दौरा किया।इस दौरान अधिकारियों के द्वारा बुंडू पंचायत मे रोड एवं पुलिया बनाने के लिए स्थल का सर्वे एवं नापी किया।जानकारी के अनुसार बुंडू के ढोटन गंझु के घर से दामोदर नदी तक रोड एवं सरैयादाह नाला पर पुलिया निर्माण और बुंडू से हल्दी कोचा तक रोड एवं पुलिया निर्माण को लेकर सर्वे एवं नापी का कार्य किया गया।विभाग के अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि नापी और सर्वे का कार्य पूरा होने के बाद अब बहुत जल्द इस कार्य का टेंडर प्रक्रिया पुरा करके इस कार्य को कराया जाएगा।इस मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि स्थानीय ग्रामीण विधायक अंबा प्रसाद से मुलाकात कर उक्त मार्ग और पुलिया निर्माण कराने की मांग की थी,जिस पर विधायक विधायक अंबा प्रसाद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हजारीबाग प्रमंडल के विभाग से मिलकर इसे बनाने की स्वीकृति प्रदान कर आया।विधायक के इस पहल से स्थानीय ग्रामीणों में खुशी की लहर है और ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया है।


### झारखण्ड सरकार
### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग)
### कार्यालय – जिला उद्यान पदाधिकारी, हजारीबाग
(उद्यानिक योजनाओं के लिए आम –सूचना)

राज्यादेश सं0 – 15 दिनांक – 05.06.2023 वित्तीय वर्ष 2023–24 राज्यचालित योजना उद्यान विकास के तहत **जिला– हजारीबाग एवं रामगढ़** अन्तर्गत उद्यानिकी फसलों के चहुमुखी विकास के साथ – साथ कृषकों के आय में अधिक से अधिक वृद्धि लाने के उद्देश्य से इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/सहकारी समिति/सखी मंडल अपना आवेदन पंचायतीराज के तहत ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य / मुखिया द्वारा अनुमोदित कराकर अनुदानित दर पर नीचे अंकित विभिन्न अवयवों का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक – 05.07.2023 तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। जिला उद्यान कार्यालय, शंकरपुर, कृषि प्रक्षेत्र, हजारीबाग से कार्यालय अवधि में विशेष जानकारी के साथ निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है ।

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिला – हजारीबाग एवं रामगढ़ के लिए उद्यानिक योजनाएँ निम्नवत है:–**

| क्र0सं0 | कार्य अवयव | हजारीबाग OSP | हजारीबाग SCSP | रामगढ़ OSP | रामगढ़ SCSP |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक लक्ष्य | | | |
| 1 | उद्यान /बागवाम मित्रों/कृषकों को 05 दिवसीय प्रशिक्षण ( संख्या में) प्रति कृषक 0.03780 लाख | 313 | 198 | 161 | 44 |
| 2 | 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण ( संख्या में) प्रति कृषक 0.17500 लाख | 15 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | मिर्चा की खेती ( हे0 में ) प्रति हे0 अनुदानित राशि 0.12 लाख | 24 | 12 | 13 | 4 |
| 4 | ओल की खेती ( हे0 में ) प्रति हे0 अनुदानित राशि 0.40 लाख | 24 | 12 | 13 | 4 |
| 5 | अदरख की खेती ( हे0 में ) प्रति हे0 अनुदानित राशि 0.78 लाख | 15 | 8 | 8 | 3 |
| 6 | कीट रहीत सब्जी उत्पादन ईकाई (सं0 में) प्रति ईकाई 168 वर्ग मीटर रू0 **सरकारी अनुदान 75 % राशि 2.25 लाख एवं कृषक अंशदान 25 % राशि 0.75 लाख** | 12 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | खुले वातावरण मे फुलों की खेती ( हे0 में) प्रति हे0 अनुदानित राशि 0. 20 लाख | 35 | 20 | 19 | 6 |
| 8 | टिशु कल्चर केला की खेती ( हे0 में) प्रति हे0 अनुदानित राशि 0.60 लाख | 15 | 12 | 8 | 2 |
| 9 | गृह वाटिका की स्थापना प्रति ईकाई 25 डि0 (सं0 में) प्रति सं0 अनुदानित राशि 0.40 लाख | 29 | 15 | 17 | 5 |
| 10 | सब्जी की तकनीकी खेती (खरीफ एवं रब्बी) (हें0 में) प्रति हे0 अनुदानित राशि 0.10 लाख | 350 | 100 | 200 | 60 |
| 11 | मशरुम कीट वितरण एवं प्रशिक्षण प्रति कृषक 30 बैंग (सं0 में) प्रति कृषक अनुदानित राशि 0.0896 लाख | 210 | 60 | 70 | 25 |
| 12 | संरक्षित फुल की खेती (सं0 में) प्रति इकाई 1000 वर्ग मी0 **सरकारी अनुदान 50 % राशि 6.60 लाख एवं कृषक अंशदान 50 % राशि 6.60 लाख** | 10 | 5 | 0 | 0 |
| 13 | पपीता की खेती (सं0 में) प्रति पौधा अनुदानित राशि 0.0001 लाख | 14696 | 4899 | 8044 | 2680 |
| 14 | टिशु कल्चर स्ट्रोबेरी की उन्नत खेती (हे0 में) प्रति हे0 अनुदानित राशि 2.5 लाख | 12 | 8 | 6 | 2 |
| 15 | पॉली हाउस (सं0 में) प्रति इकाई 1000 वर्ग मी0 **सरकारी अनुदान 75 % राशि 7.95 लाख एवं कृषक अंशदान 25 % राशि 2.65 लाख** | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | गुन्नवत्तायुक्त सब्जी, फूल, फल बिचडा उत्पादन (सैपलिंग/नर्सरी) (संख्या में) प्रति इकाई **सरकारी अनुदान 75 % राशि 2.25 लाख एवं कृषक अंशदान 25 % राशि 0.75 लाख** | 40 | 12 | 15 | 5 |
| 17 | परवल की खेती (एकड में ) प्रति एकड 1.00 लाख | 4 | 3 | 4 | 2.5 |

नोट :–

1. बागवान / उद्यान मित्रों / कृषकों को 05 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु शैक्षणिक योग्यता / मैट्रिक उर्त्तीण अथवा समकक्ष तथा साईकल/मोटरसाईकल चलाने का ज्ञान तथा प्रखण्ड/पंचायत/वार्ड का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण हेतु उम्र न्यूनतम 20 से 45 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता / मैट्रिक उर्त्तीण अथवा समकक्ष के साथ उद्यानिकी फसलों के क्षेत्र में अनुभव हो।
3. मिर्चा, ओल, अदरख, टिशुकल्चर केला, स्ट्रोबेरी की खेती, खुले वातावरण में फुल की खेती तथा सब्जी की तकनीकी खेती (खरीफ एवं रब्बी) की योजना का कार्यान्वयन प्राथमिकता के आधार पर न्यूनतम् 10 हे0 के कलस्टर में किया जायेगा तथा वैसे कृषकों का लाभ दिया जायेगा जिसके पास प्रर्याप्त मात्रा में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगा। ( इस योजना का कार्यान्वयन यथा सम्भव कलस्टर मे किया जायेगा। )
4. मिर्चा, ओल, अदरख, टिशुकल्चर केला की खेती हेतु स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) के द्वारा गठित महिला स्वंय सहायता समुहों / सखी मंडल को योजनान्तर्गत अच्छादित किया जायेगा ।
5. मिर्चा, ओल, अदरख, टिशुकल्चर केला, स्ट्रोबेरी की खेती, खुले वातावरण में फुल की खेती हेतु प्रति कृषक अधिकतम 01 हे0 तथा सब्जी की तकनीकी खेती (खरीफ एवं रब्बी) हेतु अधिकतम 0.25 हे0 का लाभ देय होग।
6. परवल की खेती हेतु वैसे कृषकों को योजना का लाभ दिया जायेगा जिसके पास सिचाई सुविधा एवं ड्रीप एरीगेशन की व्यवस्था संभव हो।
7. गृह वाटिका की स्थापना का लाभ वैसे कृषकों को दिया जायेगा जिनके घर के समीप न्यूनतम 0.1 हे0 (25 डी0) भुमि खाली हो तथा सिचाई हेतु प्रर्याप्त पानी की सुविधा हो।
8. मशरुम (Button Oyster) उत्पादन हेतु कृषकों को नई तकनिकी से पॉच दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा 30 बैग बटन/ ढिंगरी मशरुम उपलब्ध कराया जायेगा एवं योजना क्रियान्वयन हेतु अति निम्न वर्गीय SC/ST एवं अन्य गरिबी रेखा (BPL) से निचे गुजर – बसर करने वाले भूमिहीन लोंगों को योजना से लाभान्वित किया जायेगा।
9. 1000 वर्ग मीटर में शेडनेट ट्यूबलर हाउस अन्तर्गत संरक्षित फुल की खेती का लाभ अधिकतम 50 प्रतिशत विभागीय अनुदान एवं 50 प्रतिशत कृषक अंशदान के साथ किया जायेगा तथा वैसे कृषकों का लाभ दिया जायेगा जिसके पास प्रर्याप्त मात्रा में सिंचाई की सुविधा हो।
10. 1000 वर्ग मीटर में पॉली हाउस का निर्माण का लाभ अधिकतम 75 % विभागीय अनुदान एवं 25 % कृषक अंशदान के साथ किया जायेगा।
11. 500 वर्ग फिट में गुन्नवत्तायुक्त सब्जी, फूल, फल बिचडा उत्पादन (सैपलिंग/नर्सरी) का लाभ अधिकतम 75 % विभागीय अनुदान एवं 25 % कृषक अंशदान के साथ किया जायेगा।
12. कीट रहीत वातावरण में बेमौसमी गुणवत्तायुक्त सब्जियों की खेती 168 वर्ग मीटर ट्यूबलर संरचना अन्तर्गत किया जायेगा जिसका लाभ अधिकतम 75 % विभागीय अनुदान एवं 25 % कृषक अंशदान के साथ किया जायेगा।
13- SC/ST, लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला सवंय सहायता समूह, PFO के तहत गठित लाभुक समुहों को प्राथमिकता दी जायगी। झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा गठित कृषक समूह, महिला सवंय सहायता समूह की विवरणी उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में अन्य माध्यम से गठित कृषक समूह, महिला सवंय सहायता समूह को इस योजनान्तर्गत अच्छादित किया जायेगा।
14. अंकित अवयवों के लाभ हेतु आवेदन पर पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों यथा ग्राम पंचायत सदस्य /वार्ड सदस्य/मुखिया आदि द्वारा अनुमोदन अनिवार्य होगा।
15. योजना का क्रियान्वयन हेतु लाभुकों का आवेदन का सृजन Web Portal के माध्यम से Online किया जायेगा।
16. योजना का लाभ हेतु उद्यान मित्र/BTM/ATM से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।
17. आपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।

**जिला उद्यान पदाधिकारी,**
**हजारीबाग/रामगढ़**

PR 300292 (Agriculture) 23-24 (D)



### असैनिक शल्य चिकित्सक–सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़
(स्वास्थ्य विभाग)

**Email ID : csramgarh@yahoo.in**

–:कार्यालय आदेश:–

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 9/RCH-694/2022-328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 एवं IDSP/BPHU-04/2022/HFWD-74(MD) दिनांक 07.02.2023 के आलोक में रामगढ जिले के नगर परिशद क्षेत्रों में 15 वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 26.06.23 को पूर्वाहन् 11:30 AM बजे Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नाकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

नियम एवं शर्तें

| क्रं0सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्तें |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 2 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री |
| 3 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की लिए मान्य होगा |
| 4 | मानदेय | रू0 63000 /– (तिरसठ हजार रुपए मात्र) |
| 6 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 7 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 8 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 9 | कार्य दिवस सरकार के निर्देशानुसार एवं कार्य अवधि सरकार के निर्देशानुसार | |

रिक्तिया

| क्रम सं0 | शहरी स्वास्थ्य केन्द्र का नाम | रिक्तियॉ |
|---|---|---|
| 1 | यू0–एच0डब्लू0सी0, वार्डन0–01 | 01 |
| 2 | यू0–एच0डब्लू0सी0, वार्डन0–05 | 01 |
| 3 | यू0–एच0डब्लू0सी0, वार्डन0–09 | 01 |
| 4 | यू0–एच0डब्लू0सी0, वार्डन0–10 | 01 |
| 5 | यू0–एच0डब्लू0सी0, वार्डन0–16 | 01 |
| 6 | यू0–एच0डब्लू0सी0, वार्डन0–20 | 01 |
| 7 | यू0–एच0डब्लू0सी0, वार्डन0–25 | 01 |
| 8 | यू0–एच0डब्लू0सी0, वार्डन0–30 | 01 |

(08 (आठ पद) तथा प्रतीक्षा सूची में 08 जो परीक्षा परिणाम के तिथि से 1 वर्ष तक के लिए मान्य होगा।)

दिनांक 26.06.23 को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ के कार्यालय के सभागार को पूर्वाहन 11:30 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 300200 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D



### कार्यालय:– उप विकास आयुक्त, पलामू।
(डी0आर0डी0ए0)

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

पलामू जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023 में PM-KUSUM (कृषक उर्जा उत्थान महाअभियान) Component-B (Phase-III) योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु सोलर पम्पसेट का वितरण अनुदानित दर पर किसानों के बीच किया जाना है। उपरोक्त योजना अंतर्गत 2HP, 3HP, एवं 5HP क्षमता वाला सोलर पम्प जो AC & DC आधारित होगा की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन ज्रेडा, राँची के कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

वैसे लघु एवं सीमांत किसान जिनके खेतो में Grid Connectivity उपलब्ध नहीं है, वह योजना के ऑनलाईन वेब पोर्टल **http://pmkusum.jharkhand.gov.in** पर संबंधित दस्तावेजों के साथ 2HP, 3HP, एवं 5HP क्षमता (AC & DC) क्षमता के सोलर पम्पसेट के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है, जिसमें से पम्प क्षमता तथा AC पम्प एवं DC पम्प का चयन लाभुक/किसान के द्वारा स्वयं से किया जाएगा।

उपरोक्त सोलर पम्प के क्षमता के अनुसार निम्नवत् राशि का ड्राफ्ट जो Director, JREDA, Payable at Ranchi के नाम से भुगतेय होगा, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | क्षमता | राशि |
|---|---|---|
| 01 | 2 HP | 5000/– रू0 |
| 02 | 3 HP | 7000/– रू0 |
| 03 | 5 HP | 10000/– रू0 |

नोट:– उपरोक्त राशि का ड्राफ्ट लाभुक (कृषक) ऑनलाईन आवेदन करते समय नहीं बनवायेंगें। जब जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जायेगी। भौतिक सत्यापन के उपरांत स्वीकृत आवेदनो के लिए लाभुक (कृषक) के द्वारा सोलर पम्प के क्षमता अनुसार निर्धारित राशि का ड्राफ्ट जिला कार्यालय में जमा कराना होगा।

सोलर पम्प की चयन प्रक्रिया हेतु अर्हत्ता/पात्रता:–

1. वैसे कृषक या उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर जिन्हें उक्त योजना का लाभ पूर्व में मिल चुका हो उन्हें इस योजना का लाभ दुबारा नहीं दिया जाएगा।
2. वैसे कृषक जिनका स्वयं का सिंचाई कूप या 4''/6''/8''/10'' व्यास की डीप बोरिंग उपलब्ध हो, जिसमें जल–जमाव वर्षभर रहे।
3. वैसे कृषक जिनके पास स्वयं का कृषि योग्य कम से कम 2.5 एकड़ की सिंचित भूमि हो।
4. वैसे लघु एवं सीमांत किसानों को सोलर आधारित पम्पसेट का लाभ दिया जाएगा जो पहले ग्रीड आधारित/डीजल चलित पम्पसेट का प्रयोग कर पाने में सक्षम नहीं थे एवं वैसे स्थान पर सोलर पम्प लगाया जायेगा जहाँ बिजली की व्यवस्था पूर्व से न हो।
5. एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु ही आवेदन–पत्र स्वीकृत किया जायेगा।
6. कृषकों के चयन में लघु एवं सीमांत किसानों जो आर्थिक दृष्टिकोण से कमजोर है एवं जो Micro & Drip Irrigation से जुडे हुए किसानों है एवं महिला किसानों को प्राथमिकता दी जायेगी।

सोलर पम्पसेट की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु निम्नवत् स्व–अभिप्रमाणित दस्तावेजो को आवेदन पत्र के साथ **Online Portal** पर **upload** करना आवश्यक होगा:–

1. संबंधित कृषक का कृषि योग्य भूमि का कागजात की छायाप्रति।
2. संबंधित कृषक के जमीन का लगान/रसीद की छायाप्रति।
3. संबंधित कृषक का राशन कार्ड/वोटर आई0 डी0/आधार कार्ड की छायाप्रति।
4. संबंधित कृषक का फोटो (डीप बोरिंग/सिंचाई कूप के साथ)।
5. संबंधित कृषक का हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान।
6. सत्यापित आवेदन के उपरांत आवेदक द्वारा विहित प्रपत्र में घोषणा पत्र नोटरी के माध्यम से बनवाकर जिला कार्यालय में आवेदन क्रमांक के साथ जमा करना होगा।

अन्य शर्तें:–

- वैसे आवेदन Data/Analysis के दौरान गलत पाये जाते है तो उसे रद्द कर दी जायेगी।
- यदि एक बार उर्जा यंत्र लगा दिए जायेंगें तो उन्हें एक जगह से दूसरी जगह हस्तांतरित नहीं किया जायेगा और न ही सरकार द्वारा इसकी कोई जिम्मेवारी ली जायेगी।
- JREDA द्वारा जारी बेब पोर्टल पर किसानों द्वारा भरे गये व्दसपदम आवेदनों को जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर पदस्थापित पदाधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन की जायेगी।
- एक कृषक को केवल एक सोलर पम्पसेट हेतु आवेदन–पत्र स्वीकृत किया जायेगा।
- स्मूह के प्रत्येक व्यक्ति किसानों द्वारा संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजो–समूह के सभी किसानों का जमीन का अद्यतन लगान रसीद, समूह के सभी किसानों का एक स्वयं सत्यापित हाल की फोटो।
- चयन समिति के द्वारा कृषकों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों (वांछित अनुलग्नकों के साथ) की जाँच की जायेगी तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर चयन समिति द्वारा आवेदनों को स्वीकृत कर ज्रेडा कार्यालय को अग्रसारित कर दी जायेगी।

सोलर पम्पसेट की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30.06.2023 समय अपराह्न 05:00 बजे तक है एवं उक्त तिथि के बाद किये गये ऑनलाईन आवेदन पर किसी तरह का विचार नहीं किया जाऐगा तथा उक्त आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा।

नोट:–
01. ऑनलाईन आवेदन करने से ही मात्र सोलर पम्प की पूर्णता स्वीकृति का दावा अनुमान्य नहीं होगा।
02. सोलर पम्पसेट का अधिष्ठापन हेतु सुरक्षा की दृष्टि से संबंधित कृषक के पास सुरक्षित स्थान/योग्य भूमि हो। सरकार द्वारा इसकी जिम्मेवारी नहीं ली जायेगी। इस यंत्र की संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित कृषक की होगी।
03. उपरोक्त सोलर पम्पसेट के आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु लाभुक/कृषक किसी भी अनजान फोन कॉल या अन्य कोई ऑनलाईन पोर्टल पर की जाने वाली धोखाधड़ी से हमेशा सावधान रहें अन्यथा उक्त द्वारा किये गये धोखाधड़ी पर संपूर्ण जिम्मेवारी संबंधित लाभुक/कृषक की होगी।

उप विकास आयुक्त,
पलामू।

PR 300201 District(23-24)D

## पत्रकार विजय कुमार को पितृ शोक

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला सह चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के पत्रकार विजय कुमार गोप के पिता सुरेंद्र नाथ गोप उम्र 85 वर्ष का निधन बीते रात को जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल में हुई। वे पूर्व से ही लम्बी बीमारी से ग्रस्त थे। अचानक गुरूवार की शाम को तबीयत बिगड़ी और मर्सी पहुंचे जहां से टीएमएच रेफर कर दिया गया । टीएमएच के डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया । परिवार में शोक का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार को उनके पैतृक गांव पितकी से शवयात्रा निकाली गई और बामनी नदी में अंतिम संस्कार किया गया । विजय कुमार गोप के पिता दिवंगत सुरेंद्र नाथ गोप वर्ष 2000 में रेलवे कर्मचारी से सेवानिवृत्त हुए थे।



## झामुमो चांडिल प्रखंड अध्यक्ष को पितृ शोक, विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो के चांडिल प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो के पिता बनमाली महतो का गुरुवार रात को देहांत हो गया। वही उनके मौत कि खबर पर ईचागढ़ विधायक सविता महतो शुक्रवार सुबह उनके घर पहुंच कर पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस दौरान विधायक ने परिजनों को ढांढस बंधाया और शोक सांत्वना व्यक्त किया। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य काबलु महतो व घनश्याम महतो, सचिन महतो ने भी पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## प्रकृति और पुरखों की अराधना कर की गई खुशहाली की कामना



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को जानुम गांव के धर्म स्थल गड़ाम थान में खुले आसमानों के नीचे पेड़ों के बीच प्रकृति और पुरखों की अराधना की गई। इस अवसर पर कार्तिक सिंह पातर, लक्खी सिंह पातर, वीरभद्र महतो केटिआर और लालू महतो हंसतुआर द्वारा बिना किसी मंत्रोच्चार के केवल सरन कर प्रकृति और पुरखों की अराधना की जाती है। जहाँ बलि चढ़ाकर अच्छी फसल होने के साथ गाँव की खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर माइनगर करम चाँद महतो, प्रकाश महतो केटिआर, नरू महतो केटिआर, पंचानन महतो,रघुनाथ महतो,सम्बर महतो, बिनोद महतो, नरेन महतो,सुमित महतो, गुरुचरण महतो, सुजीत महतो, बिभीषन महतो, सिमन्त महतो, राहुल महतो, कुइला मछुआ, लुदु मुदी, सभा कालिंदी, उमाकांत कालिंदी, काजला कालिंदी, खितिस कालिंदी ,कुइलु प्रमाणिक आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सैमसंग ने की सॉल्व फॉर टुमॉरो 2023 की टॉप 30 टीमों की घोषणा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैमसंग इंडिया ने अपने यूथ एजुकेशन एवं इनोवेशन कॉम्पटीशन सॉल्व फॉर टुमॉरो की टॉप 30 टीमों की घोषणा कर दी है। सैमसंग ने इस प्रतियोगिता की शुरुआत देश के युवाओं के बीच आधुनिक सोच को विकसित करने और समस्या का समाधान करने की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की है। इस प्रतियोगिता में 16 से 22 वर्ष के युवाओं की ओर से चार विषयों से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए आइडिया आमंत्रित किए हैं। इन चार विषयों में एजुकेशन एवं लर्निंग, हेल्थ एवं वैलनेस, एन्वायरमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी और डायवर्सिटी एवं इनक्लूजन शामिल हैं। ये टीमें झारखंड समेत बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, असम, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित भारत के 15 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश से हैं। प्रतियोगिता में शामिल टॉप 30 टीमों में से, 44 प्रतिशत ने एजुकेशन एवं लर्निंग से जुड़े आइडिया पेश किए हैं।

## बारियादा में योगा शिक्षक ने कराया विद्यार्थियों को योगाभ्यास

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड की बारियादा गांव के कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे विद्यार्थियों को योगा शिक्षक गौतम महतो ने शुक्रवार को कपालभाती, साड़ासन, वृक्षासन व भद्रासन जैसे कई प्रकार योगाभ्यास के गुर सिखाए और उससे होने वाले फायदे के बारे में भी विसृत रूप से जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच निःशुल्क योगा किताब का वितरण किया गया और किताब को पढ़कर अपने अपने घरों में भी योगाभ्यास करने का सलाह दी गई है। बच्चों को पढ़ाई के साथ योगा को डेली रूटीन में शामिल करने के लिए निर्देश दिया गया है। ट्यूशन शिक्षक बृंदावन महतो ने बताया कि 21 जून को अंतराष्ट्रीय योगा दिवस के मौके पर कोचिंग सेंटर में योगा दिवस मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुरू कर दिया गया है। इस दौरान माधवी सिंह, अपर्णा राय, राजलक्ष्मी राय, सूरज भुइयां, संदीप राय, जोगेंद्र सिंह समेत अन्य कई बच्चे उपस्थित थे।



### क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी ने जमशेदपुर में किया कार्यशाला, पुलिस अधिकारियों को कहा

# जल्द से जल्द पुलिस वेरिफिकेशन पूरी करें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड की क्षेत्रीय पासपोर्ट पदाधिकारी मनिता के जमशेदपुर के पासपोर्ट केंद्र का दौरा किया. उन्होंने यहां आकर बिष्टुपुर पोस्ट ऑफिस में क्या व्यवस्था है, इसको देखा. इसके अलावा उन्होंने यहां अधिकारियों के साथ बातचीत भी की. इसके बाद वे बिष्टुपुर थाना स्थित मल्टी परपज हॉल में कोल्हान के करीब 100 पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की. इस बैठक के दौरान पासपोर्ट को लेकर दस्तावेजों का होने वाले मिलान के बारे में जानकारी ली गयी. इसके तहत सारे पदाधिकारियों को बताया गया कि किस तरह वेरिफिकेशन करना है और क्या क्या सावधानियां बरतनी है. इसके अलावा निर्धारित अवधि के भीतर किस तरह आवेदन को जमा करना है और किस तरह से लौटाना है, इसकी भी जानकारी दी गयी. सबको बोला गया है कि 15 दिनों में वेरिफिकेशन का काम कर लिया जाये. पुलिस वेरिफिकेशन में सबसे ज्यादा सावधानी बरतने को कहा गया है. इस मीटिंग में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले के सारे पदाधिकारी मौजूद थे. पुलिस वेरिफिकेशन को डिजिटलाइज करने के लिए प्रमंडल स्तरीय कार्यसाला का आयोजन किया जा रहा है. इससे पूर्व दुमका, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा चुका है. उन्होने कहा कि वर्तमान समय में पासपोर्ट लोगों की जरुरत है. सभी लोकसभा क्षेत्र में एक पासपोर्ट सेंटर है. लोगों को समय पर पासपोर्ट प्राप्त हो इसके लिए विदेश मंत्रालय द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है. जमशेदपुर के पासपोर्ट के अलावा चाईबासा समेत अन्य इलाकों में भी पासपोर्ट केंद्र संचालित हो रहा है. इसकी क्षमता को भी बढ़ाने पर विचार हो रहा है, जिसको लेकर पासपोर्ट पदाधिकारी ने संभावनाओं को भी तलाशा. जमशेदपुर पासपोर्ट ऑफिस में औसतन प्रति दिन 100 आवेदन प्राप्त होते है. आवेदन की दृष्टि से जमशेदपुर रांची के बाद दूसरा बड़ा सेंटर है. उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रतिदिन 1500 पासपोर्ट आवेदन स्वीकार करने की क्षमता है. इसको और बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है. मनिता ने कहा कि लोगों के आवेदन करने के बाद एक माह में पासपोर्ट मिल जाए. इसके रियल टाइम पुलिस वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य के सभी थानों को पासपोर्ट ऑफिस के सिस्टम से जोड़ा जा रहा है, ताकि पुलिस अधिकारी रियल टाइम में वेरिफिकेशन रिपोर्ट डिजिटल मोड में जमा कर सके. वर्तमान में औसनत आवेदन करने के बाद लोगों को एक माह में पासपोर्ट मिल जा रहा है. वहीं तत्काल केटेगरी में आवेदन करने पर एक सप्ताह में लोगों को पासपोर्ट मिल रहा है.

## जल भंडारण के नाम पर सरकार और विधायक दोनों मिलकर विस्थापितों के साथ राजनीति कर रहे हैं : हरेलाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले आज से चांडिल डैम के विस्थापितों द्वारा आज से फिर एक बार अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। सुवर्णरेखा बहुउद्देश्यीय परियोजना के चांडिल पुनर्वास सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन दिया जा रहा है। दस सूत्री मांगों को विस्थापितों द्वारा दिए जा धरना प्रदर्शन को आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने अपना समर्थन दिया। धरना स्थल पहुंचकर आजसू नेता हरेलाल महतो ने विस्थापितों से मुलाकात की। वहीं, विस्थापितों के हक अधिकार की लड़ाई में हर संभव सहयोग करने की बात कही। इस दौरान संबोधित करते हुए हरेलाल महतो ने कहा कि चांडिल डैम के विस्थापितों के आंदोलन को वह व्यक्तिगत तथा आजसू पार्टी की ओर समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार की कथनी और करनी में आकाश और जमीन की तरह फर्क है। आज 40 साल बाद भी विस्थापितों को अधिकार नहीं मिलना, दुर्भाग्यपूर्ण है। हेमंत सरकार ने चांडिल डैम के विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए विस्थापन आयोग गठन करने का वादा करके वोट लेकर सरकार बनाया है लेकिन साढ़े तीन साल बाद भी विस्थापन आयोग का गठन नहीं हुआ। स्पष्ट है कि हेमंत सरकार ने चांडिल डैम के विस्थापितों को धोखा देने का काम किया है और अब जल भंडारण के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। सरकार 185 मीटर जल भंडारण की बात करती हैं और सरकार के ही विधायक जनता को 182 मीटर जल भंडारण का आश्वासन दे रही हैं। हरेलाल महतो ने कहा कि विस्थापितों के हक अधिकार की लड़ाई में हमेशा हमारा समर्थन और सहयोग रहेगा। चांडिल डैम के विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए आजसू पार्टी आगे चलकर बड़े आंदोलन शुरू करेगी। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, लक्ष्मीकांत महतो, पुलक साथपति, राकेश महतो, अनूप महतो आदि मौजूद थे।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले दो व्यक्तियों से छीना मोबाइल, मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम थाना क्षेत्र के डिमना लैक के समीप शुक्रवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले अलग- अलग दो व्यक्तियों से स्कूटी सवार तीन अज्ञात लोगों ने मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। बोड़ाम थाना के एस आई दिलीप साई माझी ने बताया कि एमजीएम थाना क्षेत्र के रिपीट कॉलानी निवासी राकेश किस्कू व उलीडीह निवासी राम बहादुर शर्मा अन्य दिनों की भांति शुक्रवार को भी सुबह मॉर्निंग वॉक पर आए हुए थे। इस दौरान दोनों व्यक्तियों से अज्ञात लोगों ने मोबाइल फोन छिनतई कर फरार हो गया है। अज्ञात लोगों ने पहले लैक के सामने राकेश किस्कू का मोबाइल फोन को छीना और वंहा से भागने के क्रम में अकेले चल रहे राम बहादुर शर्मा का मोबाइल हेलीपैड मैंदान के समीप छीनकर फरार हो गया। दोनों इस दौरान एक स्कूटी पर सवार होकर तीन व्यक्ति आये और एंड्राइड मोबाइल फोन को छीनकर फरार हो गए। इस संबंध में राकेश के पिता सिंधु किस्कू और राम बहादुर शर्मा के संयुक्त लिखित आवेदन पर अज्ञात तीन लोगों के खिलाफ बोड़ाम थाना में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामलें की छानबीन शुरू कर दी है।

## विधायक ने निजी खर्च से चार गरीब छात्राओं का कॉलेज में करवाया एडमिशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे खड़े रहते हैं. शुक्रवार को फिर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने पूर्वी घोड़ाबांधा पंचायत की रहने वाली चार बच्चियों में शांति गोराई, पार्वती गोराई, अनीता राय और नमिता मुंडा जिसके सिर पर पिता का साया नहीं है का एडमिशन टिनप्लेट यूनियन महिला इंटर महाविद्यालय में अपने निजी खर्च से खुद वहां पहुंच कर एडमिशन करवाया. इस दौरान बच्चियों के चेहरे में भी काफी खुशी देखने को मिली और उनके परिजनों ने विधायक का आभार प्रकट किया.



विधायक ने कहा कि जुगसलाई के लोगों की सेवा करने के लिए ही विधायक बने है. आगे भी किसी भी बच्चे बच्चियों को पढ़ाई करने की इच्छा हो लेकिन उनकी आर्थिक स्थिति ठीक ना हो तो उनसे संपर्क कर सकते है. वहां हर संभव उनकी सहायता करेंगे. मौके पर झामुमो के युवा नेता रजत प्रसाद भी उपस्थित थे.

## अमलगम स्टील कंपनी में हुआ ब्लास्ट कंपनी के सुरक्षा मानकों पर उठा सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा स्थित अमलगम स्टील पावर लिमिटेड कंपनी में शुक्रवार की अहले सुबह करीब साढ़े तीन बजे चार नंबर एसएमएस ब्लास्ट हो गया जिससे कंपनी परिसर में अफरा- तफरी मच गई। उक्त घटना के बाद प्रबंधन की ओर से तत्काल दुर्घटनास्थल पर मजदूरों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस बावत कंपनी प्रबंधन द्वारा घटना की पुष्टि की गई है, लेकिन किसी के भी घायल होने से इंकार किया है। इस मामले में कंपनी प्रबंधन अपनी ओर से गोपनीयता बरत रही है। किन्तु, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना




में कुछ मजदूर घायल हुए हैं। वहीं एक सुपरवाइजर ईचागढ़ निवासी एके सिंह को भागने के क्रम में चोटें आई है। हालांकि अभी तक इस बारे में प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने भी इस मामले में पूछे जाने पर चुप्पी साध ली और कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में चार-पांच मजदूर मामूली रूप से घायल हुए हैं जिनका इलाज कराया जा रहा। इधर, कंपनी परिसर में हुई इस दुर्घटना के बाद कंपनी में सुरक्षा मानकों पर सवाल उठने लगे हैं।

## विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ व पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गम्हरिया प्रखंड तथा आदित्यपुर नगर निगम के सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों के लिए ऑटो क्लस्टर सभागार में प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य स्तर से इस दौरान प्रशिक्षित राज्य स्तरीय प्रशिक्षक द्वारा उन्हें मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी गम्हरिया मारुति



मिंज, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी गम्हरिया मनोज कुमार, जेएसएस दयानंद प्रसाद आदि मौजूद थे। इस प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को मतदाता सूची में नाम चढ़ाने, हटाने, पता परिवर्तन करने समेत अन्य सूचनाएं सावधानीपूर्वक शामिल करने की जानकारी दी गई। बताया गया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का यह अंतिम मौका है। इसके बाद आगामी वर्ष 2024 में आम चुनाव होने हैं। अतः 18 साल उम्र के कोई भी मतदाता न छूटे इस पर विशेष ध्यान देना है। इस मौके पर उन्हें गरुड़ ऐप डाउनलोड करने के तरीके की भी जानकारी दी गई। मुख्य रूप से उपस्थित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर देवी प्रसाद एवं शंकर कुमार दास द्वारा विस्तार से उन्हें जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक विनय सिंह, राजेश्वर पंडित, राज किशोर भगत, गदाधर गोप, रंजीत कुमार, शंकर सतपथी, रोशन लाल महतो, प्रधान लिपिक अशोक कुमार समेत सभी प्रखंड व अंचलकर्मी के अलावा प्रखंड व ननि के सभी बीएलओ और पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

## भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने जाना बीमार भाजपा कार्यकर्ता बाबलु दत्त का हाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के बेलटांड़ निवासी भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबलु दत्त उर्फ सीताराम का हाल जानने गुरुवार को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह उनके घर पहुंचे। श्री दत्त पिछले कई माह से बीमार चल रहे हैं और वे अब तक चेन्नई समेत कई अस्पतालों में इलाज करा चुके हैं। करीब एक सप्ताह पूर्व हाई ब्लड प्रेशर व गैस की समस्या होने पर जमशेदपुर के मर्सी अस्पताल में भर्ती थे। बुधवार की शाम को ही वे छुट्टी कराकर घर लौटे हैं। भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने बेहतर इलाज हेतु हर संभव मदद



का आश्वासन देते हुए तत्काल ब्रह्मानंद अस्पताल में एक डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी। वहीं बाबलु दत्त ने राजकुमार सिंह के उनके घर पहुंचने पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा कि वे जनसंघ काल से पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता के रूप में सेवा देते आ रहे हैं। जबकि उनका हाल जानने के लिए पार्टी के कोई वरीय नेता उनके पास नहीं पहुंचते हैं जो दुःख की बात है।

## प्रधानमंत्री आवास व मनरेगा योजनाओं के कार्य प्रगति की डीडीसी ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** प्रखंड कार्यालय राजनगर में शुक्रवार को उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गगराई ने समीक्षा बैठक कर प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा योजना के कार्य प्रगति की जानकारी ली। डीडीसी ने प्रखंड के सभी गांवों में कम से कम पांच योजनाओं को चलाने का निर्देश दिया। जिसमें बिरसा सिंचाई कूप और तालाब जैसी योजनाओं के चयन को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। ताकि रोजगार की खोज में स्थानीय श्रमिकों को पलायन न करना पड़े साथ ही कृषि कार्य हेतु सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध हो



सके। आवास योजना के समीक्षा के क्रम प्रखंड के 21 पंचायतों में से 8 पंचायतों में कार्य प्रगति धीमा पाया गया।सम्बंधित पंचायत के पंचायत सचिव और जनसेवक को तीन चार दिनों के मध्य कार्य प्रगति में तेजी लाने का उन्होंने निर्देश दिया। साथ ही सभी पंचायत सचिव एवं जनसेवकों को नियमित क्षेत्र भ्रमण का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोड़ाह, अंचल अधिकारी धनंजय कुमार, प्रखंड प्रमुख ओलिभ ग्रेस कुल्लू , प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना सावन सोय, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार तियु सहित सभी पंचायत सचिव और जनसेवक उपस्थित थे।

## अद्भुत स्मरण शक्ति का धनी है डीबीएमएस का छात्र रूद्र आडेसरा, कर सकता है 195 देशों के नक्शे और झंडों की पहचान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंटरनेट की दुनिया में जहां भूगोलिक ज्ञान बढ़ता जा रहा है ऐसे में जमशेदपुर के 4.5 वर्षीय रूद्र आडेसरा ने अपनी अद्भुत स्मरण शक्ति द्वारा 195 देशों को देखने और याद करने की क्षमता ने शहर को हैरान कर दिया है। किसी भी देश का नाम और उसके पड़ोसी देशों का नाम पूछे, रूद्र बिना आँख झपकाए, आपको उसके नाम बिना किसी परेशानी के बता देगा। यदि आप प्रभावित नहीं हुए हैं, तो उससे देश की राजधानी पूछें या फिर उसके झंडे की पहचान कराये। वह आपको



निराश नहीं करेगा। डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल के केजी के छात्र रूद्र का भूगोल के प्रति आकर्षण पिछले साल शुरू हुआ, जब उसने विभिन्न देशों के नक्शे पर आधारित पज़्ज़ल के साथ घंटों खेलने का समय बिताना शुरू किया। उसके माता-पिता, कौशल और सोनाली आडेसरा ने जल्द ही उसकी इस असाधारण प्रतिभा की पहचान की और उसे इस विषय के प्रति उत्साहित करने के लिए ग्लोब और अन्य संसाधनों के साथ समर्थन देने का निर्णय लिया। केवल 4 वर्ष के होने के बावजूद, रूद्र अब दुनिया के हर देश की राजधानी शहर और स्थान की पहचान कर सकता है। रूद्र शिक्षा के क्षेत्र में भी उतना ही उत्कृष्ट है। उसे हाल ही में डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल के वार्षिक पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया। उसकी प्रतिभा के बारे में बात करते हुए, उसकी मां सोनाली ने कहा, मुझे याद है कि एक दिन हमने उसे एक दुनिया के नक्शे पर आधारित पज़्ज़ल ला कर दिया था और इसके साथ ही वह दुनिया के मान चित्र को समझने लगा। आज उसे 195 से भी अधिक देशों, उसके नक्शों और राजधानियों का नाम याद है। मुझे उम्मीद है कि रूद्र दूसरे बच्चों को भी भूगोल के बारे में सिखाने और उनके आस-पास की दुनिया और अधिक से जानने के लिए प्रेरित करेगा। बकौल रजनी शेखर, प्रिंसिपल, डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल, हर बच्चा विशेष होता है, लेकिन कुछ के पास ऐसी प्रतिभा होती है जो हमें विस्मय में छोड़ देते हैं। रुद्र अदेसरा एक ऐसे छात्र हैं, जिन्हें अविश्वसनीय प्रतिभा और स्मरण शक्ति परिचय दिया है। उन्हें देशों, राजधानियों के नाम और उनके झंडे की पहचान है जोकि प्रेरणादायक है। हालांकि, इससे भी अधिक प्रभावशाली बात यह है कि माता-पिता ने उनकी शिक्षा में कड़ी मेहनत, समर्पण और जुनून लगाया है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य को देखने के लिए तत्पर हैं।

## संपादकीय

# सदन जब खुद चला

**सियासत** की चिलचिलाती धूप के बीच हिमाचल विधानसभा ने बच्चों के कोमल हृदय की धडक़न को सुना। लोकतंत्र की शक्ति में बच्चों के मन में भले ही कोंपलें कुछ क्षणों के लिए फूटीं, लेकिन बहस के विषय और समय के संबोधन तो विशुद्ध रूप से राष्ट्रीय रहे। अमूमन इसी सदन में पक्ष और प्रतिपक्ष के बीच सियासी मुकाबले का जब अखाड़ा खड़ा हो जाता है, तो विमर्श का छींका कहीं दीवारों पर लटका रह जाता है। सामूहिक चेतना में समाज भी अपनी प्राथमिकताओं के संदर्भ बदल कर निजी स्वार्थों की तालिका बना लेता है, तो तब सफलता-असफलता के बीच राज्य का नुक्सान दिखाई नहीं देता। इसलिए जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू कहते हैं कि बच्चे सदन को सिखा गए, तो इसका एक ऐसा पक्ष है जिसके साथ क्या सत्ता और क्या विपक्ष, दोनों को बराबर से खड़ा होना होगा। संविधान की दृष्टि से जीवन को आजमाना और राष्ट्र को आगे बढ़ाना, एक ऐसा फलक है जहां सियासी संकीर्णता का कोई आवेदन स्वीकार नहीं होता, लेकिन बच्चों के कथ्य से कहीं अलग तथ्यों पर सदन की भृकुटि इसलिए तनी रहती है, क्योंकि राजनीति केवल चुनाव में ही खेलती रहती है। बच्चों के माध्यम से सत्ता और विपक्ष के ताने-बाने में हुआ हिमाचली विमर्श भले ही स्कूलों से आया परामर्श लगा होगा, लेकिन विषयों की फेहरिस्त में कल की पीढ़ी को आवश्यक समाधान तो मिले। ये गैर राजनीतिक नजरिया है जो सियासत में भी सियासत से ऊपर उठकर देखने की जरूरत बन जाता है। सदन में ऐसे विषय उठे जिन पर अमूमन गौर नहीं होता। मसलन किसी ने स्कूलों में दस मिनट के लिए योगाभ्यास शुरू करने पर जोर दिया, तो सरकार के लिए यह एक प्रस्ताव हो गया। बच्चों ने सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से मंदिरों के सवाल, पहाड़ी भाषा का प्रसार और खेलों का उद्धार ही नहीं किया, बल्कि नाटी के शृंगार तक सदन चला। बाल सदन की कई उपलब्धियां स्कूली गतिविधियों, शिक्षा के अभिप्राय, ज्ञान के कौशल, अध्ययन व तर्क की परिभाषा को सुदृढ़ कर गईं, तो सामाजिक चेतना के आकाश को घर के चिराग दीया दिखा गए। इन बच्चों को स्कूली माहौल में नागरिक बनाने की एक सीढ़ी यह भी है कि संविधान सियासी खूंटे से उतर कर खुद चलना सीखे। शिमला विधानसभा में संविधान के सारथी बने बच्चों ने राज्य और राज्य के समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए यह भी साबित कर दिया कि होश व विवेक से चलेंगे, तो मीलों के फासले चंद कदमों में बदल जाएंगे। लंबे व उबाऊ सदन की कार्यवाहियों के निष्कर्ष अगर लंबित रहेंगे, तो इस फांस से मुक्ति के लिए बाल मन की ज्योतियां चाहिएं। जहां सदन से बहिर्गमन के बहाने ढूंढे जाते रहे हों, वहां सोमवार को विधानसभा बहानों और बहिष्कार से मुक्त कम से कम यह रेखांकित कर गई कि आदर्श सत्ता और विपक्ष के बीच केवल टकराव नहीं, प्रदेश के व्यापक हित में सामंजस्य भी चाहिए। पूछने की वजह और जवाब देने की अदा के बीच राज्य का भविष्य तय होगा। कम से कम बच्चों के मार्फत सदन ने खुद को चुन लिया। यह आसान भी है क्योंकि विधायक बने ये बच्चे सामाजिक व स्कूली आदर्श से चुने गए थे। क्या आम चुनावों में हम प्रतिष्ठित, विचारक और ईमानदार व्यक्तियों को चुन पाते हैं। समाज भी बेरहम है, इसलिए राजनीति में सफल होना ईमानदार होना नहीं है। जो समाज के आदर्शों में पीछे हैं, वही संविधान के अर्थों में कामयाब जनप्रतिनिधि हैं। हम बच्चों को आदर्श विचारों से ओतप्रोत नाटकीय बहस तो करा सकते हैं, लेकिन बनावटी बहस के कलाकार तो राजनीति में बैठे हैं। राष्ट्र के मंच पर कई नौटंकियां जारी हैं। राष्ट्र गलियों में गुत्थम-गुत्था है, लेकिन देश के तराने कुछ और ही सुनाते हैं। सोमवार को विधानसभा भी खुद की पवित्रता से धन्य हो गई और यह बच्चे भी काफी हद तक कहने में सफल हो गए। स्कूल के पाठ्यक्रम ने सदन की गरिमा बढ़ा दी, लेकिन जो कुछ संसदीय भाषा या सरोकारों के नाम पर देश भर में हो रहा है, उससे राजनीति का पाठ्यक्रम अति विद्रूप न‍ज़र आने लगा है। बच्चों ने ऐसी कुछ मांग नहीं की जिससे राष्ट्र अपने स्वाभिमान को भूल जाए, लेकिन दूसरी तरफ वास्तविक लोकतंत्र के बीच अब सरकार बनाने का कौशल हमारी अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहा है। बच्चों ने रेवडियां न तो बांटी और न ही लोकतंत्र के लिए लाभ की गारंटियां मांगी, बल्कि एक बिंदु यह भी रहा कि आत्मनिर्भर समाज के लिए आत्मनिर्भर राज्य और देश होना चाहिए। उम्मीद है बच्चे जो कुछ सदन में सुना गए, उसकी अनुगूंज में आगे वास्तविक विधानसभा सत्र चलते रहेंगे।


सामूहिक चेतना में समाज भी अपनी प्राथमिकताओं के संदर्भ बदल कर निजी स्वार्थों की तालिका बना लेता है, तो तब सफलता-असफलता के बीच राज्य का नुक्सान दिखाई नहीं देता। इसलिए जब मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू कहते हैं कि बच्चे सदन को सिखा गए, तो इसका एक ऐसा पक्ष है जिसके साथ क्या सत्ता और क्या विपक्ष, दोनों को बराबर से खड़ा होना होगा। संविधान की दृष्टि से जीवन को आजमाना और राष्ट्र को आगे बढ़ाना, एक ऐसा फलक है जहां सियासी संकीर्णता का कोई आवेदन स्वीकार नहीं होता, लेकिन बच्चों के कथ्य से कहीं अलग तथ्यों पर सदन की भृकुटि इसलिए तनी रहती है, क्योंकि राजनीति केवल चुनाव में ही खेलती रहती है। बच्चों के माध्यम से सत्ता और विपक्ष के ताने-बाने में हुआ हिमाचली विमर्श भले ही स्कूलों से आया परामर्श लगा होगा, लेकिन विषयों की फेहरिस्त में कल की पीढ़ी को आवश्यक समाधान तो मिले।


## कुछ अलग

# एमएसपी नहीं, तो आंदोलन

**एक** बार फिर हजारों किसान सडक़ पर हैं। आंदोलित हैं। पुलिस की लाठियों से भी भयभीत नहीं हैं। सरकार से संवाद जरूर करते रहना चाहते हैं। उन्होंने दिल्ली-चंडीगढ़ और उससे भी आगे वाला राजमार्ग-44 को जाम कर दिया था। यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक सबसे बड़ा और लंबा राजमार्ग है। खासकर हरियाणा के किसानों ने कुरुक्षेत्र में महापंचायत की और सरकार को चेतावनी दी कि किसानों का आंदोलन देशव्यापी भी हो सकता है। आंदोलन में पंजाब और उप्र के किसानों का कूदना भी संभव है, क्योंकि वे दिल्ली वाले आंदोलन में साथ-साथ रहे थे। भारत सरकार ने 26-सदस्यीय समिति का गठन किया था, जिसका एजेंडा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) समेत कृषि और किसानों के अन्य समस्यापरक मुद्दों पर विमर्श करने का था। यह समिति जल्द ही अपनी सिफारिशों की रपट सरकार को सौंपेगी, ऐसा समिति के ही एक हरियाणवी सदस्य ने खुलासा किया है। बेशक भारत सरकार ने खरीफ की कुछ फसलों का एमएसपी बढ़ाया है। यह हर साल की नियमित प्रशासनिक कवायद है। आम चुनाव 2024 सिर्फ 9-10 माह ही दूर हैं। धान का एमएसपी 143 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है, जबकि 2018-19 में, आम चुनाव के पहले ही, यह एमएसपी 200 रुपए बढ़ाया गया था। एमएसपी में बढ़ोतरी का एक आयाम राजनीतिक और चुनावी भी है। हालांकि इस बार कुछ आर्थिक मजबूरियों की बात कही जा रही है। वैसे गेहूं और चावल के भंडारण बीते 6 सालों में सबसे कम हैं। जून-जुलाई से खरीफ फसलों का जो कृषि-वर्ष शुरू हो रहा है, उसके आसार बेहतर नहीं हैं। इस साल से पहले लगातार चार अच्छे मॉनसून की बदौलत बंपर फसलें हुई थीं। कोरोना-काल में भी कृषि की बढ़ोतरी दर 3.5 फीसदी से अधिक रही है। अब तो यह करीब 5 फीसदी बताई जा रही है। हालांकि अनाज, चीनी और दालों के भंडारण पर्याप्त हैं। इसी साल फरवरी-मार्च में दूध की उपलब्धता काफी कम होने के बाद अब दुग्ध-उत्पादन में अच्छा सुधार हुआ है। सोयाबीन, सूरजमुखी और ताड़ के खाद्य तेलों का आयात परंपरागत तौर पर जारी है। हालांकि खाद्य तेल की वैश्विक कीमतों में भारी गिरावट हुई है, लेकिन उसका फायदा आम आदमी को नहीं है, यह हमारी विडंबना और नियति है। कुरुक्षेत्र महापंचायत का हालिया मुद्दा सूरजमुखी की फसल का एमएसपी है। भारत सरकार ने एमएसपी 6400 रुपए क्विंटल घोषित किया था, लेकिन 4000-4800 रुपए पर खरीद की जा रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भावांतर का मुआवजा 1000 रुपए क्विंटल तय किया है। सवाल है कि जब एमएसपी पर ही खरीद नहीं की जा रही है, तो एमएसपी घोषित करने का लाभ ही क्या है? जब सूरजमुखी की फसल उचित दाम पर बिकनी ही नहीं है, तो भावांतर के मायने क्या हैं? किसानों को मूर्ख बनाया जाता रहा है बीते पांच दशकों से। जब सरकार को ही पूरी फसल एमएसपी पर खरीदनी नहीं है, तो एमएसपी का ढोंग और नाटक बंद कर देना चाहिए। एमएसपी पर पिछली सरकारों ने क्या किया है, वह आज प्रासंगिक नहीं है। मुख्यमंत्री के तौर पर एमएसपी की जबरदस्त पैरवी करने वाले प्रधानमंत्री मोदी अपने 9 साला कार्यकाल के दौरान एमएसपी को कानूनन गारंटी के दायरे में क्यों नहीं ला पाए? यह कोई सियासी सवाल नहीं है।

## देश में महंगाई की दर कुछ घटी है, लेकिन कई जरूरी चीजों के दाम बढ़े भी हैं

# क्या लक्ष्य की ओर है अर्थव्यवस्था?

डा. वरिंद्र भाटिया


भारत ने पिछली तिमाही में 4.4 प्रतिशत की तुलना में 6.1 प्रतिशत की जीडीपी बढ़त दर्ज की है। चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर ने अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। आरबीआई ने पहली तिमाही के दौरान 5.1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। वहीं पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी की बढ़त 7.2 प्रतिशत रही है। जीडीपी की यह बढ़त आरबीआई के 7 प्रतिशत के अनुमान से भी अधिक है। जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद, किसी एक वर्ष में देश में पैदा होने वाले सभी सामानों और सेवाओं की कुल वैल्यू के बराबर होता है। जीडीपी आर्थिक गतिविधियों के स्तर को दिखाता है और इससे यह पता चलता है कि किन क्षेत्रों की वजह से इसमें तेजी या गिरावट आई है।


**हाल** ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के आंकड़े जारी किए हैं। कहा जा रहा है कि यह अनुमान से काफी बेहतर रहे हैं। भारत ने पिछली तिमाही में 4.4 प्रतिशत की तुलना में 6.1 प्रतिशत की जीडीपी बढ़त दर्ज की है। चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर ने अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। आरबीआई ने पहली तिमाही के दौरान 5.1 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। वहीं पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी की बढ़त 7.2 प्रतिशत रही है। जीडीपी की यह बढ़त आरबीआई के 7 प्रतिशत के अनुमान से भी अधिक है। जीडीपी यानी सकल घरेलू उत्पाद, किसी एक वर्ष में देश में पैदा होने वाले सभी सामानों और सेवाओं की कुल वैल्यू के बराबर होता है। जीडीपी आर्थिक गतिविधियों के स्तर को दिखाता है और इससे यह पता चलता है कि किन क्षेत्रों की वजह से इसमें तेजी या गिरावट आई है। जीडीपी के आंकड़े अगर कम या सुस्त हैं तो पता चलता है कि देश की इकोनॉमी सुस्त पड़ रही है। भारत एक विकासशील देश होने के कारण हर साल अधिक जीडीपी विकास दर हासिल करे, यह जरूरी है, क्योंकि हमारी आबादी दुनिया में सबसे अधिक है और इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन भी बहुत जरूरी है। जीडीपी में कृषि सेक्टर का योगदान इस बार बढ़ा है और इस क्षेत्र में तेज बढ़त दर्ज हुई है। पिछली तिमाही में कृषि क्षेत्र की विकास दर 4.7 प्रतिशत थी जो अब बढक़र 5.5 प्रतिशत हो गई है। भारत में कृषि क्षेत्र का जीडीपी में योगदान 20 फीसदी के करीब है और लगभग 40 फीसदी जनसंख्या इससे जुड़ी हुई है। सरकार ने 8 मुख्य क्षेत्रों के विकास का डाटा भी जारी कर दिया है। कोर सेक्टर अप्रैल 2023 में 3.5 फीसदी की दर से बढ़ा है, जो पिछले माह के 3.6 प्रतिशत की तुलना में थोड़ा कम है। आठ कोर सेक्टर्स में कृषि क्षेत्र 5.5 प्रतिशत, माइनिंग सेक्टर 4.3 फीसदी, निर्माण क्षेत्र 10.4 प्रतिशत, बिजली 6.9 फीसदी, तो मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 4.5 फीसदी और वित्तीय क्षेत्र 7.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। वहीं व्यापार और होटल 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। लगातर दो तिमाहियों में गिरावट के बाद इस बार तिमाही को जीडीपी विकास दर में वृद्धि हुई है। यह एक सुखद अनुभव है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में नए सिरे से उछाल के संकेत हैं, जबकि बेहतर दक्षता को अपनाने से सेवा क्षेत्र के प्रदर्शन में भी सुधार हुआ है। भारत में घरेलू खपत और निवेश को कृषि और उससे संबंधित गतिविधियों की मजबूत संभावनाओं और उपभोक्ता आत्मविश्वास में मजबूती



का लाभ मिल रहा है। वहीं वर्ष 2022-23 में रियल जीडीपी (2011-12 की कीमतों पर) 160.06 लाख करोड़ रुपए रही है। सांख्यिकी मंत्रालय ने कहा है कि 2022-23 के दौरान वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि 2021-22 में 9.1 प्रतिशत की तुलना में इस बार 7.2 प्रतिशत रही है। जीएसटी संग्रह, बिजली खपत जैसे आंकड़े अप्रैल में आर्थिक गतिविधियां बने रहने के संकेत दे रहे हैं। हालांकि निर्यात और आयात कम हुआ है। इससे कुछ जोखिम उत्पन्न हुआ है। मानसून और वैश्विक स्तर पर राजनीतिक जोखिम को छोडक़र देश की आर्थिक वृद्धि दर 2023-24 में 6.5 फीसदी के अनुमान से ऊपर रह सकती है। फिलहाल भारत आर्थिक, वित्तीय और राजकोषीय स्थिरता के साथ सतत आर्थिक वृद्धि की कहानी पेश करने में सक्षम है। इस समय विनिर्माण क्षेत्र में तेजी स्थिति को और सुखद बना रही है, हालांकि उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार अप्रैल 2023 में सुस्त पडक़र छह महीने के निचले स्तर 3.5 फीसदी रह गई। मुख्य रूप से कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली के उत्पादन में कमी से बुनियादी उद्योग की वृद्धि की रफ्तार धीमी हुई है। वहीं कोयला, उर्वरक और बिजली क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.7 फीसदी रही। वैसे वित्त वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 6.4 फीसदी रहा, जो लक्ष्य के अनुरूप है। कर और गैर-कर राजस्व संग्रह बेहतर रहने से राजकोषीय घाटे को थामने में मदद मिली। इसके साथ कुछ आर्थिक चुनौतियां भी हैं। इनमें सबसे बड़ी चिंता निर्यात की है। हालांकि हमारा आयात भी घटा है, लेकिन निर्यात उस स्तर पर नहीं आया है जिसे देखकर उत्साहित हुआ जा सके। रूस-यूक्रेन युद्ध तथा जर्मनी जैसे कुछ देशों में मंदी का आना भी एक कारण है। हमारे निर्यात का सबसे बड़ा हिस्सा अमेरिका को जाता है, लेकिन वहां की आर्थिक स्थिति चरमराई हुई है और मंदी की आहट सुनाई देती रहती है। इसके अलावा एक बड़ी समस्या जो हमारी अर्थव्यवस्था को खाए जा रही है, वह है बेरोजगारी। देश में रोजगार उस हिसाब से नहीं बढ़ रहे हैं जिसकी जरूरत है। आंकड़े हैरान करने वाले हैं और बेरोजगारी की दर जो जनवरी में 7.14 फीसदी थी, वह अप्रैल में 8.11 फीसदी तक जा पहुंची है, यानी विकास के बावजूद नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं। यह संख्या बहुत बड़ी है। सिर्फ इतना ही नहीं, करोड़ों लोग अब रोजगार की तलाश से बाहर हो चुके हैं क्योंकि उन्हें रोजगार मिलने की कोई संभावना नहीं दिखती। बेरोजगारी के आंकड़े जीडीपी में अच्छी प्रगति के बावजूद अगर बढ़ रहे हैं तो आने वाले समय के लिए यह और चिंता का विषय है। एक बड़ी बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों तथा कम इनकम ग्रुप के लोगों की मांग में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। यह वर्ग बहुत बड़ा है। यहां देखने लायक बात है कि भारतीय अर्थव्यवस्था खपत पर आधारित है और जितनी खपत बढ़ेगी उतना ही ग्रोथ होगा, और इस बार ऐसा ही हुआ। खपत बढने से ही कारखानों के पहिए तेजी से दौडऩे लगे हैं। लेकिन अभी जो आंकड़े आ रहे हैं वे बता रहे हैं कि कम इनकम ग्रुप वाले लोग कम खरीददारी कर रहे हैं। इसका उदाहरण है यह है कि कम कीमत वाली कारों और बाइकों की बिक्री में अभी भी तेजी नहीं आई है, जबकि महंगी कारों तथा महंगी बाइकों की बिक्री तेजी से बढ़ी है। अगर हम कोरोना आने के पहले यानी 2018-19 के आंकड़े देखें तो पाएंगे कि अभी तक इनकी बिक्री उस स्तर पर नहीं पहुंची। उदाहरण के लिए इंट्री लेवल स्कूटरों की बिक्री अभी 2018-19 की तुलना में 28 फीसदी कम है। इसी तरह मोटर साइकिलों की बिक्री में 38 फीसदी गिरावट आई है। इस तरह की गिरावट सस्ती कारों की बिक्री में भी आई है। यह सांकेतिक है कि कम आय वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति घटी है। हालांकि देश में महंगाई की दर कुछ घटी है, लेकिन कई जरूरी चीजों के दाम बढ़े भी हैं। उनके कारण भी कम इनकम ग्रुप के लोगों की क्रय शक्ति घटी है। स्कूलों में फीस का बढऩा आम बात है। इसका भी असर मिडल क्लास और लोअर मिडल क्लास की क्रय शक्ति पर पड़ रहा है। इस समय जब पूरी दुनिया मंदी के खतरे से जूझ रही है, तो भारत में जीडीपी की वृद्धि दर दिखाती है कि हम सही लक्ष्य की ओर जा रहे हैं। फिर भी देश को एक मजबूत विश्व आर्थिक शक्ति बनने के लिए संभावित आर्थिक चुनौतियों का समाधान तलाशना और तराशना होगा।

# मानवीय आक्रोश की पराकाष्ठा


x जीवन में संतुलित होना अति आवश्यक है। यह संतुलन हर्ष, शोक, भय, सुख-दु:ख में हर समय, स्थान तथा स्थिति में आवश्यक है। यही सन्तुलन जब बिगड़ता है तो शिक्षित तथा समझदार व्यक्ति भी अनिष्ट कर बैठता है। इसका ताजा उदाहरण जिला बिलासपुर में घुमारवीं उपमंडल के भराड़ी थाना के गांव सौग में देखने को मिला, जहां एक पचपन वर्षीय व्यक्ति ने घरेलू कलह तथा जमीन से पैदा हुए छोटे से विवाद में अपनी सगी बड़ी भाभी की तेजधार दराट से हत्या कर दी। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि आरोपित हत्यारा जिला सोलन में सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तरवाड़ का प्रधानाचार्य है तथा उसे कुछ ही समय पूर्व कामर्स के प्रवक्ता पद से प्रधानाचार्य के रूप में पदोन्नति मिली थी। आरोपी की पत्नी जेबीटी है तथा तीनों बच्चे एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि एक शिक्षित परिवार का एक शिक्षक मुखिया ऐसी निन्दनीय घटना को कैसे अंजाम दे सकता है।


**ईश्वर** ने मनुष्य को सत्य, प्रेम, अहिंसा, परोपकार एवं सहिष्णुता जैसे जीवन के शाश्वत मूल्य प्रदान किए हैं। इन जीवन मूल्यों की साधना से कोई भी मनुष्य अपने जीवन के व्यवहार, आचरण तथा विचार को सभ्य और शिष्ट बना सकता है, परन्तु यह कार्य इतना सरल नहीं है। इस विचार, व्यवहार तथा दर्शन को अपने जीवन में लाने के लिए कड़ी साधना करनी पड़ती है। इसके लिए ज्ञान, ध्यान, दान, दया, धर्म, शान्ति, धैर्य एवं संतोष रखना पड़ता है। व्यावहारिक रूप से जहां यह कार्य असम्भव नहीं है, वहां पर बहुत आसान भी नहीं है, लेकिन इसके लिए धीर-गम्भीर, शान्त, सब्र तथा सन्तोष रखना पड़ता है। जहां ये उपरोक्त जीवन मूल्य हमारे जीवन का मार्गदर्शन करते हैं वहीं पर काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकार हमारे जीवन को घेरे रहते हैं। यहां पर काम का मतलब कामना या इच्छा से है। मनुष्य का मन बहुत ही चंचल और तीव्रगामी है, इस पर नियंत्रण करना बहुत ही क्लिष्ट है। मनुष्य के मन में निरंतर अनेकों प्रकार के अच्छे एवं बुरे विचार आते रहते हैं। अनेकों प्रकार की कामनाएं एवं इच्छाएं जन्म लेती हैं तथा मनुष्य उनको पूरा करने के लिए किसी भी कीमत पर कर्म करता है। यही कामनाएं जब पूरी नहीं होती तो क्रोध बढ़ता है और कामनाएं पूरा होने पर लोभ बढ़ता है, अत्यधिक लोभ से मोह बढ़ता है। अधिक से अधिक इच्छाएं तथा मनोकामनाएं पूर्ण होने पर मनुष्य में अहंकार बढ़ जाता है। यही अहंकार मनुष्य की बुद्धि पर पर्दा डाल देता है। उसकी सोचने-समझने, तर्क-वितर्क तथा विचार तथा विश्लेषण करने वाली बुद्धि ज्ञानेंद्रियां क्षीण पडऩे लगती हैं और वह धन, दौलत, प्रभाव, शक्ति तथा सत्ता के नशे में चूर हो जाता है, परिणामस्वरूप चोरी, डकैती, लूट-खसूट, अनाचार, बलात्कार, हत्याएं होती हैं। अनिष्ट एवं अमंगल होता है। पारिवारिक, सामाजिक तथा मानवीय सन्तुलन बिगड़ता है। डर, भय, असंतोष, आक्रोश तथा नकारात्मकता का वातावरण बनता है। सामाजिक सौहार्द, समरसता एवं सन्तुलन बिगड़ता है। मानवीय असंतोष, असन्तुलन, असंवेदनशीलता तथा असहिष्णुता पैदा होती है। व्यक्ति में घृणा तथा नफरत जैसी दुर्भावनाएं जन्म लेती हैं। परिणामतः मानवीय भावनाएं एवं संवेदनाएं सिसकती, चीखती, चिल्लाती एवं कराहती हैं। वर्तमान में आवश्यकता है मानवीय परवरिश में एक अच्छी शिक्षा एवं संस्कारों की। जीवन में संतुलित होना अति आवश्यक है। यह संतुलन हर्ष, शोक, भय, सुख-दुःख में हर समय, स्थान तथा स्थिति में आवश्यक है। यही सन्तुलन जब बिगड़ता है तो शिक्षित तथा समझदार व्यक्ति भी अनिष्ट कर बैठता है। इसका ताजा उदाहरण जिला बिलासपुर में घुमारवीं उपमंडल के भराड़ी थाना के गांव सौग में देखने को मिला, जहां एक पचपन वर्षीय व्यक्ति ने घरेलू कलह तथा जमीन से पैदा हुए छोटे से विवाद में अपनी सगी बड़ी भाभी की तेजधार दराट से हत्या कर दी। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि आरोपित हत्यारा जिला सोलन में सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तरवाड़ का प्रधानाचार्य है तथा उसे कुछ ही समय पूर्व कामर्स के प्रवक्ता पद से प्रधानाचार्य के रूप में पदोन्नति मिली थी। आरोपी की पत्नी जेबीटी है तथा तीनों बच्चे एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि एक शिक्षित परिवार का एक शिक्षक मुखिया ऐसी निन्दनीय घटना को कैसे अंजाम दे सकता है? विगत कुछ दिनों से व्यक्ति की मनोदशा में उमड़ता होता यह आक्रोश इतना शक्तिशाली था कि पल भर में उसे महिला की हत्या करने पर मजबूर कर दिया। मामला दो परिवारों का है। भविष्य में पुलिस एवं न्यायिक लम्बी प्रक्रिया इस पर अपना कार्य करेगी, लेकिन इतना सत्य है कि एक क्षणिक चूक से अब उस व्यक्ति का तथा उसके निर्दोष परिवार का जीवन तहस-नहस हो गया। आरोपी के पारिवारिक तथा सामाजिक जीवन में इस दुखद घटना के अनेक दूरगामी परिणाम होंगे, जिससे हासिल हुआ मौत, आत्मग्लानि, पश्चाताप और जीवन का दुःख दर्द। इस दुखदायी घटना के परिणाम आरोपी के अन्य परिजनों को भी भुगतने पड़ेंगे। इस घटना का आरोपी के परिजनों के पारिवारिक तथा सामाजिक जीवन पर प्रभाव पडऩा स्वाभाविक है। इससे मानसिक तथा आत्मिक शांति भंग होगी। क्षणभर की आक्रोश की अग्नि ने एक व्यक्ति का पारिवारिक जीवन पूर्णतः बदल कर रख दिया। वर्तमान में प्रदेश में इस प्रकार की अनेकों लड़ाई-झगड़े, मारपीट तथा हत्या की घटनाएं आए दिन पुलिस के दस्तावेजों में पंजीकृत हो रही हैं। पुलिस, जेल तथा न्यायिक मामलों में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। सडक़ पर चलते छोटी-सी बात पर जान से मार देने, गोली से उड़ा देने की धमकी देना, मारपीट होना आम बात हो गई है। याद रखना चाहिए कि क्षणभर का आक्रोश व्यक्ति के जीवन को नर्क बना सकता है। पारिवारिक, सामाजिक, व्यावसायिक, राजनीतिक तथा प्रशासनिक जीवन में यह आक्रोश बहुत ही आम हो गया है। साधारणतः इस तरह की घटनाओं की पृष्ठभूमि में जर, जोरु और जमीन मुख्य कारण रहता है। भूमि विवाद, जल विवाद तथा धन सम्बन्धी मामलों में कई बार सामान्य विवाद जघन्य कृत्यों में परिवर्तित हो जाते हैं। राजनीति तथा सत्ता संघर्ष में अनेकों बार अपराध होते देखे गए हैं। नफरत तथा बदला लेने की आग इतनी भयंकर होती है कि व्यक्ति धन-दौलत व सत्ता के नशे में मदमस्त होकर इस प्रकार के अपराधों को अंजाम देकर जीवन भर के लिए पश्चाताप के लिए जेल की सलाखों के पीछे जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाता है। मनुष्य का अहंकार तथा दम्भ अपने चरम पर है। यह सब व्यक्ति की वृत्ति तथा कृति के लिए सुखद नहीं है। यह वर्तमान मानवीय महत्त्वाकांक्षा, असहिष्णुता तथा असंवेदनशीलता की परिणति है। चोरी-डकैती, लूट-खसूट, मारपीट, अनाचार, बलात्कार तथा हत्या जैसे अपराधों से बचने के लिए आवश्यक है कि ज्ञान, ध्यान, योग, अध्ययन, शिक्षण तथा संस्कारों के साथ मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएं। दूसरे का हक न छीनकर न्यायप्रिय बनें। सुख, शांति, संतोष तथा धीरज के साथ संतुलित जीवन जिएं।



## देश दुनीया से

# जनहित में शीघ्र जरूरत है...

**उनको** जब भी मौका मिलता है, वे सारे घर के काम छोड़ कुछ न कुछ समाज विरोधी बना अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करने में मग्न से लेकर निमग्न तक हो जाते हैं। अबके उन्होंने फिर समाज की लोक लाज की परवाह किए बिना समाज से चोरी छिपे भ्रष्टाचार की वैक्सीन बना समाज विरोधी घृणित कार्य कर डाला। जब उनकी वैक्सीन बनकर तैयार हो गई तो उनका अपनी वैक्सीन पर अंधविश्वास देखने लायक था। अपने अंधविश्वास पर अति का विश्वास करते उन्होंने पागलपन के से दौरे में मुझे अपनी इस वैक्सीन के बारे में बताया तो मेरे पैरों तले से जमीन खिसक गई। तय था, बंधु को अबके फिर जूते खाने से कोई नहीं रोक सकता। वैसे इस वैक्सीन को जनहित में अपनी प्रजा को लगाने का सरकार रिस्क तो लेगी नहीं, पर जो गलती से अगर ये वैक्सीन कुछ देकर समाज में लग गई या सरकार के अफसरों ने भ्रष्टाचार प्रियों को इसे लगाने की परमिशन दे दी तो भ्रष्टाचार के बूते पल पल जीवन यापन करने वालों का क्या होगा? यह सोचकर ही मेरा दम घुटने लगा। लगा, मेरी ही नहीं, ज्यों सारे ब्रह्मांड से ही ऑक्सीजन खत्म गई हो। अपनी भ्रष्टाचार की वैक्सीन का ट्रायल करने के लिए उन्होंने स्वस्थाई के अब तक हुए सारे आंकड़ाई सर्वे टटोल डाले, पर उनको देश में एक भी स्वस्थ जीव उसके ट्रायल के लिए न मिल पाया। अब समस्या ये कि भ्रष्टाचारी युग के महान आविष्कारक होने के लिए वे इस वैक्सीन का प्रयोग करें तो किस पर करें? मित्रो! शरीफ दोस्त और काठ की हांडी बार बार शातिर दोस्तों और चूल्हे की भेंट चढ़ती रही है। शरीफ दोस्त आड़े वक्त में दिल खोलकर यूज किए जाते हैं, और शरीफ दोस्त मजे से मौन यूज भी हो जाते हैं। सो थकहार कर पूरे आत्मविश्वास के साथ उन्होंने मुझे फोन लगाया। उनकी नजरों में मैं सिर से पांव तक ईमानदार कैटेगिरी का जीव हूं। भ्रष्टाचार के नाम पर मैंने भ्रष्टता का अचार खाना तो दूर छुआ भी नहीं है। 'और बंधु क्या कर रहे हो?' 'कुछ नहीं। बस, यों ही...।' 'ट्रायल के घोर आपातकाल में तुम्हारी जरूरत आन पड़ी है। और तुम तो जानते ही हो कि आड़े वक्त में शरीफ मित्र ही यूज किए जा सकते हैं।' शरीफ तो हूं, पर वैसे मैं इतना भी शरीफ नहीं! उनका मुंह अपनी ओर खुलते ही बहुधा दोस्तों के स्वार्थी इरादे भांप जाता हूं। पर जब उन्होंने हाथ पांव जोड़ निवेदन नहीं, आत्म निवेदन किया तो मेरे पैरों तले से बची जमीन सरकने लगी। ले बच्चे, आज फंसा बड़े अंतराल बाद अकाल दोस्त के चक्कर में। वैसे वह दोस्त ही क्या जो वक्त आने पर बेझिझके अपने दोस्त को नींबू की तरह निचोड़ कर न रख दे। 'कहो मित्र! दोस्तों से बदतमीजी के इस संक्रमणकाल में क्या जरूरत आन पड़ी है मेरी?' 'मैंने भ्रष्टाचार की वैक्सीन ईजाद की है।' 'बधाई हो! लाख रोकने के बाद भी आखिर तुम एक बार फिर समाज विरोधी कुकृत्य कर ही गए। डियर! मैंने तुम्हें कितनी बार कहा कि समाज में कुछ भी ईजाद करो, पर समाज विरोधी कुछ भी ईजाद मत करो। पता है तुम्हारे इस आविष्कार से समाज का कितना नुकसान होगा?' 'देखो! जो बन गया सो बन गया। अब मैं चाहता हूं कि मैं इस वैक्सीन का ट्रायल किसी स्वस्थ जीव पर करूं ताकि इसकी प्रमाणिकता सिद्ध हो सके।' अपनी महानता सिद्ध करने के लिए आज के दौर में हंस को भी गिद्ध होना पड़ता है, सो वे भी निःसंकोच हुए। 'तुम इसका प्रयोग किसी और पर क्यों नहीं कर लेते?' 'देश की ईमानदारी की सारी सर्वे रिपोर्टें छान मारी। पर हर रिपोर्ट का कहना है कि यहां सभी को भ्रष्टाचार का सांप सूंघ चुका है। अब मुझे लगता है कि...देखो इनकार मत करना, वर्ना मेरी सारी मेहनत पर अबके फिर पानी फिर जाएगा। क्योंकि मुझे पूरा विश्वास है कि तुम भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त हो।' अब आप ही बताइए कि मैं उनसे क्या कहूं? अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना कम से कम मेरी लत नहीं। मेरे तो इस वक्त आगे नाई है तो पीछे खाई।


अब समस्या ये कि भ्रष्टाचारी युग के महान आविष्कारक होने के लिए वे इस वैक्सीन का प्रयोग करें तो किस पर करें? मित्रो! शरीफ दोस्त और काठ की हांडी बार बार शातिर दोस्तों और चूल्हे की भेंट चढ़ती रही है। शरीफ दोस्त आड़े वक्त में दिल खोलकर यूज किए जाते हैं, और शरीफ दोस्त मजे से मौन यूज भी हो जाते हैं। सो थकहार कर पूरे आत्मविश्वास के साथ उन्होंने मुझे फोन लगाया। उनकी नजरों में मैं सिर से पांव तक ईमानदार कैटेगिरी का जीव हूं। भ्रष्टाचार के नाम पर मैंने भ्रष्टता का अचार खाना तो दूर छुआ भी नहीं है।


## नागरिक बोध

# दुनिया की ताकत से लोहा लेने वाले भारत की आखिरकार पाकिस्तान को आई याद

**अटल** बिहारी वाजपेयी कहते थे पड़ोसी कभी बदले नही जाते है। पड़ोसी देश से प्यार जताओ।लेकिन यह युक्ति ही बन कर रह गई। पाकिस्तान भारत के साथ ही था।जिस तरह से दो भाइयो का बंटवारा होता है वैसे भारत पाकिस्तान का हुआ। बड़े भाई भारत ने छोटे भाई पाकिस्तान की हर गलती को माफ किया। लेकिन बार बार गलती पर गलती के बावजूद स्नेह का हाथ बटाने की जगह पाकिस्तान ने भारत में बन्दूक और गोले बरसाने का काम किया। वसुधैव कुटुम्बकम की तर्ज पर भारत की परंपरा आज भी अक्षुण्ण है। तुर्किये जैसे देश मे भूकम्प में तबाह हुए हजारो लोगो के पुनर्वास और मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए भारत की मेडिकल टीम पहुंची। मानवीय सरोकार के अनुरूप मदद भेजी। जबकि वो पाकिस्तान का साथ आज भी देता है।तालिबानियों की हुकूमत बन्दूक के जोर पर आई। अफगानिस्तान से भारत के रिस्ते मजबूत थे। उसके बाद जब तालिबान हुकूमत के तुरन्त बाद अफगान की हालत खराब हुई तो भारत ने मानवीय सरोकार अपनाया। भारत पाकिस्तान की रिस्ते ही नही बिगड़े है। पाकिस्तान को दुनिया मे कोई रहम की नजर से नही देखता है। पाकिस्तान में आतंकवादियों की तालीम पर सरकार की जुगलबंदी को दुनिया नजदीक से देख रही है। दुनिया से कोई मदद के लिए पाकिस्तान पर मेहरबान नही है। भारत पड़ोसी देश था लेकिन कश्मीर को हड़पने की लालच में कश्मीर तो हड़पने में सफल नही हुआ। पर भारत के साथ रिस्ते बिलकुल बिगाड़ चुका है। देश दिवालिया की कगार पर है। भारत के साथ व्यापार की बात करने वाला उधोगजगत की मानसिकता मधुर संबंध स्थापित करने की रही है। लेकिन पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध बनाने के पूर्व आतंकवाद पर लगाम कसने की जरूरत है। भारत और पाकिस्तान के रिस्ते कड़वाहट भरे हो गए है। पाकिस्तान ने भारत के साथ जो किया है, वह दुश्मन देश भी नही करता है। हजारो सैनिको की हत्या और हजारो बहन बेटियो का सुहाग उजाड़ने वाले पाकिस्तान से कोई क्यो दोस्ती का हाथ बढ़ाएगा। भारत की करंसी पर पाकिस्तान की चमक मोदी सरकार के आने के बाद फीकी पड़ गई है। भारत की करंसी का कागज पाकिस्तान से आता था। उसी के आधार पर आतंकियों को डुप्लीकेट नोट से फंडिंग मुहैया कराते थे। भारत के करंसी पर भारत को ही बर्बाद कर आतंकवादियों को आबाद रखकर निर्दोष लोगों का लहू बहाने वाले पाकिस्तान से कैसे संबंध रख सकते है? उधोग जगत को अब भारत की याद आई है।वे जानते है कि भारत ही बेहतर कर सकता है। दुनिया मे पाकिस्तान जहा जा सकता था वहाँ जाकर आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। लेकिन मुस्लिम देश भी पाकिस्तान को मदद देने के लिए इंकार करते आ रहे है। भारत की कानून व्यवस्था ही नही हर कार्य बेहतर है।

# जंगली हाथियों ने दो कच्चे घरों को किया ध्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखंड अंतर्गत फुलसु पंचायत के बारिबाद ग्राम में बीते गुरूवार की रात्री जंगली हाथीयों ने जम कर उतपात मचाया और दो गरीब किसानों के मकान को पुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया इसके साथ ही भुमि पर लगे मक्का के फसल को भी रौंद कर बर्बाद कर दिया जिससे दोनो किसानों के मिला कर लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है।पीड़ित किसान बालकेश्वर यादव व ठाकुर दयाल यादव ने बताया की हम सभी परिवार घर में सो रहे थे की देर रात हाथियों द्वारा घर पर हमले से नींद खुली जिसके बाद घर से दूर भाग कर ग्रामीणों को हाथी के हमले की सूचना दी।हाथी द्वारा घर ध्वस्त करने से घर के मलबे में दबकर घर में रखे कई सामान भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गरीब किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि घर ध्वस्त होने की सुचना रात ही में वन पाल मंगल सिंह को दिया गया। सुचना पाते ही वन पाल सिंह बारिबाद ग्राम पहुंचे और ग्रामीणों की सहयोग से बड़ी मुसक्कत से कई घंटों के प्रयास के बाद हाथियों को गांव से खदेड़ा गया।वहीं शुक्रवार की सुबह सुचना पा कर उप प्रमुख सह फुलसु पंचायत के पंसस निशा शाहदेव, कांग्रेस युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव दो पीडितों के घर पहुंचे जहां हाथीयों द्वारा क्षतिग्रस्त किये गए घरों व फसलों का जायजा लिया। तत्पश्चात रेंजर राकेश कुमार से वार्ता कर ग्रामीणों के सुरक्षा के लिए मशाल, पटाखा व टार्च का मांग किया। वहीं उप प्रमुख शाहदेव ने बताया कि हमारे क्षेत्र मे बीते पांच वर्षो से किसानों के खेती को बर्बाद करने के साथ साथ कई किसानों का जान भी ले लिया है। जिससे किसानों का बड़ा नुकसान हो रहा है और विभाग मुआवजा के नाम पर खाना पुर्ती कर रही है। उचित मुआवजा नहीं देती है. यदि विभाग अब भी हाथीयों के झूड को क्षेत्र से नहीं निकालती है और मकान फसल क्षति के अनुसार मुआवजा नहीं देती है तो किसानों को लेकर सडक पर उतरेगें।समाचार लिखे जाने तक विभाग द्वारा मशाल, पटाखा व टार्च का व्यवस्था नहीं किया गया। और हाथी का झंड पास ही के जंगल में डटे हैं।

# कुष्ट रोग खोज अभियान से सम्बंधित बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में कुष्ट रोग खोज अभियान सम्बंधित बैठक किया गया।बैठक में बताया गया कि कुष्ट रोग खोज अभियान का संचालन जिले में दिनांक 15.06.2023 से 28.06.2023 तक किया जाएगा। उक्त अभियान के तहत सहिया, सहिया साथी द्वारा डोर टू डोर जांच कार्यक्रम किया जाएगा जिसके तहत सभी घरों में उपलब्ध लोगों की शारिरिक जाँच की जायेगी तथा कुष्ट रोग के प्रति उन्हें जागरूक किया जायेगा। उप विकास आयुक्त ने कुष्ट रोग खोज अभियान के तहत सूक्ष्मता से काम करने की जरूरत की बात कहते हुए कहा कि उक्त रोग के उन्मूलन के लिए कुष्ट रोग खोज अभियान अंतर्गत लोगों की जाँच कर जनमानस में जागरुकता वृहद रूप से किया जाए। बैठक में सिविल सर्जन चतरा श्याम नंदन सिंह, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल चतरा उपाधीक्षक मनीष लाल, जिला प्रबंधन इकाई चतरा, एन0 एल0 आर0 इंडिया फाउंडेशन सह राज्य समन्वयक, जिला कुष्ट कार्यालय प्रभारी समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## सीसीटीवी कैमरा, लाईट नहीं होने से बच रहे हैं अपराधी : अयुब खान

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा मुख्य शहर में सीसीटीवी कैमरा, लाईट नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले आसमान पर है। चालक अपनी चार पहिया व दो पहिया वाहन काफी तेज गति से चलाते हैं, शहर में बेखौफ होकर। दुर्घटना कर ग्रामीणों को जान लेकर अपराधी और असमाजिक तत्व बच जा रहे हैं। घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की पहचान नहीं हो पाती है। शहर में जब घटना घटती है,तो लोगों के मुंह से पहला शब्द निकलता है, कि सीसीटीवी कैमरा चेक करके देखिए अपराधी पहचान में आ जाएगा, लोग पुलिस से भी आग्रह करने लगते हैं कि सर सीसीटीवी कैमरा चेक करिए, अपराधी को जल्द पकड़िए, इसके बाद घटनास्थल के आस पास दुकानों में दुकानदारों द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरा को पुलिस खंगालने लगती है। कुछ दुकानों के सीसीटीवी कैमरे में अपराधी दिखाई ही नहीं देते हैं, कहीं साफ ही नहीं दिखता है। कहीं अंधेरा है कुछ दिखाई नहीं देता, शहर में घटना को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी को पहचान करने में पुलिस को भी काफी परेशानी होती है। जिसके साथ घटना हुई उसे भी न्याय नहीं मिल पाता है। अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से असुरक्षा का माहौल उत्पन्न होने लगता है। पुलिस प्रशासन का सीसीटीवी कैमरा होने से शहर और चौंक चौराहों पर अपराधिक घटनाओं पर लगाम लग सकती है। अपराधी बच नहीं पाएंगे, सुरक्षा और मजबूत हो जाएगी। सीसीटीवी कैमरे की माध्यम से पुलिस शहर की गतिविधियों को देख सकेंगे। घटना को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी की पहचान करने में पुलिस को काफी सुविधा होगी।घटना और दुर्घटनाएं शहर में घट रही हैं, चालक अपनी चार पहिया और दो पहिया वाहन को तीव्र गति से चला रहे हैं, ऐसे लोगों तक पहुंचने में सीसीटीवी कैमरा काफी सहायक साबित हो सकती हैं।

## पेड़ से गिरकर महिला घायल, रिम्स रेफर

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के सासंग पंचायत के सासंग ग्राम में एक महिला महुआ के पेड़ से गिर कर घायल हो गयी।आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मजीवन बीबी महुआ के पेड़ में चढ़कर डोरी का फल तोड़ रही थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गिर गयी। आसपास के लोगों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉ सुनील कुमार भगत ने प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर एसवीएम लातेहार के बच्चों ने किया पूर्वाभ्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शुक्रवार को लातेहार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में कक्षा नवम एवं दशम के भैया बहनों ने पूर्वाभ्यास किया। इसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं शारीरिक प्रमुख कपिल देव प्रमाणिक के नेतृत्व में पूर्वाभ्यास कराया गया। पूर्वाभ्यास में बच्चों को योग, मांडुकासन, त्रिकोणासन, हलासन, उष्टासन, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार, आसन प्रणाम, भ्रामरी, समेत अन्य अभ्यास कराया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि योग ही वह विद्या है जो हमें निरोग रख सकती है।योग से किसी भी रोग का संपूर्ण निवारण किया जा सकता है। इसके नियमित अभ्यास से शरीर में ओज, तेज, बल के साथ-साथ मन को शांति मिलती है। साथ ही हममें ऊर्जा का संचार भी होता है। नियमित रूप से हमें योग का अभ्यास करना चाहिए। वहीं श्री चौधरी ने बताया कि अपनी अंतरात्मा के साथ एकाकार होने के अनुभव को योग कहते हैं। आसन शरीर की वह स्थिति हैं जिसमें लोग अपने शरीर और मन के साथ स्थिर एवं सुख से रह सकें। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक व्यक्तित्व के विकास में भी आसनों का विशेष महत्व हैं। जबकि अन्य शुद्ध व्यायाम का प्रभाव केवल शरीर की मांसपेशियों एवं हड्डियों पर ही होता हैं। पूर्वाभ्यास में लाल बहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधेश्याम मिश्र, ममता त्रिपाठी, सुरेश ठाकुर, नीलम अंबासट्ठा, अभिनय कुंभकार, रेनू गुप्ता, गीता कुमारी गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्म प्रकाश प्रसाद, आलोक कुमार पांडे, फूलचंद सिंह, पूनम गुप्ता, कपिल देव प्रमाणिक, राकेश कुमार सिन्हा, रविंद्र कुमार पांडे, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, प्रवीण यादव ,अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक सहित विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए।

# अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद बजरंग दल स्थापना दिवस मनाने को लेकर रूप-रेखा तैयार

## हिंदू संगठन देश की सुरक्षा के लिए जरूरी है : अखिल नारायण सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल का बैठक जगतारनपुर जालिम में नीरज सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुई। एवं मंच का संचालन सरजू प्रसाद ने किया।बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विनय कांत और जिला उपाध्यक्ष अखिल नारायण सिंह उपस्थित रहे। इनके मार्गदर्शन में बैठक का रूप दिया गया। एवं आगामी 21 जून को हिन्दूसम्राट दिन उत्सव अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। एवं रुप रेखा तैयार किया गया।अखिल नारायण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए प्रगति और विकास के लिए हिंदू संगठन बहुत जरूरी है। जहां हिंदू कमजोर हुआ है, वहां देश खतरे में पड़ा है। वहीं जिला अध्यक्ष विनय कांत ने कहा कि लभ जिहाद कई प्रकार से किया जा रहा है। लभ, जिहाद मुस्लिम पुरुष हिन्दू महिलाओं को धर्मांतरित करने के लिए प्रेम, प्यार का दिखावा, धोखे, अपहरण और शादी जैसे तरीकों से लुभाते हैं। रोजगार, शिक्षा,सभी प्रकार के हथकंडे अपनाया जा रहा है। और हिंदू समाज कि महिलाएं झांसे में फंस जा रही है। उसके बाद उसका जीवन नर्क हो जाता है। इस बैठक में हरिप्रसाद, संतोष सिंह, रामपति सिंह, सुमन सिंह, रंजन सिंह, सूरज कुमार, बजरंगी, कुमार मिथुन, कुमार गोपाल सिंह, सुरेश्वर सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, सहित सैकड़ों लोग थे।

## खरीफ बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को बरवाडीह बाजार स्थित लैंपस में झारखंड सरकार द्वारा संचालित खरीफ बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अनुज शरण प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी उप प्रमुख विरेन्द्र जयसवाल, लैम्पस अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह की उपस्थिति रही। मौके पर सहकारिता पदाधिकारी अनुज शरण ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022- 23 में सूखे की मार झेल रहे किसानों को इस वर्ष राहत पहुंचाने के लिए समय से खरीफ धान बीज उपलब्ध कराई जा रही है जो 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषकों को उपलब्ध कराई जाएगी, फिलहाल धान बीज की किस्म आईआर 64 उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बीज वितरण में लैम्पस, पैक्स की सहभागिता सुनिश्चित होनी चाहिए और गांव के अंतिम सुयोग्य किसान तक कृषि योजना का लाभ पहुंचे, इसके लिए किसानों में जागरूकता फैलाने की जरूरत है। हालांकि बाजार में खाद, हाईब्रिड धान बीज का बड़े पैमाने पर गोरखधंधा ऊंचे दामों पर बेरोकटोक संचालित होते आ रहे हैं जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा नकेल कसी नहीं जाती है। मौके पर वरिष्ठ नेता अजय चंद्रवंशी, बनवारी सिंह बरवाडीह मुखिया पंसस प्रवीण कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## टेंपो पलटने से घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरु मगरदाहा पुल के पास शनिवार को अनियंत्रित होकर टेंपो पलटने से एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार अजय उराँव पिता स्वर्गीय फुलदेव उराँव उम्र 30 वर्ष ग्राम बड़गांव, थानां हेरहंज निवासी बालूमाथ बनियों से टेम्पू में सवार होकर अपने घर बड़गांव जा रहा था जहां नवादा चिरु के बीच मंगरदाहा पुल के समीप टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे वो घायल हो गया आस पास के लोगों द्वारा इसकी सूचना हेरहंज थानां प्रभारी सुभम कुमार को दी गयी सूचना मिलते ही हेरहंज पुलिस के जवानों द्वारा घायल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार के द्वारा उसे प्राथमिक इलाज कर उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया घायल अजय उरांव के चेहरा तथा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोट लगी है।

## कुष्ट रोग एलसीडीसी प्रोग्राम के तहत चल रहे कार्य को सीएचसी प्रभारी ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड क्षेत्र में कुष्ट रोग एलसीडीसी प्रोग्राम के तहत चल रहे कार्य को सीएचसी प्रभारी डॉ सुरेश राम ने बारियातू क्षेत्र का दौरा कर निरिक्षण किया। सीएचसी प्रभारी ने सिबला, राजगुरु, भाटचतरा, बारियातू सहित अन्य गाँव पहुंच कर कई सहियाओं द्वारा किए जा सर्वे और दीवार लेखन का निरिक्षण कर कई दिशा निर्देश दिए. स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष कुष्ट रोग को लेकर अभियान चलाया जाता है. कार्य करने के लिए सहियाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया था। सभी सहिया अपने-अपने पोषक क्षेत्र मे घर-घर जाकर कुष्ट रोगियों को लक्षण पहचान करने के लिए सर्वे कर रहे हैं। रोगी पाये जाने पर सीएचसी बालूमाथ मे नियमित उपचार किया जायेगा। उक्त अभियान 15 से 28 जून तक चलेगा। वहीं सहिया हलीमा खातून गौरी देवी सहित अन्य सहियाओं से मुलाक़ात कर कार्य करने व रोगियों को चिन्हित करने के लिए कई तरह के जानकारी दिया। मौके पर बीपीएम मृत्युंजय कुमार, पंकज पाण्डेय सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# सरयू घाटी में लगे रेलिंग का बेधड़क हो रहा चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न प्रकार की जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। और इस अभियान में सरकार के द्वारा प्रत्येक वर्ष लाखों रूपये खर्च किया जा रहा है। समय-समय पर जागरूकता अभियान, अति दुर्घटना संभावित स्थान पर स्पीड ब्रेकर, गार्डवाल, रेलिंग लगाया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटना को कम किया जा सके। परंतु एक कहावत है ना ÷भैंस के आगे बिन बजाना÷ और सरकार यही कर रही है जनता के आगे। सरकार चाहे कुछ भी कर ले हम नहीं सुधरेंगे। जनता के द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर अनदेखा तो किया ही जा रहा है साथ ही चोरों के द्वारा सड़क के किनारे लगाये गये रेलिंग का भी चोरी कर लिया जा रहा है। ऐसा ही वाक्या लातेहार-सरयू मार्ग के सरयू घाटी में में देखा जा रहा है। सरयू घाटी अति दुर्घटना संभावित घाटी है, जिसमें करीब 500 फीट खाई है। किसी प्रकार से यदि गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में गीर जाये तो शायद ही बचना मुमकिन है। यही खाई एवं दुर्घटना संभावित घाटी को देखकर विभाग के द्वारा इस घाटी में हरेक मोड़ पर स्टील का रेलिंग एवं मीरर लगाया है। जिससे दुर्घटना होने से रोका जा सके। परंतू चोरों के द्वारा मीरर एवं स्टील रेलिंग का चोरी बेधड़क तरिके से किया जा रहा है।

# 30 पेटी अवैध शराब के साथ एक सौदागर गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** पुलिस अधीक्षक चतरा के गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को राजपुर थाना अन्तर्गत रौशना मोड के पास जोलडीहा जाने वाली पक्की सड़क पर एक सफेंद रंग आल्टो कार पंजियन संख्या- छ्1102-6806 पर लदा 30 पीस पेटी अवैध नकली अंग्रेजी शराब के साथ बहादुर कुमार उम्र करीब 25 वर्ष पिता अशोक दाँगी ग्राम सिन्दुआरी, थाना- गिद्धौर, जिला-चतरा को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में राजपुर थाना काण्ड संख्या 44/23 दिनांक धारा-414/188/269/270/272/273/290 भा0द0वि0 एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है तथा काण्ड में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार तस्करों में बहादुर कुमार उम्र करीब 25 वर्ष पिता अशोक दाँगी ग्राम सिन्दुआरी, थाना-गिद्धौर, जिला-चतरा का नाम शामिल है। छापामारी टीम में पुअनि बिनोद कुमार थाना प्रभारी राजपुर, पुअनि नंदन कुमार सिंह, राजपुर थाना, सअनि नरेन्द्र प्रसाद मेहता, राजपुर थाना एवं थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## झामुमो में शामिल होने के बाद मनोज चंद्रा का कद बढ़ेगा, मयूरहंड से हजारों की संख्या में जाएंगे लोग सिमरिया

**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के सिमरिया में 19 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यक्रम होना है लेकिन इसका असर सिमरिया से करीब 70 किलोमीटर दूर मयूरहंड प्रखंड में देखने को मिल रहा है।इसी दिन मनोज चंद्रा झामुमो में अपने हजारों समर्थकों के साथ शामिल होंगे और आगामी विधानसभा चुनाव की शंखनाद करेंगे।मनोज चंद्रा को झामुमो में शामिल होने के सवाल पूछे जाने पर मधनियां निवासी लोकप्रिय समाजसेवी धर्मेंद्र दांगी ने प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए कहा कि आजसू को अलविदा कहने के बाद मनोज चंद्रा का कद मयूरहंड में पहले के अपेक्षा और भी बढ़ गया है।मनोज चंद्रा के समर्थन में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक हिस्से से हजारों की संख्या में लोग सिमरिया पहुंचेंगे जिसमें मयूरहंड भी शामिल है।आपको बता दें कि जबसे आजसू का चोला मनोज चंद्रा ने तन से उतारा है उसके बाद से दिन प्रतिदिन लगातार मनोज चंद्रा का वोट बैंक पूरे मयूरहंड क्षेत्र में बढ़ने लगा है।विधानसभा चुनाव में महज डेढ़ साल का समय रह गया है ऐसे में सभी राजनीतिक दल के नेता इसके प्रमुख आम जनता के बीच अभी से ही जाना शुरू कर दिए हैं।लेकिन लोगों में भी हाल के दिनों में एक नया ट्रेंड आया है और वह है आमजन भी शीशे की तरह हो चुके हैं और पल में टूट कर कहीं भी जा सकते हैं और ईवीएम पर किसी भी सिंबल पर उंगली दबा सकते हैं।

## सर्व ब्राह्मण समाज टंडवा ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह

# समाज ने नेत्रहीन सोमेश को किया विशेष सम्मानित सोमेश युवा वर्ग का है प्रेरणाश्रोत : ईश्वर दयाल पांडेय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टाउन हॉल टंडवा में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर व भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवम सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया। बैठक की अध्यक्षता अक्षयवट पांडेय ने किया व संचालन सुमन भारतीय के द्वारा किया गया। बैठक में इस वर्ष मैट्रिक और इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को समाज के पदाधिकारियों, प्रतिष्ठित जनों जिला विधायक प्रतिनिधि सह समाज के संयोजक अक्षयवट पांडेय, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, मुखिया नेतृत्वकर्ता विजय चौबे, बीजेपी मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी, झारखण्ड आन्दोलनकारी वरिष्ठ नेता कामेश्वर पांडेय के हाथों उपस्थित सभी प्रतिभावान बच्चो को सम्मानित किया गया। सम्मान कार्यक्रम में अपने जज्बा, जुनून और मेहनत से विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में नौकरी पाने वाले नेत्रहीन सोमेश कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रतिभाशाली मेधावी छात्रों में प्रेरणा कुमारी, पल्लवी कुमारी, प्रतिभा कुमारी, श्रेया कुमारी, सुहानी कुमारी, शैल प्रभा, प्रतीक कुमार, मयंक कुमार, आदित्य कुमार व अन्य को सम्मानित किया गया व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दिया गया। बैठक में वक्ताओं ने समाज की एकता पर ज़ोर दिया। समाज की कुरीतियों को दूर करते हुए अपनी संस्कार संस्कृति को बचाने पर बल दिया। उपेन्द्र पांडेय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। अन्त में शान्ति मंत्र के साथ बैठक की समाप्ति की गई।

# ढ़ोलिया गांव के कुंआ से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच पहचान करने में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के गेंजना पंचायत स्थित ढ़ोलिया गांव के टोला सलैया में शुक्रवार को सुनसान कुंआ से एक अज्ञात व्यक्ति का शव ग्रामीणों ने तैरते हुए देखा।कुंआ में होने की सूचना ग्रामीणों ने हंटरगंज पुलिस को दी।पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को बरामद किया और कुंए से बाहर निकाला। मृतक व्यक्ति का हाथ पीछे के बांधा हुआ था।तथा गला में रस्सी का निशान था।हत्या की अशंका जताया जा रहा है।पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही कुछ भी बताने को तैयार है।पुलिस सभी दृष्टिकोण से जांच करने में जुट गई है।शव बुरी तरह से पानी में सड़ चुका था।इस शव का पहचान नही हो पाया है।थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया की शव को पोस्टमार्टम करने के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा गया है।इसके बाद मृतक के पहचान के लिए कुछ समय तक के लिए थाना में रखा जाएगा।ताकि कोई इसका पहचान करें और शव को लें जाए।पहचान नही होने पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। थानेदार चौधरी ने आगे बताया की अज्ञात व्यक्ति की मौत पांच से छह दिन पूर्व हुई है।ढ़ोलिया गांव के कुंआ से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव,पुलिस स्थानीय लोगों से जांच व पहचान करने को कही है।समाचार लिखे जाने तक शव का पहचान नही हो

## सुभाषचंद्र बोस की क्षतिग्रस्त गोलम्बर का होगा मरम्मती




**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय के निकट स्थित सिमरिया चौक पर आजादी के महान नायक सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिस प्रतिमा को बेलगाम कोल वाहन ने 12 जून को अपने चपेट में लेकर गोलम्बर समेत पिलर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिसपर पदाधिकारी व प्रतिनिधि त्तप्रता बरतते हुए क्षतिग्रस्त पिलर व गोलम्बर का निरीक्षण जेई नितेश व अजय कुमार ने किया और मररमती कार्य की लागत राशि से प्रखंड पदाधिकारी को अवगत कराया। गोलम्बर का मररमती कराकर दुरुस्त कराया जाएगा। जेई के अनुसार गोलम्बर का मररमती कार्य रविवार तक पूर्ण हो जाएगा। जिस कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रखंड पदाधिकारी द्वारा व्यवस्था बनाया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली विभाग की लापरवाही के कारण खंभे से टकराकर खिलाड़ी हुआ बुरी तरह घायल

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड के अंतर्गत ग्राम चेपाखुर्द खेल मैदान में बिजली के खंभे से टकरा कर क्रिकेट खेल रहे क्रिकेट खिलाड़ी राहुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहुल अपने साथी खिलाड़ियों के साथ मैच खेल रहा था तभी गेंद पकड़ने के दौरान मैदान के बीच में लगे बिजली के खंभे से टकरा गया। टक्कर से राहुल के बाएं आंख और चेहरे में काफी चोट आई। घायल होने पर साथी खिलाड़ियों राहुल को बड़कागांव स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना से रागिब अफजल सहित अन्य खिलाड़ी काफी आक्रोश में थे। रागिब ने कहा के बिजली का खंबा मैदान के बीच में लगाया गया है और मैदान के बीच से बिजली का तार गुजरा है जिसे हटाने के लिए बिजली विभाग सहित जनप्रतिनिधियों को कई बार लिखित आवेदन दिया गया है। अभी तक बिजली विभाग के द्वारा बिजली खंभा और तार हटाने के लिए कोई पहल नहीं किया गया जिस कारण आज राहुल घायल हुआ है। अगर बिजली विभाग नींद से नही जागती है तो आने वाले दिन में बड़ी घटना घट सकती है।

### मुन्ना सिंह को कांग्रेस में शामिल किए जाने पर निसार खान ने दी बधाई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी अविनाश पांडे द्वारा समाजसेवी मुन्ना सिंह को कांग्रेस पार्टी में शामिल करने संबंधी आवेदन पर सहमति प्रदान करने तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार मुन्ना सिंह को पार्टी में शामिल करने हेतु कार्यक्रम निर्धारित किए जाने पर जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान नें नेता द्वय का आभार प्रकट करते हुए प्रखर समाजसेवी मुन्ना सिंह को हार्दिक बधाई दी है । श्री खान एक विज्ञप्ति जारी कर आशा व्यक्त कि है की मुन्ना सिंह के घर वापसी पर तथा उनके कुशल नेतृत्व में कांग्रेस की विचारधारा के साथ सभी सम्प्रदाय को एक ही धागा में पिरोकर जिला कांग्रेस के संगठन को युद्ध स्तर पर मजबूत बनाने में मुन्ना सिंह अपना महत्वपूर्ण योगदान देगें ।

### मुम्बई में अयोजित राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन- 2023 में शामिल हुए हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):**मुंबई में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन- 2023 में झारखण्ड प्रदेश के कई विधायकों के साथ हजारीबाग के बीजेपी विधायक मनीष जायसवाल भी शामिल हुए। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल होने के बाद हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि विभिन्न संस्कृतियों को संजोये देशभर से पधारे विभिन्न क्षेत्रों के विधायक साथियों से आत्मीय भेंट तथा ज्ञानवर्धक विचारों का आदान- प्रदान होना जहां लघु भारत का दर्शन करा रही है वहीं उनके सुखद अनुभव को जानने और अपने क्षेत्र से उनसभी को जनहित में उतारने का सकारात्मक अवसर मिल पाएगा। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि जनसेवा और क्षेत्र के विकास के साथ क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को पहलीरबार राष्ट्रीय फलक पर रखना और राष्ट्र के विभिन्न कोने से आए अन्य विधायक साथियों से उनके क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के बारे में जानना- समझना और फ़िर उनके अच्छे सोच को अपने क्षेत्र में धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता होगी । ज्ञात हो की देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में देशभर के विधायक और विधान पार्षद का महाजुटान हुआ है। यहां कई महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन और चर्चा होगी ।

### शारदा देवी मेमोरियल अंडर 16 टूर्नामेंट का फाइनल संपन्न

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सौजन्य से शारदा देवी वीमेंस मेमोरियल अंडर 16 क्रिकेट मैच का आयोजन बरही प्रखंड मैदान में खेला जा रहा है। शुक्रवार को बीएसए बरही व कुंदन क्रिकेट क्लब




कुमारडुब्बी के बीच फाइनल मैच सम्पन्न हुआ। बीएसए बरही की टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बीएसए बरही की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 157 रन बना पाई। जवाबी पारी खेलने उतरी कुंदन क्रिकेट क्लब कुमारडुब्बी ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य की प्राप्ति कर लिया। मैन ऑफ द मैच परी कुमारी 59 रन व एक विकेट लेकर बनी। निर्णायक की भूमिका सोनी कुमारी व ऋषि कुमार, स्कोरर अनिशा कुमारी व कमेंटेटर सोनम कुमारी ने निभाया। बतौर मुख्य अतिथि एसडीओ पूनम कुजुर शामिल हुई। एसडीओ पूनम कुजुर ने वीमेंस खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल में अनुशासन को बनाये रखें, जीत हार एक ही सिक्के के दो पहलू है। उन्होंने बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन की तारीफ करते हुए कहा कि संस्था खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास को लेकर कई काम कर रहा है। बरही जैसे जगह में बच्चियों के बीच इतना शानदार खेल होना उनके प्रतिस्पर्धा को निखारने का काम करेगा। मैच को सफल बनाने में बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, संतोष शर्मा, बसंत ठाकुर, सक्षम कुमार, सचिन कुमार शामिल थे।

# बड़कागांव में बेखौफ रूप से संचालित है अवैध आरा मशीन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के कई गांव में अवैध आरा मशीन संचालित है। जिससे आसपास के जंगल व गांवों से वन विभाग के बिना जानकारी चुपके से बड़े बड़े सखुवा, सागवान, सिमल, करम, गमहार, शीशम आदि किमती व उपयोगी पेड़ों को काटकर मशीन से चीरा जाता है। गांव में अवैध रूप से आरा मशीन रहने से आसपास गांव और जंगलों में अंधाधुंध पेड़ों की कटाई हो रही है। पेड़ों को कटाई से पर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है,



जिससे आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर पर्यावरणीय संकट का सामना करना पड़ सकता है।

**पेड़ों की कटाई से हो रहे हैं पर्यावरण को बड़ी क्षति :** आरा मशीन रहने के कारण बड़े पैमाने पर आसपास गांव तथा जंगलों की कटाई होती है जिससे पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुक़सान पहुंचाया जा रहा है। जंगलों की कटाई होने से हमेशा तापमान भी असंतुलित हो रहा है जिसके कारण लोगों को ज्यादा गर्मी का सामना करना पड रहा है। अधिक पेड़ कटाई से जलवायु पर इसका दुष्प्रभाव प्रभाव पड़ता है। अत्याधिक पेड़ों की कटाई से मृदा का कटाव होता है। एक समय था जब बड़कागांव के जंगलों में लोग जंगली जानवरों के डर से जंगल जाने से डरते थे। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से अब जंगली जानवर भी विलुप्त होते जा रहे हैं। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से लुरूंगा, इंद्रा, पसेरिया, गाली, बलोदर, चपरी, जोराकाठ, सेहदा, रुद्दी, मोतरा, महूदी पहाड़, आंगों जंगल, बरसो पानी जंगल, चेलंगदाग जंगल, सहित अन्य जंगल अब खाली खाली नजर आते हैं। समय रहते बड़कागांव के लोग अगर जागरूक नही हुए तो आने वाला नसल जंगल देखने के लिए तरस जाएगा। वन विभाग के द्वारा अगर कड़ी करवाई नही की गई तो जंगल के भक्षक जंगलों को नष्ट कर देंगे।

नापोखुर्द और गोंदलपुरा में अवैध रूप से संचालित आरा मशीन के बारे में बड़कागांव वनरक्षी भोला साहू से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि नापोखुर्द में 8-10 संख्या एक गिरोह है जो मिलकर अवैध आरा मशीन अपने घरों में चलाते हैं। इससे पूर्व आरा मशीन मालिकों के विरुद्ध करवाई की गई है तथा आरा मशीन ट्रैक्टर से भरा लकड़ी का बोटा जप्त किया गया है। हमारी जानकारी में तो नहीं है लेकिन अगर अवैध आरा मशीन संचालित होगा तो उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए मशीन तथा लकडी का बोटा को जप्त किया जाएगा।

## हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के खिलाड़ियों ने दिल्ली में हजारीबाग का परचम लहराया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ताइक्वांडो संघ के चार खिलाड़ियों ने दिल्ली एनसीआर में आयोजित 68 वी राष्ट्रीय स्कूली गेम प्रतियोगिता कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में देश भर के कई खिलाड़ी शामिल हुए। खेल के दौरान शहर की दो बेटियों ने वनिता परासर अंडर 63 किलो वर्ग एवं सौम्य ऐकत अंडर 44 किलो वर्ग ने कांस्य पदक हासिल किया। खेल की समाप्ति के उपरांत हजारीबाग आगमन पर शुक्रवार को शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय परिसर में दोनो बेटियों से मुलाकात कर उनका हौसला अफजाई करते हुए उन्हें शॉल देकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। साथ ही उनके कोच रोशन चौहान एवं ताइक्वांडो संघ के सचिव हेमंत कुमार को भी बधाई दिया।

## राष्ट्रीय ड्रैगन बोट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** जवाहर घाट स्थित फोरेस्ट गेस्ट हाउस से 11सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता का शानदार तरीके से शुभारंभ किया गया।सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत ड्रैगन बोट एसोसिएशन ऑफ़ झारखण्ड के डायरेक्टर संतोष प्रसाद, जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष सह श्रीदस के प्राचार्य रोहित सिंह,सचिव समीर अम्बष्ट एवं हजारीबाग जिला ड्रैगन बोट एसोसिएशन के सीनियर कनवेनर



आलोक कुमार जी के द्वारा इस प्रतियोगिता में आए सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत सॉल और बुके देकर किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में आए सभी पत्रकार बंधुओं का भी स्वागत सॉल देकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारे झारखंड के इतिहास में पहली राष्ट्रीय स्तर की ड्रैगन बोट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जा रहा है। जहां देश के हर एक कोने से खिलाड़ियों की टीम इस प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंच चुकी है। उन सभी प्रतिभागियों का हम स्वागत करते हैं । तत्पश्चात उन्होंने ड्रैगन बोट का उदघाटन कर बोट को प्रतियोगिता के लिए रवाना किया। जिन टीमों ने आज ड्रैगन बोट प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें दिल्ली, पंजाब और हरियाणा की टीम शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रुप में एसपी मनोज रतन चौथे, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो आदि मौजूद थे।

## डीडीसी की अध्यक्षता में मनरेगा व आवास योजना को लेकर समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में मनरेगा एवं आवास योजना की समीक्षा की गई। समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त द्वारा आधार आधारित भुगतान, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना ,बिरसा हरित ग्राम योजना ,वीर शहीद पोटो हो खेल



विकास योजना, एन एम एम एस ,अमृत सरोवर ,मानव दिवस सृजन, एरिया ऐप ,डोभा निर्माण योजनाओं की पूर्णता की विस्तृत समीक्षा की गई। उक्त बिंदुओं पर एक सप्ताह में आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जिले में लंबित 3155 आवासों को जल्द पूर्ण कराने के संबंध में समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक के दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को जून माह में लंबित आवासों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

## प्रशिक्षण एवं प्रत्यक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** शुक्रवार को अम्बेडकर भवन श्यामपट्टी चरही में केंद्रीय वर्षाऋतु उपराऊं भूमि चावल अनुसंधान केंद्र हजारीबाग के द्वारा अंगीकृत ग्राम चरही प्रखंड चुरचू हजारीबाग में अनुसूचित जाति उप योजना अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय खदान वर्ष 2023 के अंतर्गत मडुआ फसल की उन्नत खेती विषय में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । वही प्रशिक्षण में डॉक्टर सौभ्य शाह और डॉक्टर शिवमंगल प्रसाद द्वारा 25 से 30 कृषको को मडुआ की खेती के बारे में समझाया कि किस तरह हम लोग मडुआ की खेती कर सकते हैं उन्होंने



बताया कि यह बीज 4 साल तक प्रयोग किया जा सकता है और मडुआ का खेती में कीड़े बीमारी लगने का संभावना बहुत कम रहता है नर्सरी होने के 21 दिन बाद खेत में लगा देना है मडुआ की फसल 120 दिनों में हो जाती है वहीं उन्होंने कृषको को बताया कि किसी तरह की परेशानी होने पर हम से डायरेक्ट फोन से संपर्क कर पूछ सकते हैं उन्होंने हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया है उन्होंने एक बोरी मडुआ के अच्छी किस्म बीज भी कृषको को दिए। वही मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी महालाल हंसदा , दिनेश्वर रविदास , सनी गंजू ,राजू कुमार अंबेडकर, चरण रविदास, शिव रविदास नरेश रविदास, मुटुन रविदास , बलदेव रविदास अमर कुमार दास संदीप कुमार सहित अन्य कृषक भी शामिल थे।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो की जानकारी नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित समिति अन्य सदस्यों से ली, साथ ही जिले में स्थित भैरवी नदी व दामोदर नदी के जितने भी सहायक नदियां हैं उनकी साफ-सफाई को लेकर उप विकास आयुक्त ने भुवन गंगा ऐप के संबंध में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को



जानकारी देते हुए बताया कि जिले में जितने भी वाटर ड्रेनिंग या डंपयार्ड है उनकी मैपिंग कर भुवन गंगा ऐप पर अपलोड करना है इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं नगर परिषद रामगढ़ को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर जिले में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी श्री समीर कुल्लू, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल रामगढ़, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण पदाधिकारी रामगढ़, नगर परिषद के पदाधिकारी, समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड में हुआ शिविर का आयोजन



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत शुक्रवार को पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत दुर्गा मंडप के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर का आयोजन किया गया। राजकुमारी फाउंडेशन के सहयोग से क्रियान्वित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड अंतर्गत पतरातू पंचायत के चार अन्य केंद्रों को भी शिविर में शामिल किया गया है जिसके माध्यम से पतरातू बस्ती, पतरातू भुईयां टोली, शांति मोहल्ला एवं ब्लॉक मोड़ पतरातु के निवासी शिविर में जाकर अपने बच्चों की स्वास्थ्य जांच करवा सकते हैं। शिविर के दौरान राजकुमारी फाउंडेशन द्वारा चिन्हित कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु 15 दिनों तक कुपोषित बच्चों को आहार विशेषज्ञ की निगरानी में विशेष भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही अभिभावकों की काउंसलिंग भी की जाएगी। शिविर के दौरान कुल 34 बच्चों की कुपोषण जांच की गई जिनमें 2 बच्चों को गंभीर रूप से कुपोषित पाया गया एवं उनके पोषण में सुधार हेतु कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पतरातु अनुपमा मिंज, महिला पर्यवेक्षिका कीर्ति मिंज, अनिता कुमारी, आयशा खातून, शिखा भारद्वाज, संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं

**विस्तृत कवरेज़ :** एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी।

**भंडार कक्ष :** यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा।

**कार्य :** यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने मे सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड वेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रतेक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी।

**लक्षित समूह :** उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे एवं उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे

**सेवाएं :** चलित कुपोषण उपचार वाहन द्वारा दो तरह की सुविधाएं दी जाएंगी।

**नियमित भोजन :** कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उपायुक्त पौष्टिक भोजन दिन में तीन बार दिया जाएगा यह भोजन विशेषज्ञ की देखरेख में बनाया जाएगा।

**टेलीमेडिसिन :** यह मेडिकल वैन रोस्टर के अनुसार गांव- गांव जाएगी और कुपोषित बच्चों के साथ- साथ वयस्कों के लिए टेलीमेडिसिन पर काम करेगी।

## विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितता के संबंध में कुलपति से मिला छात्र मोर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में पूर्वे के विभिन्न माँगों को ले कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल कुलपति से मिला। विश्वविद्यालय अंतर्गत कार्य कर रहे सिक्योरिटी कंपनी पर पूर्व में और हाल में कई आरोप लगे वहीं लगभग तीन महीने पूर्व ही इनकी निविदा की अवधि समाप्त हो गई है पर विश्वविद्यालय के द्वारा अगले आदेश तक की अवधि दे दी गई हो जो कहीं से तर्क संगत नहीं है।विश्वविद्यालय में कैंटीन की व्यवस्था सुचारू नहीं है जिसे तत्काल प्रारंभ करने कि माँग की गई। विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे रिटायर्ड कर्मियों पर तत्काल रोक लगाई जाये।राज्य सरकार के द्वारा



स्पष्ट निर्देश दिया गया है की सेवा निवृत कर्मियों को किसी भी हाल में सेवा विस्तार नहीं दिया जाए। परीक्षा विभाग में छात्रों को किसी भी कार्य हेतु फॉर्म भरने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था ही किया है जिससे छात्रों को व्यर्थ में पैसा बर्बाद करना होता है अतः आग्रह है की इस कार्य हेतु तत्काल ऑफ लाइन फॉर्म भरने की व्यवस्था कि जाए। विश्वविद्यालय में शिक्षकों को एक से अधिक पूर्ण कालिक पदों पर रखा गया है जो कहीं से जायज़ प्रतीत नहीं होता।विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे कर्मियों का वेतन निर्धारण कई वर्षो से लंबित है पर कारवाई कि जाए।विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे निविदा कर्मियों का एक कार्य एक वेतन को अविलंब लागू किया जाए और विधि महाविद्यालय में एलएलएम में नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण कि जाए। इन मामलों को लेकर छात्र मोर्चा के विश्वविद्यालय अध्यक्ष चंदन सिंह ने आवेदन दे कर कुलपति से मुलाक़ात किया जिसपर कुलपति ने तत्काल सभी माँगों पर उचित कारवाई करने का आश्वासन दिया।मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे अखूतर हाशमी,सुनील कुसवाहा,अनिल कुमार,साजन कुमार।

## प्रगतिशील मगही समाज की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रगतिशील मगही समाज बैठक हुई, जिसका अध्यक्षता केंद्रीय पंच शाखा सचिव देवकी प्रसाद और मंच संचालन जिला सचिव धनंजय कुमार ने किया । देवकी प्रसाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्राउटिस्ट सर्व समाज के तत्वधान में भारतवर्ष के 44 जन गोष्ठी आधारित समाज के लोग धरना में भाग लेंगे ,हमें राज्य नहीं समाज चाहिए समाज से देश में खुशहाली आएगी । राज्य का बंटवारा राजनीतिक षड्यंत्र के तहत किया गया है इसके विरोध में धरना दिया जा रहा है । बैठक को संबोधित करते हुए युवा सचिव मनोज मेहता ने कहा कि कृषि को उद्योग का दर्जा दिलाने के लिए आगामी 25 सितंबर 2023 को जंतर मंतर पर एक दिवसीय



धरना दिया जाएगा। इसके लिए हजारीबाग के लोगों से आह्वान किया कि आप लोग अधिक से अधिक संख्या में धरना में भाग लेकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने का काम करें । केंद्रीय संयुक्त सचिव प्रमोद ने जोर देते हुए कहा कि स्थानीय संसाधनों पर रोजगार सृजन कर स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाए खनिज संपदा हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा । जिला पंच शाखा सचिव कुलेश्वर यादव ने कहा कि धरना को सफल बनाने के लिए हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों में बैठक कर लोगों को जागरूक किया जाएगा । संगठन सचिव बालेश्वर मेहता डॉ सुरेश और भी वक्ताओं ने बैठक को संबोधित किया इस बैठक को सफल बनाने में विशेष योगदान पदमा प्रखंड सचिव राजू रजक, सदर प्रखंड सचिव सुरेश मेहता, बजरंगी शर्मा इत्यादि लोगों ने भाग लिया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## नीट यूजी में फिजिक्स वाला के छात्रों ने बिखेरा जलवा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फिजिक्स वाला,भारत का अग्रणी एड-टेक प्लेटफॉर्म, जो बड़े पैमाने पर शिक्षा को सुलभ बना रहा है, ने नीट यूजी परिणाम 2023 में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है।पीडब्ल्यू नीट बैच के कुल 15 छात्रों ने 700 से अधिक अंक प्राप्त कर मिसाल कायम किया।



इसके अलावा, पीडब्ल्यू के नीट बैचों के 20,000 से ज्यादा छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ नीट परीक्षा क्वालीफाई किया। फिजिक्स वाला के टॉप स्कोरर में सैमुअल हर्षित एआईआर-24, निशांत शर्मा एआईआर-28 सुमेघा सिन्हा एआईआर-39, प्रयास राउत एआईआर-67, एमडी रेजाउल्लह एआईआर-134 और प्रांजल सिंह एआईआर-150 शामिल हैं।परीक्षा के लिए 20 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया और 1145976 ने क्वालीफाई किया। इस वर्ष, पीडब्ल्यू के शिक्षकों द्वारा ट्रेन किए गए 20,000 से अधिक छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की और मेडिकल कॉलेजों में सीटें सुरक्षित किया। 9,000 से अधिक पीडब्ल्यू छात्रों ने 600 से ऊपर अंक प्राप्त किए, जबकि 1,500 से अधिक पीडब्ल्यू छात्रों ने 650 से अधिक अंक प्राप्त किए।

## सरकारी योजना का ग्रामीण लाभ लेने के लिए आगे आए और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के होन्हे पंचायत भवन परिसर में लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरी का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश लाभुकों के बीच 13 यूनिट बकरी व 3 यूनिट सुकर व 5 युनिट बतख वितरण किया।बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार बेरोजगार युवाओं, विधवा महिलाओं को अनुदान पर बत्तख, बॉयलर व गो पालन के लिए पशुधन दे रही है। ताकि उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। बकरी पालन कर आमदनी का एक अच्छा स्त्रोत है। इससे किसान समृद्ध बन सकते हैं। बकरी पालन योजना आय का प्रमुख स्त्रोत है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना शुरु किया है। ग्रामीण योजना का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें। मौके पर प्रखंड पशुपालन अधिकारी डॉ संगीता कुमारी मुखिया राजीव मेहता मोहित पटेल महेंद्र ओहदार हेमलाल महतो सुदर्शन महतो प्रमांन्द महतो आदि।

## जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में रिम्स के नए प्रभारी निदेशक का नेताओं ने किया स्वागत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा रामगढ़ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में महामंत्री खिरोधर साहू,मंत्री सह मुखिया राजेंद्र कुशवाहा एवं भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने सदर हॉस्पिटल जाकर रिम्स के नवनियुक्त प्रभारी निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा की रामगढ़ सदर हॉस्पिटल में सेवा दे चुके डॉ राजीव गुप्ता को रिम्स का प्रभारी निदेशक नियुक्त करना पूरे रामगढ़ वासियों के लिए हर्ष का विषय है साथ हीं हम आशा करते हैं की रिम्स को नए और अनुभवी निदेशक मिलने के बाद अबवहां के मरीजों और अस्पताल की स्थिति में सुधार आएगी।

## छोटकीटोंगी का मंगरदाहा नदी गया सुख, लोगो व पशु-पक्षियों की बढ़ी परेशानी

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र मुख्यालय के करीब गांव छोटकीटोंगी से होकर बहने वाली मंगरदाहा नदी पूरी तरह सूख गई हैं। इससे आम लोगो व पशु, पक्षियों के दिनचर्या का साधन पानी का विकराल समस्या उत्पन्न हो गया हैं। शुक्रवार को ग्रामीण शिवदेव बेदिया, शत्रुधन बेदिया व अन्य बताते है कि गांव बुमरी, कजंगी, चुंबा, चपरी, छोटकीटोंगी, सिरका बुधवार, झोपड़ी अरगड्डा समेत कई जगहो के लोगो को 12 माह मंगरदाहा नदी में स्नान, ध्यान, नित्यक्रिया करने के लिए पानी की आवश्यकता पूरी होती थी। जबकि मवेशियों को जंगली क्षेत्रों में चराने के बाद पानी मिलता था। वन क्षेत्रों में रहने वाले जानवरों पशु पक्षियों की भी जल समस्या दूर होती थी। लेकिन बीते 15 दिनों से मंगरदाहा- पड़ारुनाला -बुमरी- चुंबा के बीच बहने वाली नदी से जल लुप्त हो गया हैं। केवल कुछ जगहो पर थोड़ा गंदा पानी जमा हैं। जो सभी की प्यास व जरूरत पूरी नहीं कर सकता हैं। नदी में रहने वाले मछली, जलजीव की क्षति हो रही हैं।

# पानी जुटाने को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकरों के समक्ष लोगों की भीड़ रही उमड़

### पुख्ता इंतजाम जल के लिए नहीं हुए तो हालत आगे और होंगे खराब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका क्षेत्र से सटे ग्रामीण क्षेत्रों की हालत पानी बगैर मछली की जैसे होते जा रही हैं। कई कुआं व चापाकल दमतोड़ रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित मंझलाचुंबा चांदनी चौक का नजर में आया हैं। यहां के लोग पानी के टैंकर आते ही दर्जनों की तादाद में डेकची, परात, प्लास्टिक के डिब्बे लेकर टैंकर के समक्ष लाइन लगाकर पानी लेने के लिए हुज्जत करते हुए दिखाई पड़ जाएंगे। ग्रामीण बताते हैं कि चांदनी चौक मंझलाचुंबा में तकरीबन 500 घर हैं। यहां की आबादी करीब 25 सौ से तीन हजार के बीच हैं। लेकिन जल स्रोतों की व्यवस्था यहां इस अनुपात में नहीं हैं। जिसके कारण गर्मियों में पानी की जरूरत के लिए लोगों के बीच हाहाकार मच जाता हैं। बताया कि बड़काचुंबा के उपमुखिया अंजली देवी, पंसस, पंचायत वार्ड सदस्यो से गुहार लगाने के बाद हमलोगों को 2 से 4 दिनों के अंतराल में टैंकर से पानी मिल पा रहा हैं। जबकि प्रतिदिन पानी की आवश्यकता को पूरी करने के लिए गांव में इधर उधर भटक कर दूसरे टोले से कुछ डेकची, बाल्टीयो में पानी ला पाते हैं। वर्तमान समय में पानी के अभाव में घरेलू दिनचर्या काफी मुश्किलों से गुजर रही हैं। इस समस्या को लेकर आगे हमलोग सड़क पर उतरने वाले हैं। इधर पानी की जरूरत लगातार बढ़ती जा रही हैं। जबकि पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही हैं। जो आने वाले समय के लिए ठीक नहीं हैं। इसके लिए ठोस कदम उठाना पड़ेगा।



## भुरकुंडा रेलवे साइडिंग के कोयले में लगी आग पर गिरिडीह सांसद की प्रेस विज्ञप्ति

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने धनबाद रेल मंडल के भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में पिछले एक महीने से ज्यादा समय से जल रहे सैकड़ों टन कोयले के गंभीर मामले का एक वीडियो साझा कर केंद्र सरकार से मामले में संज्ञान लेने लेने का आग्रह किया।श्री चौधरी ने कहा, ÷भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में पिछले एक महीने से स्टॉक में आग लगी हुई है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।÷अपने ट्वीट में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, केन्द्रीय रेलवे मंत्री इस विषय पर गंभीरता से संज्ञान लें ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो।÷गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने आगे कहा, ÷पिछले एक महीने से लगातार सैकड़ों टन कोयले में आग लगी हुई है। इससे आसपास के पूरे इलाके में धुएं की चादर बन गई है। आसपास के इलाकों में रह रहे आम लोगों एवं मजदूरों को इससे सांस लेने समेत अन्य कई परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। श्री चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा, ÷कई मजदूर सांस की समस्या से ग्रसित हो चुके हैं। छोटे बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्गो को भी कई तरह की बीमारियां हो रही है, लेकिन धनबाद रेलवे डिवीजन को इन सब की जानकारी नहीं है।÷धनबाद रेलवे डिवीजन के पूरे घटनाक्रम से अनभिज्ञता पर रोष प्रकट करते श्री चौधरी ने कहा, धनबाद रेल मंडल को इसकी जानकारी तक नहीं है। साइडिंग स्टेशन के बीच चलाया जा रहा है। जब इस बात की जानकारी धनबाद रेलवे डिवीजन के डीआरएम एवं एडीआरएम को दी तो उन्होंने इस पर जांच कराने और संज्ञान लेने की बात कही है।

## राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण व रोकथाम कार्यक्रम के तहत के तहत हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ0 प्रभात के नेतृत्व में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा डेंटल फ्लोरोसिस एवं स्केलेटल फ्लोरोसिस के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को सभी सीएचओ एवं सहियाओं के माध्यम से घर-घर जाकर फ्लोरोसिस की जांच करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। वही उन्होंने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा वैसे जल स्रोत जहाँ फ्लोराइड की मात्रा अधिक है वैसे स्थानों पर विशेष रूप से ध्यान देने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।जिला नोडल पदाधिकारी डॉ0 सविता वर्मा द्वारा उपस्थित सभी को जानकारी देते हुए बताया गया कि यह बीमारी दांत एवं हड्डी प्रभावित करती है। इसमें हड्डियां टेढ़ी हो जाती है एवं दांतो में भूरे धब्बे एवं क्षरण प्रारम्भ हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि फ्लोरोसिस बीमारी से बचने के लिए हमे अपने आहार में ज्यादा से ज्यादा पौष्टिक आहार शामिल करना चाहिए साथ ही नियमित व्यायाम करनी चाहिए।

## आकाश बायजू रांची के 3 छात्रों ने नीट यूजी 2023 में शानदार परिणाम दर्ज किए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, रांची के आकाश बायजूएस के 3 छात्रों ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (ह्श्वश्व्ञ्ज) त्र 2023 में प्रभावशाली परिणाम हासिल करके संस्थान, उनके माता-पिता और संस्थान का पूरा स्टाफ को गौरवान्वित किया है ।टॉप स्कोरर प्रियब्रत पाधी हैं जिन्होंने 700/720 स्कोर किया और एआईआर 238 हासिल किया, ममता कुमारी ने एआईआर 376 के साथ 696 और अंकित सिंह ने एआईआर 493 के साथ 695 स्कोर किया। परिणाम कुछ दिन पहले राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा घोषित किए गए थे।उपरोक्त तीनों के अलावा, 34 छात्रों ने 600 अंक प्राप्त किए और 14 छात्रों ने 720 में से 650 अंक प्राप्त किए।नीट को क्रैक करने के लिए छात्र दो साल के क्लासरूम प्रोग्राम में आकाश बायजूस में शामिल हुए। उन्होंने एनईईटी में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने के अपने प्रयासों और अपने सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन को दिया। हम आभारी हैं कि आकाश क्चङ्घछ्व'स् ने दोनों में हमारी मदद की है। वरना हमने कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझा होगा, उन्होंने कहा।छात्रों को बधाई देते हुए, अजय बहादुर सिंह, रीजनल डायरेक्टर, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कहा, हम छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं।





### कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
दूरभाष: (06526) 222932, फैक्स: 224599
ई-मेल: ssaloh@rediffmail.com, lohardagassa@gmail.com

आदर्श विद्यालय योजनान्तर्गत लोहरदगा के 02 उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में सीबीएसई के तहत अंग्रेजी माध्यम से संचालित होनेवाले विद्यालयों में कक्षा–11 में नामांकन संबंधी आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के अभिनव प्रयास के तहत् सरकारी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत् राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) से संबद्धता (Affilliation) प्राप्त कर विद्यालय का संचालन अंग्रेजी माध्यम से प्रारंभ किया जा रहा है। संबंधित विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा दी जायेगी।

| क्र0 | विद्यालय का नाम | नामांकन |
|---|---|---|
| 01 | जिला सी .एम., एस.ओ.ई, नदिया हिन्दू, लोहरदगा | बालक एवं बालिका |
| 02 | कस्तूरबा सी .एम., एस.ओ.ई, बालिका लोहरदगा | केवल बालिका |

अतः कक्षा–11 में नामांकन लेनेवाले अभ्यर्थियों/अभिभावकों से अनुरोध है कि संबंधित विद्यालय में दिनांक 19.06.2023 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से आवेदन पत्र प्राप्त करेंगें। नामांकन हेतु संबंधित विद्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30.06.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक होगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 300273 Lohardaga (23-24)_D



### कार्यालय, महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, (कैम्प कार्यालय) गढ़वा। प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना

**आम सूचना**

प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अन्तर्गत दिनांक 15.06.2023 से 15.07.2023 तक विशेष अभियान के तहत ऋण लेकर अपना उद्यम स्थापित करने हेतुं इच्छुक उद्यमियों से online आवेदन पत्र जमा करने हेतु प्रत्येक प्रखण्ड में Distsrict Resource person प्रतिनियुक्त है।

ii) आवेदन पत्र पहले आओ पहले पाओ के आधार पर खाद्य प्रसंस्करण उद्यम आवेदन पत्र निश्पादन किया जायेगा।

iii) नई उद्यम स्थापन या उन्नयन पर अधिकतम 1.00 (एक) करोड़ तक की परियोजना और FPO/स्वयं सहायता समूह/सहकारिता समूह के लिए अधिकतम 10.00 (दस) करोड़ तक की परियोजना बैंको के माध्यम से ऋण मुहैया कराने का प्रावधान है।

iv) मार्जिनमनी–लाभार्थी को परियोजना का 10% स्वंय को अंशदान अनिवार्य है।

v) अनुदान– नई उद्यम/ उन्नयन पर Subsidy परियोजना लागत का 35% अधिकतम 10.00 (दस लाख) तथा FPO/स्वयं सहायता समूह/सहकारिता समूहों के उद्यम को Subsidy परियोजना लागत का 35% अधिकतम 3.00 (तीन) करोड़ तक देय होगा।

उम्र–न्यूनतम उम्र–18 वर्ष अधिकतम–कोई उम्र सीमा नहीं।

महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र, पलामू।

PR 300232 Industries(23-24)D



### GOVT.OF JHARKHAND OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRICATIO N DIVISION, RANCHI

अति अल्पकालीन कोटेशन संख्या– 02/2023-24 आमंत्रित किया जाता है।

**Letter No. Dated-**

Rate through e-quotations are invited for "Material" category annexed as 5 H.P Solar Pump. VFD Solar Panel set Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacture/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Ranchi, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance work shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 16.06.2023 2:00 P.M to 24.06.2023 at 5:00 P.M. The technical envelope will be opened on 26.06.2023 at 12:00 P.M.

The quotation is invited to ascertain and assess the rate of Materials at par the lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division, Ranchi

**Executive Engineer,
Minor Irrigation Division,
Ranchi**

PR300250 (Minor Irrigation)23-24*D



### समाहरणालय,गढ़वा (पंचायत शाखा)

**प्रेस विज्ञप्ति**

उप निदेशक, पंचायत राज विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक – 1430 राँची दिनांक – 15.06.2023 के आलोक में गढ़वा जिलान्तर्गत पंचायत सचिव के पद पर अनुशंसित अभ्यर्थियों को दिनांक – 22.06.2023 के पूर्वाह्न 11:00 बजे मोरहाबादी मैदान, राँची में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने हेतु सूचित किया जाता है। इसके निमित सभी अभ्यर्थियों, औपचारिक परिधान (पुरूष–सफेद फूल शर्ट एवं गहरे रंग, काला, कॉफी, भूरा, नेभी ब्लू कलर का फूलपैंट तथा जूते, महिलायें–प्लेन साड़ी अथवा हल्के रंक का सलवार सूट) में दिनांक – 22.06.2023 को प्रातः 5:00 बजे समाहरणालय परिसर गढ़वा से बस द्वारा मोरहाबादी मैदान, राँची के लिये प्रस्थान करेंगे।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 300231 Panchayati Raj(23-24).D



### कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा

**2nd call**

का0 आ0 सं0– 12/जि०प० दिनांकः– 16.06.2023

विभिन्न भवनों, परिसम्पतियों का निर्माण, मरम्मति एवं नवीनीकरण मद से खूँटी जिलान्तर्गत कर्रा प्रखण्ड में **RECREATION PARK** का निर्माण किया जाना है। उक्त के आलोक में विभिन्न शर्त्तों के साथ मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कम्पनी/फार्म दिनांक 23.06.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप द्विलिफाफा प्रणाली (Double Envelope System) के अनुसार मुहरबंद निविदा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 23.06.2023 के अपराह्न 04:00 बजे उक्त योजनाओं के लिए गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की शर्तें, कार्य की विवरणी/उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी खूँटी जिला के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 300253 District(23-24)D



### कार्यालय जिला परिषद, पलामू।

**नावघाट बन्दोबस्ती हेतु आम डाक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पलामू जिला परिषद, अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों (तरणीघाटों) का वर्ष 2023–24 के लिए बन्दोबस्ती आम डाक के द्वारा दिनांक 28.06.2023 को 11:00 AM बजे दिन में उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। जो व्यक्ति या संस्था डाक बोलना चाहे वे उक्त तिथि को निर्धारित समय से पूर्व जिला परिषद, पलामू कार्यालय में कॉलम संख्या– 6 में अंकित जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट (जो सचिव, जिला परिषद, पलामू के पदनाम से देय एवं डालटनगंज में भुगतेय होगा) के साथ अपना नाम दर्ज करा लेंगे तदोपरान्त उन्हें डाक में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी।

डाक की कुल राशि डाक समाप्ति के तुरन्त बाद एक मुस्त जमा करा देना होगा। इच्छुक व्यक्ति को डाक से पूर्व अपने पहचान पत्र की छायाप्रति कार्यालय में जमा करना आवश्यक होगा। जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट की पूर्व की बन्दोबस्ती की राशि बाकी होगी उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा। डाक की बोली 10000.00 रूपये के अन्तर का होना अनिवार्य होगा।

उच्चतम डाक बोलने वाला व्यक्ति या संस्था यदि डाक बोलने के बाद बन्दोबस्ती नहीं लेगा, तो उसकी जमानत की राशि सोख्त (फोरफीट) कर ली जायेगी। सचिव जिला परिषद, पलामू को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वे बिना कोई कारण बताए किसी भी डाक को अस्वीकृत कर सकेंगे। बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम अन्तर्गत बने नियमों का पालन करना होगा।

| क्र0सं0 | नावघाट का नाम | थाना | नदी का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि | डाक की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रानीदेवा | हुसैनाबाद | सोन नदी | 659430.00 | 164900.00 | 28.06.2023 (11:00 AM) |
| 2 | देवरी | हुसैनाबद | सोन नदी | 388117.00 | 97050.00 | |

नोट :– नावघाट रानीदेवा का बन्दोबस्ती दिनांक 12.08.2023 से एवं नावघाट देवरी का बन्दोबस्ती दिनांक 02.07.2023 से प्रभावी होगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू।

PR 300262 District(23-24)D



### कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू

योधसिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनगर, पलामू - 822101

पत्रांक : दिनांक :

**अतिअल्पकालिन इच्छा की अभिव्यक्ति**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजना अंतर्गत पलामू जिला में तीन एग्री क्लीनिक की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है। एग्री क्लीनिक के माध्यम से कृषि एवं संबंध क्षेत्रों से सम्पूर्ण जानकारी यथा मृदा जॉच, किसान क्रेडीट कार्ड, बीज, उर्वरक, किटनाशक, सुक्ष्म सिंचाई, कृषि उपादानों के व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति, खेती हेतु सलाह, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, सिंचाई सुविधा, कृषि ज्ञान केन्द्र, पशुपालन/डेयरी/मत्स्य पालन संबंधी योजना एवं कृषि उपादानों की दर संबंधी सूचनाओं के बारे में किसानों की जानकारी से अवगत कराना है। योजना का संचालन अनुमण्डल स्तर पर एग्रीक्लचर टेक्नोलॉजी इनफोरमेशन सेन्टर (ATIC Center) में प्रस्तावित है। योजना का कार्यान्वयन एवं संचालन हेतु इच्छुक महिला समूह/स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह/सहकारी समितियॉ/गैर सरकारी संस्था जिन्हें कृषि कार्यो में कम से कम तीन वर्षो का अनुभव हो, वे दिनांक 26.06.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला कृषि कार्यालय, पलामू में आवेदन दे सकते हैं।

चयनित संस्था द्वारा एग्री क्लीनिक में तीन सदस्यीय टीम उपलब्ध कराया जाएगा जिसमें एक कर्मी का न्यूनतम योग्यता B.Sc (Agri) तथा अन्य दो कर्मियों की न्युनतम योग्यता स्नातक के साथ कम्प्युटर दक्षता (DCA) अनिवार्य है। चयनित संस्थाओं को उपायुक्त, पलामू के साथ (MOU) एक वर्ष का किया जाएगा जिसमें निहित शर्तो के अनुरूप कार्य करेंगे। कार्य का मूल्यांकन के आधार पर अगले दो वर्षो के लिए अवधि विस्तार किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 300255 District (23-24)_D



### कार्यालय नगरपंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

अति अल्पकालीन

**डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–03/2023**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत,डोमचाँच के अन्तर्गत एक वर्ष के लिए (दिनांक–26.06.2023 से 27.06.2024 तक के लिए ) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 05:00 बजे अपराह्नउप विकास आयुक्त, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एंव समय के अनुसार दिनांक–26.06.2023को उप विकास आयुक्त, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2023–24 लिए | जमानत की राशि 10% | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सांस्कृतिक भवन | 300000.00 | 30000.00 | दिनांक–26.06.2023 को 05:00 बजे अपराह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एंव विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच।

PR 300223 Urban Development(23-24)D



### झारखण्ड सरकार
### कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

**वेद-व्यास आवास निर्माण योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्यादेश सं0 06 रा0(वि0), दिनांक–06.06.2023 के द्वारा सिमडेगा जिले के सभी सक्रिय मत्स्य पालकों/मछुआरों/समिति के सदस्यों हेतु सिमडेगा जिले में अनुसूचित जनजातीय उपयोजना के तहत कुल 20 वेद–व्यास आवास निर्माण योजना का लक्ष्य प्राप्त है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा से पंजी में नाम दर्ज कराते हुए आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। सभी इच्छुक मत्स्य पालक दिनांक– 05.07.2023 तक आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर आवश्यक कागजातों के साथ कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

1. कृषि प्रभाग द्वारा अधिष्ठापित सिंगल विंडो के माध्यम से प्राप्त आवेदनों अथवा समाचार पत्रों में विज्ञापन के उपरांत प्राप्त आवेदनों में से लाभुकों का चयन किया जाएगा। पूर्व के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवास निर्माण हेतु अधिकतम प्रति लाभुक मो0– 120000/– रू0 मात्र की आर्थिक सहायता होगी।
2. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने /मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. प्राथमिकता गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को दी जाएगी।
4. आवास निर्माण हेतु जमीन उपलबध रहने तथा कच्चा घर वाले मछुआरों को भी कंडिका 02 एवं 03 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है। एक परिवार में एक आवास देय है। आवश्यकतानुसार पति–पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दी जाएगी।
5. प्रक्रियानुसार आवेदक दिव्यागों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 03 प्रतिशत् तथा महिलाओं के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत् राशि का प्रावधान जिलावार किया जाएगा।
6. ऐसे लाभुकों को दोबारा लाभ नहीं दिया जाएगा, जो पूर्व संचालित विभागीय मछुआ आवास योजना अथवा इंदिरा आवास या समतुल्य केन्द्र/राज्य सरकार की आवास योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।
7. आवेदक को वर्त्तमान में रह रहे अपने कच्चे आवास का जियो टैग फोटोग्राफ आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि संबंधित कागजात (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) संलग्न करना आवश्यक है। अधूरा एवं वांछित कागजात संलग्न नहीं होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
9. आवेदक (पति/पत्नी) को इंदिरा आवास/अन्य योजनांतर्गत आवास नहीं मिला है का प्रमाण पत्र (प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा निर्गत) संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
10. लाभुक का चयन राज्यादेशानुसार गठित समिति द्वारा की जाएगी, जिसका निर्णय अंतिम होगा तथा उस पर किसी प्रकार का कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।
11. किसी भी आवेदन को विभाग हित में स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
12. प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (इंदिरा आवास) के मानक प्राक्कलन के आधार पर आवास निर्माण का कार्य लाभुकों के द्वारा स्वंय कराया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 300210 Fish (23-24)_D

# बोकारो का एक कुआं जिसका पानी का रंग है दुधिया, बना चर्चा का विषय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के मंजूरा में एक कुआं चर्चा का विषय बना हुआ है. जिसका पानी का रंग दूधिया है।

ग्रामीणों ने तो इसे दूधिया कुआं बताया है।

इसे देखने आते हैं. यह कुआं मंजूरा के सोखाडीह स्थित ऊपर टोला में प्रफुल्ल महतो की जमीन पर इनके घर से कुछ फीट की दूरी पर अवस्थित है. 2017 में मनरेगा के तहत इसका निर्माण हुआ है। एक ग्रामीण ने बताया कि कुआं की खुदाई के दौरान दूधिया रंग का पानी देखकर हर किसी को अजीब लगा ।

प्रारंभ में इसके पानी के उपयोग को लेकर थोड़ा संकोच था, लेकिन, जब इसका सेवन किया गया तो वह सामान्य कुओं के पानी जैसा ही लगा।

आसपास या गांव के अन्य सभी कुंओं के पानी का रंग बिल्कुल सामान्य है।

प्रफुल्ल महतो ने बताया कि 2017 से पहले उनके परिवार के लोग घर से थोड़ी दूर खेत के किनारे स्वनिर्मित एक छोटे-से कुएं का पानी पीते थे. उस कुएं का पानी भी सामान्य है।

# गिरिडीह में मानव तस्करी के मामले का खुलासा : नाबालिग से फर्जी शादी करने हरियाणा से आए 6 लोग गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह जिले में फर्जी शादी के बहाने मानव तस्करी की घटना को अनजम देने के एक मामले का बाल संरक्षण इकाई के खुलासा किया है। मुफसिल थाना पुलिस के सहयोग से सीडब्लूसी ने अपने त्वरित करवाई में न सिर्फ एक नाबालिग को फर्जी शादी के बहाने दलालो के चुंगल से बचाया बल्कि इससे सबंधित हरियाणा के 5 लोगो के साथ कुल 6 लोगो गिरफ्तार भी कराया। बाल संरक्षण इकाई के जिला संयोयक जीतू कुमार की पहल पर इन



आरोपियों के खिलाफ मुफ्फसिल थाना में मामला दर्ज कराया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में पांच हरियाणा के और एक गिरिडीह का रहने वाला बताया जा रहा है, जिसके जरिये ही हरियाणा के पांचो आरोपी इस नाबालिग से फर्जी शादी के लिए आए थे। इस सबंध में बताया जा रहा है की बाल संरक्षण इकाई के सदस्यों को यह भनक लगी थी की किसी स्थानीय दलाल के सहयोग से हरियाणा के पांच लोग मुफ्फसिल थाना इलाके में किसी नाबालिग से फर्जी शादी कर उसे हरियाणा ले जाने की फ़िराक में है। इसके बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस के सहयोग से बाल संरक्षण इकाई ने मौके पर छापामारी कर ने केवल नाबालिग को उनके चुंगल से छुड़ाया बल्कि दलाल समेत अन्य लोगो को गिरफ्तार कराया। जाँच के क्रम में यह बात भी सामने आई की शादी के नाम पर आए इन पांचो आरोपियों से दलाल ने पैसे ले लिए थे।

बाल संरक्षण इकाई की और से इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर करवाई की जा रही है।वही बताया गया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उसरी फॉल के समीप एक मंदिर में शादी रचाने की प्रक्रिया चल रही थी । इसी दौरान मुफ्फसिल थाना को भनक लगी और वह उसरी फॉल के समीप हो रहे शादी से 6 लोग को गिरफ्तार किया।

# धनबाद : युवक ने की आत्महत्या

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोयाबाद अस्पताल रोड में भाड़े के घर में रह रहे बांसजोडा निवासी शेख अलाउद्दीन का 27 वर्षीय पुत्र शेख अरमान ने आज आत्महत्या कर लिया। वह अपने पिता से फोन पर आत्महत्या कर लेने की बात करते हुए सिलिंग फेन में गमछा से झूल गया। घटना की खबर मिलते ही थाना प्रभारी विकास कुमार यादव, एसआई निरंजन महतो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कल धनबाद भेजा दिया। मौके पर पहुंची मां रजिया खातून का बेटे को जाता देख रो रो कर बूरा हाल है।

# बीएलओ व सुपरवाइजर को दिया गया मतदाता से संबंधित प्रशिक्षण

**पूर्वी टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी टुंडी प्रखंड के प्रखंड सभागार



में मतदाता पुनरीक्षण के पूर्व की गतिविधि से संबंधित प्रशिक्षण संपन्न हुई। बीडीओ यश्मिता सिंह के द्वारा सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दी गई। जिनमें ब्लैक एंड वाइट फोटो के जगह कलर फोटो एवं विकलांग मतदाता का चिन्हीकरण, डुप्लीकेट मतदाता को हटाना एवं सभी प्रकार के फॉर्म 6, 6ए, 6बी, 7ए, 8 आदि की जानकारी दी गई कार्यक्रम में पंचायती राज पदाधिकारी अनवर हुसैन अंसारी सुपरवाइजर अनीश कुमार मिश्रा, लुकस सोरेन, सुनील, सुखदेव रजक आदि थे।

# विधायक ने रामराज्य मंदिर चिटाहीधाम में वाटर कूलर मशीन का किया उद्घाटन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत श्री श्री रामराज्य



मंदिर चिटाही धाम में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्रीय कमिटी शाखा क्षेत्र संख्या 6 के सौजन्य से वाटर कूलर का उद्घाटन यूकोवयू के केंद्रीय सचिव सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने विधिवत उद्घाटन किया विधायक ने कहा कि इस भीषण गर्मी में इस वाटर कूलर से यहां आए हुए श्रद्धालु शीतल पेय जल का आनंद ले पाएंगे। हमारी यूनियन मजदूर हित के साथ साथ समाज हित में भी सदैव सराहनीय कार्य करते आई है।

# दिनेश कुमार साव का जिला भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला मंत्री पद पर मनोनयन

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री के पद पर दिनेश कुमार साव को मनोनीत किया गया है यह जानकारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महादेव कुंभकार ने आज दिया इनके मनोनयन से टुंडी के भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में गोपाल पाण्डेय, तिलक मंडल, राजेश कुमार सिंह,अवध चौधरी, प्रदीप पंडा, दशरथ ठाकुर हैं।

# जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी का हालचाल जाना

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनहित मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष माना



पाठक ने लोकप्रिय अखबार प्रभात मंत्र में छपी समाचार को देखकर आज शुक्रवार को धनबाद स्थित जालान अस्पताल जाकर घायल सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी से मिलकर स्वास्थ्य लाभ की जानकारी प्राप्त किया और जल्द स्वस्थ होने की कामना की बताया जाता है कि गुरुवार को अहले सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी फणिभूषण पाण्डेय गंभीर रूप से घायल हो गए थे मौके पर नंदकिशोर केवट, मंजीत तिवारी, उपस्थित थे।

# मानवाधिकार सहयोग संघ ने सहयोग का दिया आश्वासन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मानवाधिकार सहयोग संघ कि बोकारो



जिला अध्यक्ष रेहाना राज बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत एक आवेदन पर मामले की विषय वस्तु पर जांच की जानकारी करने हेतु बोकारो थर्मल थाना पहुंचे। साथ में मानवाधिकार सहयोग संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिल्पी शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता पंकज कुमार आदर्श एवं राधा विश्वकर्मा पहुंचे।

# झारखंड सरकार की हर महत्वाकांक्षी योजनाओं का भरपूर लाभ उठावें टुंडी की जनता : मथुरा प्रसाद



**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के फतेहपुर पंचायत के पंचायत सचिवालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि टुंडी विधायक सह सचेतक मथुरा प्रसाद महतो ने उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का भरपूर लाभ उठावें टुंडी की जनता एवं साथ ही बिजली बिल माफी योजना टुंडी जैसे पिछड़े क्षेत्रों ?के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है कई ऐसे लोक कल्याणकारी योजनाएं अभी वर्तमान में चल रहा है उससे भी टुंडी की जनताओं को लाभ लेना चाहिए। आज के इस जनता दरबार का अध्यक्षता कर रहे टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना से एक भी व्यक्ति वंचित न रहे इसका लाभ लें। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार,बीस सूत्री अध्यक्ष इन्द्रलाल बास्की, फतेहपुर मुखिया दुबई मुर्मू, के अलावा प्रखंड एवं अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# मानव शृंखला बना बढ़ते प्रदूषण का किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** बढ़ते प्रदूषण के विरोध मे ऊपर कुल्ही, सिन्दरी रोड झरिया में आम नागरिक एवं प्रबुद्ध लोगों के द्वारा मानव श्रृंखला बना कर विरोध प्रदर्शन किया गया। लोगों ने बताया की बीसीसीएल के शह पर आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा नियमों को ताक पर रख कर पूरे झरिया शहर को हेवी ब्लास्टिंग के द्वारा प्रदूषण फैलाकर शहर के वातावरण को प्रदूषित करने का जो कार्य किया जा रहा है, उसी के विरुद्ध आज एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन कर झरिया के आम नागरिक ने अपना विरोध दर्ज किया।




साथ ही बीसीसीएल प्रबंधन एवं आउटसोर्सिंग कंपनियों को चेतावनी दी कि यदि जल्द इस सम्सया का समाधान के लिए कोई ठोस कदम नही उठाया गया तो यहाँ के आम जन व विभिन्न संगठन एवं प्रबुद्ध लोगों के द्वारा सड़क से लेकर सदन तक नियमानुसार चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन करने को बाध्य होंगे।

कार्यक्रम का नेतृत्व मो. आमिर खान ने किया। वहीं मौके पर मुख्य रूप से शहनवाज खान, मोहसिन खान, महबूब मनियार, बंटी इराकी, इमरान शेख, आफताब आलम, मो. गुड्डू, अखलाक अहमद, मुन्ना खान, मो. राजा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# गैंगस्टर प्रिंस खान से जुड़े कई लोग गिरफ्तार एटीएस की टीम कर रही है पूछताछ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एटीएस ने वासेपुर में बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार गैंगस्टर प्रिंस खान व रामगढ़ के भोला पांडे गिरोह को पैसा सप्लाई करने के आरोप में वासेपुर के तीन व्यवसायी समेत आधा दर्जन लोगों को देर रात बैंक मोड़ थाने के सहयोग से एटीएस की टीम ने गिरफ्तार किया है।

सूत्रों कि माने तो एटीएस की टीम सभी आरोपित को बैंक मोड़ थाने में रखकर उससे पूछताछ कर रही है। इन तीनों के खिलाफ एटीएस को अपराधियों के साथ पैसे के लेन-देन



के पुख्ता सबूत मिले हैं। हालांकि इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि अब तक इन तीनों व्यापारियों ने इन अपराधियों को कितने रुपये की मदद की है। इसमें यह कहना अतिश्योक्ति नहीं है कि यह पैसा रंगदारी और सुपारी किलिंग से जुड़ा हुआ है। हालांकि यह विदित है कि प्रिंस खान धनबाद के कोयला व दूसरे व्यवसायियों से हर माह लाखों रुपये की रंगदारी लेता है। इसी के साथ देखा जाए तो प्रिंस खान पर एटीएस द्वारा की गई यह पहली बड़ी कार्रवाई है। इधर गिरफ्तार लोगों में गोविंदपुर के मयूर अस्पताल के मालिक सह वासेपुर निवासी खुर्शीद आलम, वासेपुर के कमर मखदुमी रोड के रहने वाले महबूब मल्लिक और अफसर कॉलोनी निवासी सद्दाम समेत अन्य लोग शामिल हैं। महबूब का पुराना बाजार में चप्पल की दुकान है।

# रवींद्र वर्मा ने कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष को दी बधाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह का पदभार ग्रहण समारोह कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की, विपणन बोर्ड के निदेशक कमलेश प्रसाद सिंह की गरिमामयी उपस्थिति मे संपन्न हुई। मौके पर रवींद्र सिंह ने कहा की कृषि बाजार समिति व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जाएगी। कृषि विपणन के कार्यों में वर्षों से जो शिथिलता आई है, उसे त्वरित गति से निष्पादित किया जाएगा। व्यपारियों और किसानों के हित को सर्वोपरी रखा जाएगा तथा समितियों का पुर्नगठन किया जाएगा।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य मार्ग पर सरकारडीह ओवरब्रिज के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गुरुवार की रात बाइक सवार एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

वही मामले की सूचना पाते ही गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंची। आए दिन जीटी रोड पर हो रही सड़क दुर्घटना को लेकर ग्रामीणों ने भी खूब आक्रोश जाहिर की। वही कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे और मृतक के परिजन को उचित मुआवजा व सरकारी नौकरी देने की पुरजोर मांग उठाई।

मृत व्यक्ति की पहचान, टुंडी मनियाडीह कारीटॉड निवासी कंचनकांत बास्की के रूप में हुई है। बताया गया कि कंचनकांत बास्की जो निरसा में जेईई के पद पर कार्यरत थे। वही गोविंदपुर पुलिस ने परिजनों सहित ग्रामीणों को काफी समझा बुझाकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा गया तथा सरकारी प्रावधान के अनुरूप मुआवजा देने की बात कही गई।

# पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदगण ने भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता सासाराम के माननीय सांसद छेदी पासवान द्वारा की गयी। सभी माननीय सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे ।



आज की इस बैठक में काराकाट के माननीय सांसद महाबली सिंह एवं औरंगाबाद के माननीय सांसद सुशील कुमार सिंह उपस्थित थे जबकि पलामू के माननीय सांसद विष्णु दयाल राम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। इनके अलावा माननीय भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्री, भारत सरकार डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय के प्रतिनिधि ह्यअनिल तिवारी, माननीय उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री, भारत सरकार अश्विनी कुमार चौबे के प्रतिनिधि जयप्रकाश चौबे एवं जितेन्द्र पाण्डेय, गया के माननीय सांसद विजय कुमार के प्रतिनिधि अजय कुमार सिन्हा एवं माननीया सांसद दर्शना सिंह के प्रतिनिधि विवेकानंद केसरी उपस्थित थे । बैठक में माननीय सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये।

माननीय सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई ।

# गिरिडीह के हाजी जमील अहमद रोड में पांच दिनों से बिजली गुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के हाजी जमील अहमद रोड में लगभग बिजली के 150 कंज्यूमर होंगे। वही पिछले पांच दिन से ट्रांसफार्मर खराब है,लोकल प्रतिनिधियों और जनता के मेहनत से दो दो ट्रांसफार्मर लगा किंतु कार्य नही हो पा रहा था। वही माले नेता राजेश सिन्हा ने बताया कि महिला, बुजुर्ग, बच्चे, स्टूडेंट सब के सब परेशान थे, तब हार के गुरुवार रात ढाई बजे रात को माले के विधानसभा प्रभारी से वहा के कुछ लोगो ने बात की थी । रात ढाई बजे ही माले नेता राजेश सिन्हा,जगह पर पहुंचे,रात में जे ई को फोन लगाया । किंतु सरकारी विभाग रात्रि कालीन दिक्कत होने पर कोई नंबर जारी नही की है तो जेई को ही फोन लगाया किंतु किसी कारण फोन नही उठा तो रात साढ़े तीन तक सिन्हा वही रहे। अगले दिन सुबह फिर बुलाया गया। बताया गया की बिजली विभाग के जीएम से बात की, उनको सारी स्थिति बताया गया है,ि सन्हा ने फीडर थ्री के अफसर से भी बात की है उन्होंने कहा ठीक हो जायेगा, यदि ठीक नही हुआ तो सिन्हा ने मोहल्ला वाले से कहा आंदोलन के लिए रोड में उतरने के लिए तैयार रहे।

# मुकेश सिंह ने नीट यूजी 2023 की परीक्षा में सफल मो. साद को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**निरसा :** भिखराजपुर निवासी टायर पंचर मिस्त्री मोहम्मद जरयाब के 20 वर्षीय पुत्र मोहम्मद साद ने नीट यूजी 2023 की परीक्षा में सफलता हासिल कर बलियापुर का नाम रौशन किया है। उसने 10077 रैंक लाया है। खबर पाकर झामुमो नेता मुकेश सिंह उनके घर पहुंच कर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर अब्दुल कादिर, मोहम्मद अमीर, नादिर समस, मुस्ताक आलम, अजीमुद्दीन, मोहम्मद अकरम,मोहम्मद सोहराब, कुतुबुद्दीन, लाली वसीर आदि मौजूद थे। दूसरी ओर समाजसेवी सह आयशा फाउंडेशन के निदेशक शकील अंसारी ने भी उन्हें बधाई दी।




साद ने कहा कि अपने लक्ष्य रूपी सपने को पूरा करने के लिए एमबीबीएस की पढ़ाई रांची रिम्स झारखंड से करेंगे। इस सफलता से बलियापुर में हर्ष का माहौल है।

## उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सर्वप्रथम सड़क दुर्घटना में मृत व घायल मामलों की समीक्षा की गई। सड़क दुर्घटना को देखते हुए पुलिस विभाग को हेलमेट पहनने के लिए सघन वाहन जांच चलाये जाने का निदेश पुलिस विभाग को दिया। हिट एंड रन मामले में थाना स्तर से लंबित मामलों से संबंधित दस्तावेज सड़क सुरक्षा कार्यालय को भेजे जाने का निदेश दिया गया। एनएच को सड़क मरम्मति,रम्बल स्ट्रिप लगाये जाने से संबंधित निदेश दिये गये। गुड सैमरिटन को चिन्हित करते हुए व्यक्ति को दिए जाने वाले लाभ से लाभान्वित किये जाने का निदेश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी को छोटी एवं बड़ी वाहनों का सघन जांच का निदेश दिया गया। मोटरयान निरीक्षक को भी वाहन दुर्घटना में कमी लाने हेतु सघन वाहन जांच का निदेश दिया गया। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी को कचहरी चौक, किस्को मोड़ से अतिक्रमण हटाने का निदेश दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं का आई-राइड पोर्टल में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा इंट्री सुनिश्चित किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में नरौली-आकाशी, कैरो-बक्सी, लोहरदगा-भंडरा पथ में सड़कों पर गड्ढे, कचहरी चौक से दुपट्टा चौक के खराब सड़क की स्थिति, नवाड़ीपाड़ा में विद्यालय के पास कलवर्ट के ऊपर खराब सड़क समेत अन्य मामले उठाये गए। आज की बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता एन एच समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना मामला में ट्रक चालक गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना के उपरांत फरार ट्रक चालक को सेन्हा थाना पुलिस लोहरदगा से गिरफ्तार कर भेजा जेल। सेन्हा थाना के समीप सड़क दुर्घटना में जुरिया करम टोली निवासी विश्वनाथ उराँव के पुत्र कमल उराँव की मौत हो गया था। जिसको लेकर मृतक की पत्नी सुनीता उराँव ने पुलिस के समक्ष ट्रक चालक के विरुद्ध बयान देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने तथा कानूनी कारवाई हेतु गुहार लगाई थी। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना मामला में मृतक कमल उराँव की पत्नी सुनीता उराँव के बयान पर सेन्हा थाना कांड संख्या 80/23 दर्ज कर 279,304 ए के तहत ट्रक चालक विशनाथ महतो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बताया जाता है कि चालक चतरा जिला अंतर्गत बचरा थाना क्षेत्र के बचरा पड़रिया निवासी स्वर्गीय नेमा महतो के 33 वर्षीय पुत्र विशनाथ महतो को लोहरदगा से गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरत न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेजा गया।

## जिप सद्स्य ने सुदर्शन भगत को खत लिख 4 सड़को की पीएमजीएसवाई मद से स्वीकृति का किया मांग



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के नरौली ग्राम निवासी प्रखंड से जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव ने जिला परिषद कार्यालय सभागार भवन से लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत को लिखा पत्र,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत एक प्रखंड से दुसरे प्रखंडो को जोडने वाली सड़को की स्वीकृति हेतु किया माँग। जिप सद्स्य सुखदेव उराँव ने अपने 16 जुन को दिये गये पत्र के माध्यम से 1- राँची कुडु एनएच मदरसा चौक से हनहट होते हुए जिंगी पीडब्लयूडी कैरो पथ तक 12 किलोमीटर कालिकरण पथ निर्माण का कार्य। 2- हनहट जिंगी मुख्य पथ हनहट जतरा स्थल से खरता होते हुए एडादोन कैरो पीडब्लयूडी पथ तक कालिकरण लम्बाई 12 किलोमीटर। 3- बीएस कालेज लोहरदगा से जिला मुख्यालय मुख्य पथ नदिया तालाब मोड़ से भक्सो रामपुर ईरगाँव होते भण्डरा कैरो गुड़ि होकर 16 किलोमीटर कालीकरण पथ निर्माण का कार्य। 4- नरौली कैरो मुख्य पथ गंगा उराँव के घर से नन्दनी नदी भण्डरा-कैरो मुख्य पथ बन्डा गाँव तक 05 किलोमीटर कालिकरण पथ निर्माण का कार्य। जिप सद्स्य सुखदेव उराँव ने उपरोक्त 04 महत्वपुर्ण सड़क की स्वीकृति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मद से दिलाने को लेकर लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत को पत्राचार कर एवं पत्र की प्रति सांसद के जिला प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल को देकर योजना निर्माण कार्य की केंद्र से स्वीकृति का रखा है माँग।

## आज डॉ. रामेश्वर उरांव ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं का करेंगे उद्घाटन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार कल दिनांक 17 जून 2023 दिन शनिवार को लोहरदगा जिले के निम्न कार्यक्रमों में उपस्थित होंगे। आश्रम विद्यालय परहेपाट में ऑडिटोरियम भवन का शिलान्यास, ईवीएम वेयरहाउस भवन का शुभ उद्घाटन एवं लाइब्रेरी भवन का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें। यह जानकारी मंत्री सह विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी।

## बालकृष्णा सिंह की अध्यक्षता में श्रमदान कर संकट मोचन हनुमान मंदिर का ढलाई कार्य संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को भैसमुन्दो भैयागांव में संकट मोचन हनुमान मंदिर छत का ढलाई कार्य बालकृष्ण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम ढलाई कार्य का शुभारंभ गांव का ही सारू पहान के द्वारा सभी सामग्री का शुद्धीकरण कर एवं पंडित कुंजेश्वर रथे का मंत्र उच्चार साथ ही मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार एवं मुखिया परमेश्वर महली के साथ ही साथ में पहान पुजार एवं गांव के गणमान्य लोगों के द्वारा पूजा नारियल फोड़कर एवं सीमेंट मसाला डालकर ढलाई कार्य का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि मंदिर बनाना एक पुण्य का कार्य है ऐसे कार्य में सभी लोगों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि गांव में सभी को मिलकर मंदिर बनाना चाहिए ताकि लोगों को धार्मिक कार्य करने के लिए दूसरे गांव नहीं जाना पड़े,सभी ग्रामीणों ने श्रम दान कर मंदिर का निर्माण किया। इस अवसर पर बालकृष्ण सिंह, अम्बिका प्रसाद सिंह, सूरज महतो, संजय महतो, सुधन महतो, आनंद सिंह, राजू महतो, रविन्दर महतो, राहुल सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, रूपेश सिंह, चंद्रिका सिंह, रामप्रसाद महतो, इंद्रमणि सिंह, दिनेश उरांव, रवि महतो, सारु पहान, अशोक महतो, तिलका उरांव, अभिमन्यु सिंह,कांति देवी, विद्या देवी, गीता देवी, सीता देवी, बिनीता देवी, उर्मिला देवी, कुंजे महतो जग्गू महतो, त्रिंबक सिंह, सहित सैकड़ों लोगों ने श्रमदान कर संकट मोचन हनुमान मंदिर छत ढलाई का कार्य संपन्न किया।

## विभागीय मिलीभगत से ठेकेदारों ने नल-जल योजना को विफल करने का किया काम : रामचंद्र गिरि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के लोहरदगा जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने कहा कि लोहरदगा जिला में जितने भी नल - जल योजना के तहत जल मीनार बनाए जा रहे हैं उसका विभागीय मिलीभगत से विफल करने का काम किया। उन्होंने कहा कि दो-तीन माह पहले अधिकांश जगहों में बोरिंग कराकर जल मीनार का निर्माण जैसे-तैसे कर दिया गया। जल मीनार के निर्माण में स्थानीय नालों का मिट्टी मिला हुआ बालू का उपयोग किया गया । छड़ -सीमेंट भी मानक के अनुरूप नहीं दिया गया और जैसे- तैसे जल मीनार तैयार कर दिया गया, किंतु इस तपती गर्मी में अभी तक उसमें पानी भर के चालू नहीं किया गया। यदि कुछ जल मीनारों में पानी भरने का कार्य हुआ भी तो वह विफल रहा,क्योंकि बोरिंग की गहराई डेढ़ सौ से दो सौ फीट हीं किया गया। अब वहां पानी है ही नहीं तो मीनार में जल चढ़ेगा कैसे और लाभुकों तक पानी पहुंचाया कैसे जाएगा यह एक बड़ा प्रश्न है । शायद ठेकेदार बरसात का इंतजार कर रहे हैं कि वर्षा हो बोरिंग में कुछ जल जमा हो तब किसी तरह जल मीनार में पानी चढ़ा दिया जाए और योजना को सफल बताकर इतिश्री कर लिया जाए। रामचंद्र गिरि ने कहा कि कई ऐसे स्थान हैं जहां बोरिंग भी नहीं कराया गया है। हो सकता है कि बगल में 10- 20 साल पहले खोदे गए बोरिंग में ही समरसेबल डालकर मीनार में पानी चढ़ाने की विभागीय मिलीभगत से ठेकेदारों की मनसा हो । इस संबंध में आए दिन समाचार पत्रों में, प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किए जा रहे हैं और ग्रामीण लिखित रूप से प्रशासनिक पदाधिकारियों को आवेदन देकर समस्याओं से अवगत करा रहे हैं किंतु आश्चर्य की बात है कि प्रशासन भी ना जाने क्यों चुप्पी साधे हुए है यह समझ से परे है। रामचंद्र गिरि ने कहा कि बहुत जल्द लोहरदगा जिला आजसू पार्टी जिला के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर एक उच्चस्तरीय जांच समिति बनाकर जिला के सभी प्रखंडों में निर्मित या निर्माणाधीन जल मीनार की जांच कराने की अपील करेगी और अगर इसपर उचित कार्यवाई नहीं हुई तो आजसू पार्टी ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## केरसई प्रखंड के पहाड़साड़ा राजस्व ग्राम में पुराना पंचायत भवन के जीर्णोद्धार के लिए हुआ आम सभा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरसई प्रखंड के पहाड़साड़ा ग्राम में शुक्रवार को पहाड़साड़ा नवाटोली पुराना पंचायत भवन के पास ग्राम प्रधान सिलबेस्टर लकड़ा के अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया । उपर्युक्त विषय में सभा द्वारा विचार किया गया कि पुराना पंचायत भवन को जेएसएलपीएस का ग्राम संगठन कार्यलय तथा लीड्स संस्था का आईएलडीसी कार्यलय बनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें दोनों विभाग को भवन सौप कर आदेश दिया गया कि भवन का सदुपयोग किया जाए। बैठक में विशेष तौर पर उपस्थित ग्राम प्रधान श्री सिलबेस्टर लकड़ा, वार्ड सदस्य संदीप बड़ाईक, स्थानीय सदस्य सुभाष राम, जॉन टोप्पो, बिरसा राणा, सुधन राणा, धर्मजित राम, ~~छ्स्क्क~~ कर्मचारी कृष्णा धोबी, चितरंजन साय, लीड्स संस्था के कर्मचारी संदीप कुमार नाग और ग्राम संगठन के सैकड़ों दीदियां उपस्थित हुए। उपर्युक्त विषय को निर्णय की ओर लेते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया।

## टीम ने होटलों में बाल श्रमिक होने की खबर को लेकर किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को श्रम अधीक्षक लोहरदगा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी लोहरदगा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी लोहरदगा, सदस्य बाल कल्याण समिति लोहरदगा, टीम मेंबर चाइल्डलाइन लोहरदगा, लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान लोहरदगा के प्रतिनिधि कुडू थाना की टीम के द्वारा कुडू ब्लॉक चौक स्थित होटल, बस स्टैंड स्थित होटल इत्यादि में चिन्हित जगह पर बाल श्रमिकों के होने से संबंधित औचक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण में बाल श्रमिकों के होने की कोई पुष्टि नहीं हुई। इसी क्रम में एक बालक सड़क पर बिना घर के प्राप्त हुआ जिसे चाइल्डलाइन द्वारा अपने संरक्षण में लेकर बाल कल्याण समिति लोहरदगा में प्रस्तुत किया गया।


## संघ अध्यक्ष लक्ष्मण टाना भगत ने आदिवासी चिकित्सकों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पारम्परिक आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जीवंत रखने के लिए माँ वनशक्ति जड़ी बूटी वैद्य संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण टाना भगत की अध्यक्षता में आदिवासी चिकित्सकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा पारम्परिक चिकित्सा पद्धति को जीवन्त रखने के उद्देश्य से सुदुर्वती क्षेत्र हेसाग पंचायत भवन में अध्यक्ष लक्ष्मण टाना भगत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पिरामल स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रिय प्रबंधक विकास कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि जड़ी बूटी उपचार हमारी प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। आर्युवेद कि पारम्परिक चिकित्सा पद्धति जड़ी बूटियों के ज्ञान का विशाल भण्डार है। वहीं मोके पर उपस्थित पिरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि संजय पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जड़ी बूटी उपचार हमारी प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। लेकिन जरूरत है इसको जानने पहचान ने की और पारंपरिक चिकित्सको को सहयोग की जिससे कि वो अपने आजीविका के साथ साथ इस परंपरा को भी आगे बढ़ाते रहे। साथ ही कहा गया कि इस पद्धति को सुदृढ़ करने के लिए जड़ी बूटी संरक्षण के साथ साथ प्राचीन आर्युवेदिक चिकित्सा पद्धति का विस्तार दस्तावेजी करण, रेफरल प्रणाली का निर्धारण हर्बल गार्डेन, न्यूट्री गार्डन के निर्माण आदि विषयों पर चर्चा करते हुए संरक्षण के बारे में बताया गया। बैठक में संघ के सदस्य वैद्य लहसू भगत, कार्तिक, कोइली भगत, रंजीत भगत, कर्मी, विशु भगत सैकड़ो लोग उपिस्थित थे।

## अविराम कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में देश के विविध राज्यों से जुड़े विद्वान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा में 12 जून से 16 जून तक पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आर्ट ऑफ इफेक्टिव टीचिंग विषय पर आयोजित किया गया। आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चितता प्रकोष्ठ द्वारा यह कार्यक्रम संकाय सदस्यों के विकास हेतु कराया गयाा। जिसमे मुख्य संरक्षक सचिव इंद्रजीत कुमार,आयोजन सचिव डॉ प्रतिमा त्रिपाठी रही। एफ डी पी कार्यक्रम का प्रतिदिन शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया और दो सत्र रखे गए तथा जिज्ञासा और शंका के समाधान हेतु प्रश्नोत्तर सत्र भी विविध सत्रों में अनुसंधान कोम्यूनिकेशन स्किल, पर्सनल और प्रोफेशनल व्यवहार शिक्षक का, इक्कीसवीं सदी के शिक्षण की चुनौतियां, शिक्षण रणनीति, व्यवहार परिवर्तन और शिक्षा, प्रभावी संप्रेषण क्षमता कक्षा और सहगामी क्रियाकलापो में, अदामिक रिसर्च लेखन, चाइल्ड साइकोलॉजी विशेषत: व्यक्तिगत विभिन्नता का आर्ट ऑफ टीचिंग पर प्रभाव आदि विषयों पर प्रभावी प्रस्तुतिकरण डॉ धनंजय धीरज विभागाध्यक्ष गया कॉलेज, डॉ एन मनिका इको कंसल्टेंट एंड साइंटिफिक प्रोग्राम एसोसिएट फ्लोराफन्ना साइंस फाउंडेशन, डॉ बिनोद सिन्हा निदेशक स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन और रेडियो खांची रांची यूनिवर्सिटी, डॉ विद्यानाथ झा सेवानिवृत्त प्राचार्य एम एल एस कॉलेज दरभंगा, दानिश मसरूर ग्लोबल यूथ बायोडायवर्सिटी कोऑर्डिनेटर बिहार, डॉ नागेंद्र कुमार एजुकेशन विभाग बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, डॉ स्मृतिकाना घोष एकेडमिक काउंसलर इग्नू, डॉ माधवी उपाध्याय जी ई इस गवर्नमेंट कॉलेज गुजरात द्वारा दिए गए जिसमे मुख्य रूप से शिक्षक को अच्छा अधिगमकर्ता, अनुसंधाता कहा गया। नई शिक्षा नीति अपने प्रावधानों में तभी सफल होगी जब शिक्षक और प्रभावी हों। संकाय विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम अत्यावश्यक होते है जो शिक्षको में नई ऊर्जा का प्रवाह करते है। इंटरएक्टिव सेशन भी रखा गया जहा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए कुछ प्रयोग भी प्रतिभागियों द्वारा किए गए जिसमे पूजा द्वारा कम्युनिकेशन गेम, मिसिंग नंबर गेम काजल द्वारा, इन आउट एक्टिविटी रौशन आरा द्वारा, कुंदन गिद्ध द्वारा प्रेजेंस ऑफ़ माइंड, डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा टीम वर्क और भारतीय शिक्षा कर लघु फिल्म प्रदर्शित की है,वर्ड फाइंड गेम जंगबहादूर महतो द्वारा, रीता द्वारा गेसिंग गेम, शशि सिंह द्वारा टाइम मैनेजमेंट गेम, चीनिबास द्वारा अल्फाबेटिकल गेम, अर्चना सिंह द्वारा स्मरण ह्यक्षमता, ऋतु मैम माइंड मेमोरी गेम,पंकज भारती द्वारा अवलोकन शक्ति प्रयोग, आफताब द्वारा गणितीय गणना प्रयोग, पवन द्वारा भाषा परीक्षण, मनु द्वारा वाक्य निर्माण, अजॉय द्वारा एक्शन वर्ड की पहचान, बिनोद द्वारा शिक्षण क्रियाकलाप, आदि के रोचक कार्य कराए गए और दर्शाया गया कैसे इनके प्रयोग से शिक्षण को प्रभावोत्पादक बनाया जा सके। कार्यक्रम का फीडबैक भी लिया गया जिससे गुणवत्ता सुधार किए जा सके एवम भावी विषयों जिन पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना है ज्ञान प्राप्त किया जा सके। कार्यक्रम संचालन कुंदन गिद्ध द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन रेणुका महतो द्वारा और धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार भारती, जंगबहादुर महतो द्वारा सभी गणमान्य वक्ताओं, शिक्षको, विद्वानों का धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया।

## जन भावना फाउंडेशन के बैनर तले लगातार हो रहा है हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड के राजस्व ग्राम कोरोमिया में जन भावना फाउंडेशन (NGO) के बैनर तले कोरोमिया पंचायत हेड सुलोचना देवी के अगुवाई में हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस दौरान खुशीराम कुमार ने कहा कि जनभावना फाउंडेशन वर्तमान में जिस तरह से काम कर रही है आने वाले दिनों में पूरे पंचायत के लोगों तक सरकार की योजनाओं को अलग अलग तरीके से लोगों तक पहुँचा कर लाभ दिया जाएगा।साथ ही साथ बाल विवाह में रोक थाम का कार्य कर रही है जिससे कि शारिरिक और आर्थिक नुकसान से बचाव हो।जनभावना फाउंडेशन का उद्देश्य है हर हाथ हुनर जन जन को रोजगार। अभी वर्तमान में सरकार की बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना एवं बालिका के 18 वर्ष के बाद विवाह पर जरूरत के सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं। वर्तमान में जनभावना फाउंडेशन लोगों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में दोनों गांव मिलाकर कुल 89 लोगों ने पंजीकरण कराया जिसमें बालिका समृद्धि योजना में 36 एवं हेल्थ केयर कार्ड में 53 लोगों ने पंजीकरण कराया। मौके पर ठेठईटांगर ब्लॉक हेड बिरसा माँझी, केरसई ब्लॉक हेड एनिस केरकेट्टा एवं गरजा पंचायत हेड संदीप बड़ाईक सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### मनी लॉन्ड्रिंग : निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा को फिलहाल राहत नहीं



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित और झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा को फिलहाल कोई भी राहत देने से इनकार किया है। कोर्ट ने अभिषेक झा को गिरफ्तारी पर संरक्षण देने से इनकार करते हुए 23 जून को मामले की अगली सुनवाई तय कर दिया। जस्टिस विक्रमनाथ की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन बेंच ने ये आदेश दिया।सुनवाई के दौरान कोर्ट ने झा से कहा कि यह गंभीर मामला है। हम आपको दो से चार हफ्ते का समय दे सकते हैं। आप सरेंडर करें, फिर नियमित ले सकते हैं। इस पर झा के वकील ने कहा कि हम इस मामले पर विस्तार से बहस करना चाहते हैं। उसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई 23 जून को तय कर दी। अभिषेक झा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि पत्नी जेल के अंदर है। बेटी का इलाज मुंबई और दिल्ली में चल रहा है। इसी आधार पर पत्नी को भी अंतरिम जमानत मिली थी। बच्चों की देखभाल अभिषेक को करनी है। अगर गिरफ्तार कर लिया जाता है तो बच्चों की देखभाल के लिए कोई नहीं बचेगा। कोर्ट ने पूछा कि क्या आपने यह सब बात हाई कोर्ट के सामने भी रखी। हाई कोर्ट ने 16 जून को सरेंडर करने को कहा है। तब लूथरा ने कहा कि याचिकाकर्ता की बेटी को कुछ ब्रेन में समस्या हो गई है और उसके इलाज की जरूरत है। इस तथ्य की पुष्टि सीबीआई ने भी की है और इस आधार पर ही याचिकाकर्ता की पत्नी को अंतरिम जमानत मिली थी।

### पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में हिंसा को लेकर भाजपा हमलावर



**नई दिल्ली :** पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में हिंसा को लेकर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने पश्चिम बंगाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में जिस प्रकार के दृश्य दिखाई दे रहे हैं, हिंसा का जो तांडव दिखाई पड़ रहा है, यह कष्टकारक है। इससे भी अधिक दुखद है, वहां की सरकार की असंवेदनशीलता। हमारे कार्यकर्ताओं पर प्राणघातक हमले हुए हैं। लोकतंत्र का हिंसा से घायल स्वरूप आज जो पश्चिम बंगाल में दिख रहा है।उन्होंने कहा कि जो मां, माटी, मानुस की बात करती थीं, आज वहां भारत मां के विरुद्ध शक्तियां खड़ी हो रही हैं, माटी खून से सनी है और मनुष्यता पूरी तरह से व्यथित और कलंकित नजर आ रही है, उसको देख कर भी, किसी विपक्षी दल को कोई समस्या नजर नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि वे तृणमूल कांग्रेस को यह कहना चाहते हैं कि यह हिंसा का जो खेल आप खेल रहे हैं, ऐसा ही कम्युनिस्ट सरकार करती थी, आज उनका हाल सभी के सामने हैं।अटल जी की लिखी पंक्तियां हैं का उदाहरण देते हुए सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि चिंगारी का खेल बुरा होता है, औरों के घर में आग लगाने का सपना अपने घर में ही अक्सर खरा होता है। पश्चिम बंगाल की सरकार और पुलिस जिस प्रकार से बर्ताव कर रही है वो भारत के लोकतांत्रिक और चुनावी इतिहास में एक बहुत ही काला अध्याय है।

# एमएसए में बच्चों का सुरक्षित है भविष्य : मो. शफीक अंसारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर:** नगर निगम अंतर्गत पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में मैट्रिक पासआउट बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ बैठक किया गया। जिसमें सभी मैट्रिक पास होने वाले बच्चों ने इंटरमीडिएट का पढ़ाई भी एम.एस.ए पब्लिक स्कूल से ही करने का निर्णय लिया। बैठक का अध्यक्षता छात्र नेता ओमकार पासवान और श्रीकांत कुमार रवि कर रहे थे। बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन मों शफीक अंसारी ने कहा मैट्रिक का रिजल्ट सफलता




का पहला सीढ़ी है अभी जरुरत है ? लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में लगातार मेहनत करते रहने का। शिक्षक अफज़ल शफीक ने बातचीत में बताया कि अब बच्चों को इंटरमीडिएट की बेहतर पढ़ाई के लिए रांची, पटना जाने का जरूरत नहीं है क्योंकि आर्ट्स साइंस कॉमर्स के अनुभवी शिक्षकों द्वारा एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में प्रतिदिन पांच घंटे का नियमित क्लास प्रैक्टिकल के साथ करवाया जाएगा। उन्होंने जब बताया इंटरमीडिएट आर्ट्स साइंस कॉमर्स में नामांकन प्रारंभ है इच्छुक छात्र-छात्राएं जल्द से जल्द अपना नामांकन सुनिश्चित करवा लें। इस वर्ष नन स्कूलिंग का भी व्यवस्था किया गया है।अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9199589132 पर शफीक सर से सम्पर्क कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत इस माह के अंत तक टैप वाटर से आच्छादित 505 गांवों के हर घर जल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि इसके लिए स्पेशल ड्राइव चलाया जाए। सोरेन ने भूमिगत जल के रिचार्ज और सभी तरह के जलाशयों के संरक्षण के लिए एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जल की बर्बादी ना हो, इसके लिए सभी तरह के आवासीय परिसरों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाएं। विभाग की ओर से बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 36 प्रतिशत घरों में नल से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था हो चुकी है।

## जीएसटी परिषद की बैठक 11 जुलाई को




एजेंसी

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर से संबंधित मामलों के शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद की 50वीं बैठक 11 जुलाई को होगी। इस बैठक में फर्जी पंजीकरण और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के जरिए होने वाली धोखाधड़ी पर नकेल कसने सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। जीएसटी परिषद ने एक ट्वीट में कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में 11 जुलाई को परिषद की 50वीं बैठक नई दिल्ली में आयोजित होगी। बैठक में जीएसटी परिषद ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और घुड़दौड़ पर टैक्स लगाने के मुद्दे पर जीओएम की रिपोर्ट पर भी चर्चा करेगी। सीतारमण जीएसटी परिषद की प्रमुख हैं, जबकि सभी राज्यों के वित्तमंत्री इसके सदस्य होते हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन विवेक जौहरी ने कहा कि हम कर चोरी रोकने के लिए कुछ अन्य उपायों पर विचार कर रहे हैं। उन्हें कानून समिति तथा जीएसटी परिषद की उचित प्रक्रिया के जरिए अमल में लाया जाएगा। इसके अलावा परिषद दर युक्तिकरण पर मंत्रियों के समूह (जीओएम) के संयोजक पर भी फैसला करेगी। उल्लेखनीय है कि जीओएम ने पिछले साल दिसंबर में जीएसटी परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, लेकिन परिषद ने इस पर चर्चा नहीं की। हालांकि, कर्नाटक के तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई अभी तक समिति के संयोजक थे। अब कर्नाटक में सरकार बदलने के साथ जीएसटी परिषद को एक नए संयोजक का चयन करना है।

## मलेशिया और सिंगापुर में आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान अवार्ड से नवाजे गए पर्यावरणविद कौशल व मुखिया पूनम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और उनकी धर्मपत्नी सह बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव व छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत के मुखिया पूनम जायसवाल ने पांच दिवसीय प्रवास के दौरान मलेशिया और सिंगापुर के विभिन्न राज्यों में निशुल्क पौधा वितरण और वृक्षों पर रक्षाबंधन और पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी के आयोजन किया। मलेशिया और सिंगापुर में कौशल ने अपने संस्था का विस्तार करते हुए अश्विनी शर्मा को मलेशिया और शिवांगी को सिंगापुर का राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया। श्री




कौशल ने बताया कि अगले वर्ष दोनो राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत आकर उनके निशुल्क पौधा वितरण शिविर का उद्घाटन और डाली बाजार के कौशल नगर पार्क में बन रहे पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का अवलोकन करेंगे। कौशल किशोर ने वर्ष 2023-24 के निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 57 वां वर्ष एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन 47वां वर्ष के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ सिंगापुर के चांगी विलेज व मलेशिया की राजधानी कुलालंपुर तथा पेनांग के भगवान बुध के मंदिर की धरती से पौधा रोपण व वितरण वृक्षों पर रक्षाबंधन कर किया। ताकि विश्व में पूर्णतः हरित क्रांति लाया जा सके। उन्होंने हिंदुस्तान कर्नाटक का रक्त चंदन, हिमाचल का कपूर और विलुप्त प्रजाति कल्पतरु का बीस पौधा सिंगापुर और मलेशिया में लगाकर लोगों को पर्यावरण पर मंडरा रहे खतरा से अवगत कराते हुए जागरूक किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने पर्यवारण धर्म मे आस्था जताते हुए उसे अपनाने का संकल्प लिया।

उक्त अभियान में मलेशिया, सिंगापुर और हिंदुस्तान के विभिन्न राज्यों से आए पर्यावरण प्रेमी में सिंगापुर के शिवांगी जैयसोंन, मेंयहादास, अश्वनी शर्मा,हैदराबाद तेलंगाना के रेवतमल जैन, महाराष्ट्र मुंबई से अनरूद खंडेलवाल, झारखंड जमशेदपुर शेखरडे, उत्तर प्रदेश गोरखपुर से संजय सारीन, सालनी सिंह बनारस, डॉ उदय प्रताप सिंह, शशी रंजन पटना,चारु सरीन लखनऊ मौजूद थे।

# एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना संभावित स्थानों के सुधार के लिए दिशानिर्देश जारी किए

एजेंसी

**नई दिल्ली:** सड़क सुरक्षा को बढ़ाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने लघु अवधि के उपायों को लागू करके राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटना संभावित स्थानों के सुधार के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इन दिशानिर्देशों के तहत, एनएचएआई के परियोजना निदेशकों को अब संबंधित राज्य पुलिस प्रमुख या जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा पहचाने गए और अनुशंसित दुर्घटना संभावित स्थानों में सुधार करने की शक्ति के साथ प्रति स्थान 10 लाख रुपये तक का अधिकार दिया गया है। 10 लाख रुपये से अधिक और 25 लाख रुपये तक की लागत वाले अल्पकालिक उपाय संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को सौंपे गए हैं। ये वित्तीय शक्तियां एनएचएआई द्वारा पूर्व में




जारी दिशा-निर्देशों के अतिरिक्त हैं, जहां परियोजना निदेशक 25 लाख रुपये प्रति ब्लैक स्पॉट की राशि तक अल्पावधि उपायों के माध्यम से एमओआरटीएच अधिसूचित ब्लैकस्पॉट के सुधार को मंजूरी दे सकते हैं। किसी परियोजना से संबंधित विभिन्न दुर्घटना स्थलों को मिलाकर कार्यों की खरीद भी की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय परिभाषित मापदंडों के अनुसार ब्लैक स्पॉट्स को अधिसूचित करता है। हालांकि, राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा और उपयोगकर्ता सुविधा को बढ़ाने के लिए, एनएचएआई ने एमओआरटीएच द्वारा अधिसूचित ब्लैक स्पॉट्स के अलावा अल्पावधि उपायों के साथ दुर्घटना संभावित स्थानों को ठीक करने के लिए यह सक्रिय पहल की है।


अल्पावधि उपायों में अग्रिम चेतावनी संकेतों के साथ ज़ेबरा क्रॉसिंग, क्रैश बैरियर और रेलिंग, जंक्शन सुधार, सोलर लाइट व ब्लिंकर, सड़क संकेत और यातायात शांत करने के उपायों के कार्यान्वयन आदि जैसी पैदल यात्री सुविधाओं की स्थापना शामिल है।

# वित्त मंत्री ने कहा, भविष्य की नींव चार्टर्ड एकाउंटेंट्स निर्धारित करेगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली की रिसर्च कमेटी के तत्वावधान में आईसीएआई की रांची शाखा ने 16 जून 2023 से शुरू हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सिंथेसिस- चेंज, कंटीन्यूटी, ग्रोथ का पहला दिन सफलतापूर्वक कन्वेंशन सेंटर, सीसीएल, रांची में आयोजित किया। दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन हमारे मुख्य अतिथि रामेश्वर उरांव, वित्त मंत्री, झारखंड सरकार के साथ-साथ सीए पवन कुमार मिश्रा, निदेशक वित्त, सीसीएल, रांची द्वारा किया जा रहा था। एवं अन्य कार्यालय धारक।राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन सीए बिरादरी, सीसीएल और अन्य कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों के 600 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

झारखण्ड सरकार के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे सीए झारखंड राज्य



के आर्थिक एवं संपूर्ण विकास में योगदान दे रहे हैं और इस बात पर भी जोर दिया कि कैसे चार्टर्ड एकाउंटेंट अपनी सेवाओं के माध्यम से अर्थव्यवस्था को चलाते हैं।प्रथम सत्र सीए (डॉ.) अनुज गोयल, सेंट्रल काउंसिल मेंबर, आईसीएआई द्वारा प्रस्तुत किया गया । सीए (डॉ.) अनुज गोयल ने रिसर्च में सीए के लिए उपलब्ध नए रास्ते पर बात की। दूसरे सत्र की चर्चा सीए दिलीप बी. देसाई ने की जहां प्रतिनिधियों को व्यावसायिक परिदृश्य में नवाचारों के बारे में बताया गया।

तीसरा सत्र सीए गौरव गुप्ता द्वारा लिया गया जहां जीएसटी अपील में विचार किए जाने वाले प्रमुख पहलुओं के साथ जीएसटी में हो रहे हालिया अपडेट पर विस्तृत जानकारी दी।

दिन का समापन स्टैंडअप कॉमेडियन अपूर्व गुप्ता द्वारा प्रतिनिधियों के लिए मनोरंजन कार्यक्रमों के साथ हुआ।

सीआईआरसी के अध्यक्ष सीए किशोर एच. बर्दिया, क्षेत्रीय परिषद सदस्य सीए मनीषा बियानी, सीए अभिषेक पांडे, रांची शाखा के अध्यक्ष सीए पंकज मक्कड़, पूर्व अध्यक्ष सीए प्रभात कुमार, उपाध्यक्ष सीए श्रद्धा बागला, सचिव सीए निशांत मोदी, कार्यकारी सदस्य सीए हरेंद्र भारती, सीए अभिषेक केडिया, सीए उमेश कुमार समेत नेशनल कांफ्रेंस के संयोजक सीए विवेक शर्मा मौजूद रहे।

### बढ़ती महंगाई को नियंत्रित नहीं कर पा रही सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार बढ़ती महंगाई को नियंत्रित नहीं कर पा रही है। इस सरकार को आम जनता के दुख-दर्द से कोई मतलब नहीं है। यह सरकार सिर्फ चंद व्यापारियों के हित में काम कर रही है।कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि होलसेल मार्केट में हर तरह के सामान की कीमतें कम हो रही हैं। इसका लाभ देश की जनता को मिलना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। वल्लभ ने कहा कि सब्जी, आलू, ऑयल सीड की कीमत होलसेल मार्केट में 20.12 फीसदी, 18.7 फीसदी, 15.6 फीसदी कम हो रही है तो उसी ऑयल सीड से बना तेल आम लोगों को 3.15 फीसदी महंगा क्यों मिल रहा है? केन्द्र सरकार को इस मुद्दे पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब क्रूड पेट्रोलियम और एलपीजी के भाव होलसेल मार्केट में 27 फीसदी और 24.3 फीसदी गिरे तो लोगों के लिए बाजार में कीमत कम क्यों नहीं हो रही है?

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस

संदेश

वनों से मानव जीवन के लिये आवश्यक ऑक्सीजन, विभिन्न प्रकार की औषधियाँ, लकड़ी, फल, फूल, बीज, लाह, गोंद, पत्ते, जलावन इत्यादि सीधे रूप से प्राप्त होते हैं। अप्रत्यक्ष रूप से भी वन हमें अनेकों लाभ पहुँचाते हैं यथा यह मिट्टी, पानी आदि को बांधकर भू एवं जल संरक्षण कार्य करते हैं।

वनों पर मानव की बढ़ती निर्भरता तथा उनकी गुणवत्ता में शनैः शनैः ह्रास के कारण आज सम्पूर्ण विश्व बढ़ते मरुस्थलीकरण (Desertification) की समस्या का सामना कर रहा है। इस कारण हवा एवं जल का प्रदूषण हो रहा है। मरुस्थलीकरण बढ़ने से जहाँ एक तरफ पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहीं दूसरी तरफ भूमि की उर्वरता कम होने से खाद्यान्न के उत्पादन में कमी हो रही है। विशेषकर झारखण्ड राज्य में आज की यह परिस्थिति हमारे जीवन तथा अन्य जीव जन्तुओं के लिये खतरे का द्योतक है। जल एवं खाद्य पदार्थ जैसे आधारभूत तत्वों में कमी आने से हम मानव जीवन का अस्तित्व संकट में आ जायेगा। वन विभाग के द्वारा मरुस्थलीकरण को कम करने के लिये निरंतर विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं, किन्तु इसमें आम नागरिकों को विशेषकर ग्रामीण भाईयों बहनों को भी अधिक जागरुक होने की आवश्यकता है। अतः सम्पूर्ण विश्व के लोगों को जागरुक करने के लिये आज 17 जून को **"विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस"** मना रहा है।

आज "विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा निवारण दिवस" पर मेरी सभी राज्यवासियों से अपील है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएँ, वृक्ष बचाएँ, जल संचयन करें, वनों को आग से बचाएँ तथा मिट्टी में प्राकृतिक विधि से उपचार करें। इससे बढ़ते मरुस्थलीकरण पर अंकुश लगाया जा सकता है तथा मानव के अस्तित्व को बचाया जा सकता है।

**जोहार।**

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No.:- 300207 (Forest, Environment and climate changes) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार